फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 6, वर्ष 11, अंक 306, पृष्ठ 12, मूल्यः 5.00

प्रयागराज, शनिवार, 25 फरवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news





अन्दर : काले चश्मे, आंसुओं का सैलाब....रनआउट को लेकर छलका हरमनप्रीत कौर का दर्द

अंदर - बौद्धधर्मः मानवता का विशाल आंदोलन

# मीडिया रिपोर्टिंग पर रोक नहीं लगेगीः सुप्रीम कोर्ट

**अडानी-हिंडनबर्ग विवाद**

### कोर्ट बोला-हम इस मामले में मीडिया को कोई निषेधाज्ञा जारी नहीं करने जा रहे हैं, हम जल्द ही आदेश सुनाएंगे

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अडानी समूह पर 'हिंडनबर्ग' की रिपोर्ट से संबंधित समाचार प्रकाशित/प्रसारित करने पर मीडिया पर रोक लगाने संबंधी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ ने अधिवक्ता एम. एल. शर्मा की गुहार ठुकराते हुए कहा, हम इस मामले में मीडिया को कोई निषेधाज्ञा जारी नहीं करने जा रहे हैं। हम जल्द ही आदेश सुनाएंगे। याचिकाकर्ता अधिवक्ता शर्मा ने विशेष उल्लेख के दौरान पीठ के समक्ष कहा कि अमेरिकी शोध संस्था हिंडनबर्ग की अडानी समूह से संबंधित संबंधित खबरों के प्रकाशन पर तब तक रोक लगाई जाए, जब तक कि अदालत इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित करने का आदेश नहीं दे देती। उन्होंने अपनी दलील में कहा कि मीडिया ने भारतीय शेयर बाजार को प्रभावित करने वाली और निवेशकों में घबराहट पैदा करने वाली खबरें प्रकाशित/प्रसारित करना जारी रखा है। मीडिया इस मामले में सनसनी फैलाने वाली खबरें प्रकाशित/प्रसारित कर रहा है। पीठ ने उनकी इस दलील पर कहा कि उचित तर्क दें। चार याचिकाकर्ताओं में शामिल श्री शर्मा ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट के पीछे साजिश का आरोप लगाते हुए इस मामले में जनहित याचिका दायर की थी।





शीर्ष अदालत ने सुनवाई के बाद 17 फरवरी को कहा था कि वह हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जांच हेतु गठित की जाने वाली समिति के सदस्यों के लिए केंद्र द्वारा सुझाए गए विशेषज्ञों के नाम सीलबंद कवर में स्वीकार नहीं करेगी। शीर्ष अदालत के इस रुख के बाद अडानी समूह की कंपनी के शेयर की कीमतें गिर गईं और कथित तौर पर कई निवेशकों को भारी नुकसान हुआ।

## प्रयागराज में गोलियों की तड़तड़ाहत से दहशत



# राजू पाल हत्याकांड के गवाह को घर में घुसकर मारी गोली

## एक गनर की गई जान, दूसरे की हालत गंभीर, गाड़ी पर बम से भी किया हमला

**सरेआम अराजकता**

### धूमनगंज इलाके में हुई घटना ने बढ़ायी गैंगवार की आशंका

**प्रयागराज ।** चर्चित बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या कर दी गई है। शहर में शुक्रवार को हमलावरों ने उन्हें घर में घुसकर गोली मार दी। बदमाशों ने उनके उपर कई राउंड फायर किए और गाड़ी पर बम से भी हमला किया। गोलीबारी में उमेश पाल की सुरक्षा में लगे तैनात दो गनर भी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उमेश पाल और उनके गनर संदीप मिश्रा की मौत हो गई। वही दूसरे गनर राघवेंद्र सिंह का इलाज चल रहा है। उसकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल हमलावरों के बारे में पता नहीं चल पाया है।



राजू पाल हत्याकांड में गवाह बनते ही अतीक अहमद गिरोह उन्हें दुश्मन की नजर से देखने लगा था। कई बार हमले का प्रयास हुआ, लेकिन वे बच निकले थे। 28 फरवरी 2008 को उमेश का अपहरण कर लिया गया था। उन्हें मारपीट कर धमकी दी गयी थी कि गवाही देने पर जान से हाथ धोना पड़ेगा। इसके बाद इस मामले में अतीक, अशरफ समेत गिरोह के कई सदस्यों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गयी। इस मामले के बाद जब उमेश 11 जुलाई 2016 को कचहरी गवाही देने गये तो वहीं पर उनपर जानलेवा हमला किया गया। उमेश ने अतीक, अशरफ समेत गिरोह के तमाम लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। दोनों मामले कोर्ट में चल रहे थे। गुरुवार को उमेश पाल ने अतीक गिरोह के खिलाफ तीसरी एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके अलावा 2022 में जान से मारने की धमकी और एक अन्य मामले में एफ आई आर लिखाई गई थी।

### अतीक अहमद से 17 साल पुरानी थी दुश्मनी

बसपा के पूर्व विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल और पूर्व बाहुबली सांसद अतीक अहमद के बीच दुश्मनी करीब 17 साल पुरानी है। राजू पाल हत्याकांड में जब उमेश गवाह बने तो अतीक ने उनका अपहरण करा लिया था। उमेश अतीक गिरोह के खिलाफ अब तक पांच एफआईआर करा चुके हैं। 25 जनवरी 2005 को शहर पश्चिम के विधायक राजू पाल को सुलेम सराय इलाके में गोलियों से भून दिया गया था। उस समय राजू पाल के दोस्त और रिश्तेदार उमेश पाल पूरे मामले के गवाह बन गए थे।

### उमेश को हत्या में फंसाने कोशिश भी की गयी थी

पूर्व सांसदअतीक अहमद गिरोह ने उमेश पाल पर बीते दिनों न सिर्फ हमला कराया बल्कि धमकियां भी दीं। इसके अलावा 2016 में धूमनगंज में जीतेंद्र पटेल की हत्या के मुकदमे में नामजद भी करवा दिया। हालांकि जांच में उमेश को बरी कर दिया गया ।

### राजूपाल की पत्नी ने जतायी थी हत्या की आशंका

राजू पाल की हत्या के बाद कौशाम्बी की चायल सीट से सपा की विधायक व राजू पाल की पत्नी पूजा पाल ने कई बार आशंका जता चुकी थीं कि गवाही को प्रभावित करने के लिए उमेश पाल की हत्या हो सकती है।





# मेरठ में विस्फोट से कोल्ड स्टोरेज की दीवार ध्वस्त, सात की मौत

## 27 मजदूर मलबे में दबे, राहत कार्य में जुटे आला अफसर

**मेरठ।** मेरठ जनपद के दौराला में शुक्रवार को बड़ा हादसा हुआ तो जम्मू में कोहराम मच गया। बताया गया कि हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है। वहीं मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

दौराला में ओवरब्रिज के पास बसपा के पूर्व विधायक चंद्रवीर का कोल्ड स्टोर है। यहां शुक्रवार दोपहर के समय कोल्ड स्टोर में 27 मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान गैस का दबाव बना और धमाके के साथ बिल्डिंग जमींदोज हो गई। सूत्रों के मुताबिक, 7 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 50-60 मजदूर घायल हुए हैं। हालांकि अभी मरने वालों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया गया कि कुछ मजदूर मलबे में दबे तो कुछ रिसाव से बेहोश हुए हैं, जिनको मेरठ अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। बसपा के पूर्व विधायक चंद्रवीर सिंह का दौराला में शिव शक्ति के नाम से कोल्ड स्टोरेज है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार दोपहर 3:30 बजे कोल्ड स्टोर में बॉयलर फट गया। जिससे अमोनिया गैस का रिसाव पूरे कोल्ड स्टोर में हो गया। गैस रिसाव होने से कुछ मजदूर घायल हो गए। इसी बीच कोल्ड स्टोरेज की छत भी उड़ गई, जिसमें दर्जनों मजदूर मलबे में दब गए। वहीं घटना की जानकारी लगते ही आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड



की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। वहीं बेहोश हुए मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा हैं। इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है। बताया गया कि सभी मजदूर जम्मू-कश्मीर के थे और ये कल ही काम पर आए थे। फिलहाल पुलिस प्रशासन की टीमें राहत बचाव कार्य में लगी हैं। टीमों का कहना है कि मजदूरों को चिह्नित करने का काम बाद में किया जाएगा। घटना की जानकारी लगने पर डीएम, एसएसपी, एडीएम सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम, सीएमओ और एसपी सिटी मौके पर पहुंचे। वहीं कमिश्नर भी मौके पर पहुंच गए हैं। इनके अलावा केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान, पूर्व विधायक संगीत सोम भी मौके पर पहुंचे।

### एक के बाद एक जाती रहीं एंबुलेंस

हादसे के बाद मौके पर दर्जनों एंबुलेंस और आला अधिकारी पहुंच गए हैं। एक के बाद एक लगभग 11 एंबुलेंस मलबे में दबे मजदूरों को लेकर मेरठ पहुंच गई। बचाव कार्य जारी है। वहीं अधिकारियों के निर्देश पर 2-3 जेसीबी मौके पर बुलाई गई है, जो मलबे को हटाकर दबे हुए मजदूरों को बाहर निकालने में लगी है। वहीं इस मामले में सीएम योगी ने अधिकारियों को राहत कार्य तेज करने के निर्देष दिए हैं।

# अब नेहा राठौर के पति से मांगा गया इस्तीफा

**बढ़ी मुश्किलें**

### दृष्टि आईएएस कोचिंग में थे सेवारत



**नई दिल्ली।** चर्चित गाना यूपी में का बा गाने वाली सिंगर नेहा सिंह की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश पुलिस ने लोक गायिका नेहा सिंह को नोटिस थमाया था। उनपर अपने नये गाने के जरिए तनाव और अशांति फैलाने का आरोप लगा था। अब उनके पति हिमांशु सिंह को नौकरी से इस्तीफा देने के लिए कहा गया है। हिमांशु सिंह आईएस परीक्षा की तैयारी के लिए मशहूर दृष्टि आईएएस कोचिंग इंस्टिच्यूट में जॉब करते हैं। हिमांशु ने खुद इस बात की पुष्टि की है। दिल्ली के मुखर्जी नगर स्थित अपने आवास पर मौजूद हिमांशु सिंह ने कहा कि पहले से ही कुछ बातें हो रही हैं लेकिन अब नेहा के साथ हुई घटना के बाद मुझे दृष्टि आईएएस से इस्तीफा देने के लिए कहा गया है। यह संयोग नहीं - हिमांशु सिंह अपने हाथ में कलम दिखाते हुए हिमांशु सिंह ने कहा, 'मैं अपना इस्तीफा लिख रहा हूं।' उन्होंने कहा कि यह कोई संयोग नहीं है कि पुलिस ने उनकी पत्नी को नोटिस भेजा और फिर कुछ ही दिनों बाद उन्हें इस्तीफा देने के लिए कह दिया गया। हिमांशु सिंह इस कंपनी की सोशल मीडिया टीम से जुड़े थे। हालांकि, अभी दृष्टि आईएएस की तरफ से इसपर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। नेहा ने गाने में पूछे थे तीखे सवाल नेहा सिंह राठौड़ ने हाल ही में यूपी में का बा पार्टी 2 गाया था। इस गाने को उन्होंने 16 फरवरी को सोशल मीडिया पर शेयर किया था। गाने के इस वीडियो में उन्होंने यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार से व्यंग्यात्मक अंदाज में तीखा सवाल पूछा था। कानपुर देहात में महिला और उसकी बेटी की हाल में हुई मौत को लेकर यह सवाल पूछा गया है।





### टेकऑफ के दौरान प्लेन का पिछला हिस्सा रनवे से टकराया, इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** तिरुअनंतपुरम एयरपोर्ट पर शुक्रवार को एक विमान की लैंडिंग के लिए फुल इमरजेंसी लगा दी गई। कालीकट से सऊदी अरब जा रही एयरइंडिया की फ्लाइट में हाईड्रोलिक फेल्योर की आशंका थी। इसके बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आइएक्स 385 को तिरुअनंतपुरम की ओर डायवर्ट कर दिया गया। इसमें 168 यात्री सवार थे। सूत्रों ने बताया कि कालीकट से टेकऑफ के वक्त विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकरा गया था। लैंडिंग से पहले ऐहतियातन अरब सागर में विमान का एक्स्ट्रा फ्यूल गिरा दिया गया था।

## जेलों में स्मार्ट वॉच व स्मार्ट बैंड पहनकर जाने पर रोक

**लखनऊ।** चित्रकूट जेल की घटना को देखते हुए जेल प्रशासन और सख्त हो गया है। इसको देखते हुए डीजी जेल आनंद कुमार ने यूपी की सभी जेलों में स्मार्ट वॉच और स्मार्ट बैंक पहनकर जेल के अंदर जाने पर रोक लगा दी है। शुक्रवार को जारी डीजी जेल के आदेश के अनुसार जेल का कोई भी कर्मचारी इसको पहनकर जेल के अंदर नहीं जा पाएगा। मोबाइल की तरह इनका इस्तेमाल होने की आशंका के मद्देनजर जेल प्रशासन ने यह कदम उठाया है। बतादें कि पिछले दिनों चित्रकूट जेल के अंदर एक कमरे में निखत बानो को पति अब्बास अंसारी के साथ पकड़ा गया था। इसके बाद जेल प्रशासन हरकत में आया और इस घटना में संलिप्त कई अधिकारियों और कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया।



# नगालैंड में विपक्ष पर गरजे मोदी

## कहा, कुछ लोग कहते हैं-मोदी तेरी कब्र खुदेगी, देश कह रहा-मोदी तेरा कमल खिलेगा

**शिलांग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नगालैंड और मेघालय में तीन चुनावी सभाओं में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने मेघालय के शिलॉन्ग में कहा कि कुछ लोग जिनको देश ने नकार दिया है, जो निराशा के गर्त में डूब चुके हैं, वो आजकल माला जपते हैं और कह रहे हैं कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी, लेकिन देश कह रहा है, देश का कोना कोना कह रहा है, मोदी तेरा कमल खिलेगा। पीएम ने कहा- आज जिस प्रकार से शानदार और जानदार रोड शो आपने किया है, आपका यह प्यार, आपका यह आशीर्वाद, मैं आपके इस कर्ज को जरूर चुकाऊंगा। आपके इस प्यार और आशीर्वाद का कर्ज मैं मेघालय का विकास कर चुकाऊंगा, आपके कल्याण के काम को गति देकर चुकाऊंगा। आपके इस प्यार को मैं बेकार नहीं जाने दूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा- जब मैं मेघालय के बारे में सोचता हूं तो मैं प्रतिभाशाली लोगों, जीवंत परंपराओं के बारे में सोचता हूं, अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य के बारे में भी सोचता हूं। मेघालय का संगीत जीवंत है। फुटबॉल के लिए जुनून है। मेघालय के हर कोने में रचनात्मकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मेघालय की पारंपरिक गारो टोपी पहनाई गई। उन्होंने कहा- मेघालय ने तय किया है कि दिल्ली और शिलॉन्ग दोनों जगह भाजपा की सरकार होनी चाहिए।

# डिप्टी सीएम की टिप्पणी पर सदन में सपा का हंगामा

## उखड़े सपाई, समाजवादी विधायक आये वेल में, बसपा ने जातीय जनगणना का किया समर्थन

**लखनऊ।** विधानसभा में पूर्व मंत्री शिवपाल यादव के स्वास्थ्य सेवा संबंधी सवाल का जवाब देते हुए ब्रजेश पाठक ने कह दिया कि ये नकली सपाई हैं। ढोंगी हैं। इनकी सरकार में स्वास्थ्य घोटाला हुआ था। इस पर सपा विधायक उखड़ गए और जमकर हंगामा किया। रालोद विधायकों ने भी उनका साथ दिया और वेल में आकर नारेबाजी करते हुए पुरजोर तरीक से अपना विरोध दर्ज कराया। शुक्रवार को सदन में नियम 56 के तहत बोलते हुए शिवपाल यादव ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। न चिकित्सक हैं, न स्टॉफ हैं और न ही दवाइयां। जिला अस्पतालों के गेट पर दलाल बैठे रहते हैं। एक्सरे तक कराने में वसूली हो रही है। लोग बीमारियों से मर रहे हैं। कोरोना काल में खरीदे गए वेंटीलेटर ठप पड़े हैं। दरबार लगाने वाले छापामंत्री की अधिकारी सुनते ही नहीं हैं। यदि



स्वास्थ्य मंत्री समय से बजट का उपयोग कर लेते तो छापे मारने की नौबत ही न आती। सही मायने में स्वास्थ्य विभाग खुद ही वेंटीलेटर पर है। फिर तंज कसा कि हम तो समाजवादी होते हुए भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सभाओं में उनका भाषण सुनने जाते थे। कम से कम भाजपाई उनके ही सिद्धांतों पर चलना सीख लेते। ये व्यवस्थाएं आखिर कब सुधरेंगी। इसके जवाब में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा सरकार में स्वास्थ्य विभाग में भारी घोटाला हुआ था। हाल यह था कि आधा पैसे लेकर चिकित्सकों की ड्यूटी माफ कर दी जाती थी।

### 'गमछा-तिलक पर कमेंट नहीं किया, आपको टोपी के बारे में जानना चाहिए': शिवपाल

ब्रजेश पाठक के बयान पर शिवपाल यादव ने कहा- भाजपा वाले गमछा, टोपी-तिलक लगाते हैं, हमने कभी कमेंट नही किया। आपको हमारी टोपी के बारे में जानना चाहिए। समाजवाद की पहचान है। उन्होंने कहा- जिला अस्पताल के गेट पर दलाल बैठे हैं, छापा मंत्रीजी ने छापे बहुत मारे, बजट आधा भी खर्च कर लिया होता तो बहुत बदल जाता। शिवपाल ने आगे कहा कि सरकार के विज्ञापनों में लगता है कि स्वास्थ्य महकमा बिल्कुल चमक गया। लेकिन, असलियत है कि स्वास्थ्य विभाग वेंटिलेटर पर है। एक्स-रे के नाम पर समय दिया जाता है। वसूली होती है। हमारे ब्लॉक में सीएचसी बनी है। 6 साल हो चुके बने। अभी तक वहां स्टॉफ नर्स, डॉक्टर, वार्डब्यॉय की नियुक्ति नहीं हुई है। कई बार हमने चिट्ठी लिखी...माननीय मंत्री छापा बहुत मारते है, दरबार भी लगा लेते हैं। अफसरों को भी बुला लेते हैं, लेकिन इसका कोई असर दिखाई नहीं पड़ता है।

### ...पिछड़े पाएं सौ में साठ

शिवपाल यादव बोले रहे थे कि हम तो समाजवादी हैं लोहिया का अनुसरण करते हैं। इतने में सामने से संसदीय कार्य सुरेश खन्ना खड़े होकर बोल उठे, लोहिया जातियों को तोड़ने का काम नहीं करते थे। जातियां जोड़ते थे। उन्होंने कहा था जाति तोड़ो। इस पर शिवपाल ने जवाब दिया, लोहिया ने यह भी कहा था कि पिछड़ें पाएं सौ में साठ। हम ये लड़ाई जोरशोर से लड़ते रहेंगे। यह ध्यान रखा जाए। समाजवादी पार्टी के बाद बहुजन समाज पार्टी ने भी जातीय जनगणना कराने का समर्थन किया है। बसपा विधायक दल के नेता उमाशंकर सिंह ने शुक्रवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर संशोधन प्रस्ताव पर बात रखते हुए कहा कि बसपा जातीय जनगणना कराने का समर्थन करती है। लेकिन जातीय जनगणना पूरे देश में एक साथ होनी चाहिए।

# यूपी में कैंसिल होंगे भारी संख्या में राशन कार्ड?

**हड़कंप**

### विधानसभा स्पीकर ने सरकार को दिया जांच का निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शुक्रवार को राज्य सरकार को जांच के बाद अपात्रों को जारी राशन कार्ड रद्द करने का निर्देश दिया। प्रश्नकाल के दौरान अयोध्या के गोसाईगंज निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक अभय सिंह ने यह मामला उठाया था। विधायक अभय सिंह के यह कहने के बाद कि वह मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी द्वारा दिए गए जवाब से संतुष्ट नहीं हैं, इसके बाद स्पीकर ने निर्देश जारी किया।

सपा विधायक ने पूछा कि क्या सरकार को खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा राज्य में नए राशन कार्ड जारी करने में देरी के बारे में पता था? विधायक अभय सिंह ने सरकार से यह भी जानना चाहा कि 2018 से 22 दिसंबर 2022 तक अयोध्या जिले में कितने नए राशन कार्ड जारी किए गए हैं और कितने आवेदन लंबित हैं। सदस्यों के प्रश्नों का मुख्यमंत्री की ओर से लिखित जवाब आया। बताया गया कि एक अप्रैल 2018 से दिसंबर 2022 के बीच प्राप्त आवेदनों के विरूद्ध राज्य में कुल 1,33,03,625 राशन कार्ड जारी किये जा चुके हैं।


संक्षेप

### प्रबंधक के निधन पर जताया शोक, व्यक्त की संवेदना

**करछना।** श्रीमती इन्दिरा गांधी विद्यालय जगौती करछना में एक शोक सभा विद्यालय के प्रबंधक डा दिनेश कुमार सोनी की अध्यक्षता में हुई विद्यालय में उपस्थित प्रधानाचार्य वह अध्यापकों ने पीड़ी महाविद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार शुक्ला जी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया विद्यालय के प्रबंधक डा दिनेश कुमार सोनी ने कहा कि अशोक कुमार शुक्ला जी के निधन से क्षेत्र की अपूर्णीय क्षति हुई है शिक्षा जगत ने अपना एक मजबूत स्तंभ खो दिया डा सोनी ने कहा कि श्री शुक्ला जी मृदु भाषी सरल हृदय जन जन के प्रिय थे श्री शुक्ला जी अपनी तरफ से किसी को भी निराश व उदास नहीं देखना चाहते थे हम सब इश्वर से प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर मृत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें परिवार जनों को इस अपार दुःख की घड़ी में साहस व शक्ति दे शोक व्यक्त करने वालों में अरुण कुमार मिश्र, राम मणि द्विवेदी, आनन्द कुमार पटवा, आशीष कुमार मिश्र, एंडो पवनेश कुमार, सोनी, रंजना विश्व कर्मा, सीखा पाण्डेय, खुशबू मौर्य, रिया मिश्र आदि रहे।

# चाट के पैसे न देने पर हुई जमकर मारपीट, दो गंभीर, एक की मौत

**थरवई।** शुक्रवार शाम करीब चार बजे पड़िला महादेव जी में आये हुए निशान में कुछ युवकों द्वारा चाट के पैसे न देने पर हुआ विवाद जिसमें तीन लोगों को गंभीर चोटें आयीं। तभी इसकी सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची डायल 112 व थरवई थाने की पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार, उपनिरीक्षक सोहराब अहमद सहित पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। जिसमें तत्परता दिखाते हुए घायलों को इलाज के लिए भेज दिया गया व तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने ले जाया गया जो गहनता के साथ पूछताछ की जा रही। गंभीर चोट लगने के कारण इलाज के दौरान 24 वर्षीय युवक मंजय कुमार पुत्र प्रेम नाथ की मृत्यु हो गई। जो थाना मऊआइमा के खानपुर के रहने वाला था। बताया जा रहा है कि



निशान आने के दौरान कई युवक नशे में धुत थे चाट की दुकान पहुंचे और चाट के पैसे न देने को लेकर कहासुनी करते हुए दोनों पक्षों में झड़प हो गई जिसमें तीन को गंभीर चोटें आयी व इलाज के दौरान एक कि मृत्यु भी हो गई। सूचना मिलते ही कुछ ही समय में घटनास्थल पर पहुंचे एसीपी थरवई जंग बहादुर यादव मौके पर पहुँचकर मामले को गंभीरता से लेते हुए पूछताछ किया गया व जाँच पड़ताल में जुटे रहे।

### समस्या की जड़ डीजे

पड़िला महादेव जी में निशान के साथ डीजे भी आते हैं जिसमे नशेड़ी किस्म के युवा शामिल होते हैं डीजे में कमप्टीशन व फूहड़ गाने आदि बस्ती में बजाते हैं जिससे स्थानिय लोगो को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । कई बार शिकायत के बाद भी डीजे प्रतिबन्ध नही किया गया है। खबर लिखे जाने तक तहरीर नहीं दी गई थी।



शव मिलने के बाद जुटी लोगों की भीड़

## सड़क के किनारे झाड़ियों में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका, मिले चोट के निशान

**बारा।** यमुनानगर के बारा थाना क्षेत्र में एक युवक का शव नेशनल हाइवे के किनारे झाड़ियों में पाया गया है। जिस स्थान पर शव मिला है, उससे महज 100 मीटर के फासले पर ही एक पेट्रोल पंप है।शुक्रवार की सुबह उधर से गुजरने वाले लोगों की नजर शव पर पड़ी तो मामले की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची मुकामी पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। बताया जाता है कि शव अर्धनग्न अवस्था में मिला है। शरीर के कई स्थानों पर चोट के निशान हैं। फिलहाल, काफी प्रयास के बाद शव की पहचान नहीं हो पाई है। शव को अज्ञात में चीरघर भेजकर पहचान की कोशिश की जा रही है। बारा थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 30 पर स्थित गौहानी पेट्रोल पंप के नजदीक झाड़ियों में शव मिलने की जानकारी होते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मुकामी पुलिस आ गई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने पहचान करने और कराने की कोशिश की, पर उसके बारे में कोई भी जानकारी नहीं मिल सकी है। इस मामले में स्थानीय चौकी इंचार्ज अजय सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा झाड़ियों में शव मिलने की सूचना मिली थी। मौका मुआयना किया गया, लेकिन शव की पहचान नहीं हो पाई है। शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। पोस्टमार्टम के लिए शव को चीरघर भेजा गया है। शिनाख्त के लिए आसपास के थानों में और सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। शव मिलने को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं भी होती रहीं।

# किसान खेतों में झोपड़ी डाल कर रहे फसल की रखवाली



**लालापुर।** लालापुर क्षेत्र के किसानों की सबसे बड़ी समस्या खेती ताकने को लेकर है। सायद इस समय घण्टे दो घण्टे सो पाए,घर पर सोना तो बहुत दूर की बात है खेत पर सोना मुश्किल है। चूरी, गोइसार, बेलामुण्डी, बसहरा, गोइसरा, गोबरा, इछौरा, मझियारी, महेरा, बसहरा आदि दर्जनों गांव के किसानो को अपने खेत मे झोपड़ी बनाकर रात दिन फसल की रखवाली करनी पड़ रही है।चाहे बरसात हो या कड़ाके की ठंढ पड़ रही हो किसान चौकसी करने में तनिक भी कोर कसर नही छोड़ते है फिर भी तनिक भी पलक झपक गई तो पूरी फसल आवारा पशु चर कर बर्बाद कर देंगे।

किसान भंडारी, सुरेश, कल्लू, रामबाबू, शिवमूरत, धर्मपाल, आदि किसानों का कहना है पूरी रात हम लोग इसी झोपड़ी में बैठकर रात दिन फसल की रखवाली करते है।

# भानेमऊ के ग्राम सचिवालय पर लगा रहता है ताला



ग्राम सचिवालय में लगा ताला

**बहरिया।** बहरिया वि0ख0 के भानेमऊ ग्रामसभा में बने लाखो रुपये की लागत से ग्राम सचिवालय में अक्सर लटकता रहता है ताला। सरकार ने ग्रामिणों के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये हर ग्राम पंचायत में सचिवालय का निर्माण कराया गया है। जिससे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे मे जानकारी एवं लाभ मिल सके। ग्रामिणों को कोई असुविधा न हो इसलिये हर सचिवालय में एक पंचायत सहायिका की नियुक्ति किया गया है । पर ग्रामिणों ने बताया की ग्राम सचिवालय में आये दिन ताला लटकता रहता है। जिससे हम लोगों को किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नही हो पाती है। और हम लोग सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का भी लाभ नही उठा पाते है। इस मामले में ग्राम प्रधान सोनू से बात किया गया तो प्रधान ने बताया कि ग्राम सचिवालय में नियुक्ति पंचायत सहायिका माहेनूर हुसेन सचिवालय में ताला लगाकर अक्सर गायब रहती हैं। जिसकी हमने लिखित शिकायत ब्लाक बहरिया में दें रखी है।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल, हालत गंभीर

**उरुवा।** सामने से आ रही पिकअप से टकराकर बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया। जिसे घटनास्थल पर मौजूद रहे लोगों ने आनन-फानन में इलाज के लिए सीएचसी रामनगर पहुंचाया। जहां पर इलाज के दौरान घायल बाइक सवार की हालत बिगड़ती देख अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मेजा थाना क्षेत्र के उंचडीह बाजार निवासी बब्बूलाल केसरी का 25 वर्षीय बेटा सोनू केसरी की सिकटी गांव में किराना की दुकान है। शुक्रवार की शाम सोनू केसरी बाइक पर सवार होकर अपने घर से दुकान पर जा रहा था,जैसे ही वह रामनगर के जटा की मोरी पर पहुंचा सामने से आ रहे पिकअप से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सोनू केसरी से छिटककर सड़क पर गिर पड़ा। जिसे घटनास्थल पर मौजूद रहे लोगों ने आनन-फानन में इलाज के लिए वाहन पर लादकर सीएचसी रामनगर पहुंचाया।

# प्रतापगढ़-प्रयागराज के अधिवक्ताओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाने में दिया शिकायतीपत्र

**कार्यवाही की मांग**

**मऊआइमा इंस्पेक्टर ने शिकायतीपत्र लेकर निष्पक्ष जांच का दिए आश्वासन**

**कार्यवाही न होने पर पुलिस कमिश्नर के आवास पर देंगें धरना**

**मऊआइमा।** मऊआइमा के ग्राम छाता में जिले से आयी जांच के दौरान दो पक्षों में गली गलौज मार पीट हुई थी। जिसमें एक पक्ष ने पहले मुकदमा दर्ज कराया जबकि प्रधान पक्ष का मुकदमा अधिकारियों के आदेश पर लिखा गया था। क्रास मुकदमा दर्ज होने से भाजपा कार्यकताओं एंव प्रतापगढ, प्रयागराज के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को मऊआइमा इंस्पेक्टर को शिकायतीपत्र दिए। इंस्पेक्टर ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता में बीस फरवरी को प्रधान पर मनरेगा में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था। जिसकी जांच करने जिले से टीम आयी थी। इसी दरम्यान प्रधान पक्ष



मऊआइमा थाने में शिकायती पत्र देने पहुंचे अधिवक्ता व बीजेपी कार्यकर्ता

और विपक्षी के बीच गाली गलौच मार पीट हुई थी। जिसमें एक पक्ष के भाजपा कार्यकर्ता एंव प्रयागराज के अधिवक्ता सुधाकर मिश्रा के भाई दिवाकर मिश्रा ने प्रधान पुत्र सहित नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। जबकि प्रधान पुत्र धर्मेन्द्र ने अधिकारियों के आदेश पर दिवाकर मिश्रा के प्रतापगढ़ के अधिवक्ता भांजे शुभम तिवारी सहित नौ लोगों के खिलाफ क्रास मुकदमा दर्ज करा दिया था। बताया गया है कि इसी बात को लेकर नाराज भाजपा कार्यकताओं और अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को मऊआइमा थाने में शिकायतीपत्र देकर दो दरोगाओं को हटाने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए दर्ज फर्जी मुकदमों को खत्म करने की बात रखी। जिसपर इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिए।। तथा शिकायती पत्र में तीन दिनों के भीतर कार्यवाही न होने पर कमीश्नर के आवास पर धरना देंगें। बता दें कि शिकायतीपत्र देने के पूर्व थाना परिसर में दरी बिछाने की कोशिश को पुलिसकर्मियों ने नाकाम कर दिया तो इंस्पेक्टर को शिकायती पत्र दिए। इस अवसर पर दिवाकर मिश्रा, अधिवक्ताओं में सुधाकर मिश्रा, शुभम तिवारी, विजय पांडेय, गौरव तिवारी, संतोष दुबे, अनिल पासी, राहुल पांडेय, आदित्य पांडेय, नितिन पांडेय, राजेश शुक्ला, निमिष खत्री, दीपक मिश्रा, राहुल सिंह रवि जायसवाल, सुरेंद्र बहादुर आदि बडी संख्या में अधिवक्ता एंव कार्यकर्ता मौजूद थे।

इस बाबत इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि घटना वाले दिन वह अवकाश पर थे। शुक्रवार को मिले शिकायती पत्र की निष्पक्ष जांच कि जाएगी। जहां तक प्रधान पुत्र के मुकदमे लिखने का सवाल है वह अधिकारियों के संज्ञान में है। फिर भी निष्पक्ष जांच की जाएगी।

## घर के अन्दर खड़ी बाइक में लगी आग



**बहरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मैलहा गांव के अजय कुमार वैष्य पुत्र रामराज अपने घर में मोटर साइकिल खड़ी कर रखी थी। इस समय अजय कुमार कमाने के लिये बाम्बे गया हुआ है। शुक्रवार दोपहर घर के अन्दर खड़ी गाड़ी में अचानक आग लग गई जिससे धुंवा उठता देख परिजनो ने षोर मचाया। शोर सुनकर आस पास के लोग पहुंच कर आग को बुझाया। जिससे बड़ी अन होनी होने से भी बचा गया।

# जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल ने बड़े धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**करछना।** जीवन ज्योति के प्रांगण में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसका प्रारंभ स्कूल के निदेशक डॉ आर पी पाण्डेय व श्रीमती कुसुम पाण्डेय जी द्वारा सरस्वती पूजन व दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

इस वार्षिकोत्सव में करछना ब्लॉक के सभी गांवों के प्रधान सहित ब्लॉक प्रमुख करछना उपस्थित हो कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया तथा अपना आशीर्वाद प्रदान किया। पैरा मेडिकल की प्राचार्या व स्टाफ ने भी कार्यक्रम में उपस्थित हो कर समारोह की शोभा बढ़ाई। इस समारोह में छात्रों द्वारा मातृ पितृ वन्दन, शिव ताण्डव नृत्य, महिषासुर मर्दनी नृत्य, डांडिया नृत्य तथा अन्य नृत्यों के माध्यम से सनातनी सभ्यता को जीवित रखने का जीवन्त उदाहरण प्रस्तुत किया गया। साथ ही डॉ. पाण्डेय द्वारा खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, रेस, क्रिकेट खेलों में विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। इन खेलों में ओवर आल चैंपियन रेड हाउस रहा। बेस्ट प्लेयर हर्ष तिवारी व बेस्ट डिसिप्लिन प्लेयर का अवॉर्ड शिवांश त्रिपाठी को प्रदान किया गया। इस आयोजन पर वूमेन वेलफेयर चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा श्रीमती कुसुम पाण्डेय जी , विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अंकिता मिश्रा एवं विद्यालय के संरक्षक डॉ. के के शुक्ला, अभिभावकगण एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण

कार्यक्रम का समापन डॉ पाण्डेय द्वारा उचित मार्ग दर्शन तथा आशीर्वाद प्रदान करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।



चौपाल लगाकर बैठे ब्लॉककर्मी और ग्रामप्रधान

## उरुवा के चोरबना और बगहा में लगी जन चौपाल

**उरुवा।** विकास खंड क्षेत्र उरुवा के चोरबना और बगहा गांव में शुक्रवार को जनता चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें एडीओ पंचायत और एडीओ एसटी सहित गांव के अनेक जनप्रतिनिधियों को जनता चौपाल में शिरकत की। शुक्रवार को उरुवा ब्लॉक के बगहा में एडीओ पंचायत सुदामाराम गावड़े की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल लगाया गया। जिसमें पेंसन,आवास एवं सामुदायिक शौचालय के केयर टेकर की शिकायत आयी,जिसे एडीओ पंचायत ने निस्तारित करने का आश्वासन दिया। वहीं उरुवा के चोरबना गांव में एडीओ एसटी बृजेश कुमार की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें शौचालय और बिजली पोल हटवाने की शिकायत आयी,जिसे एडीओ एसटी ने ब्लॉक कर्मचारियों की मदद से आवश्यक जांच के बाद निस्तारित करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर दोनों गांव के ग्राम प्रधान सुमन सिंह व मानिकचंद मिश्र तथा सचिव सुजीत कुमार व भानु प्रताप, रोजगार सेवक अनीश मिश्र, सितम सिंह सहित ब्लॉककर्मी और दोनों गांव के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## बैंक के बाहर खड़ी बाइक चोरों ने किया पार

**मेजा।** शातिर चोरों ने बैंक के बाहर खड़ी बाइक पर हाथ फेर दिया भुक्तभोगी जब बाहर निकला तो मौके से बाइक गायब रही। गौरतलब हो कि मेजा थाना क्षेत्र के बगहा गांव निवासी हरिश्चंद्र पटेल मेजारोड बाजार स्थित बैंक आफ बड़ौदा की शाखा में शुक्रवार को किसी काम से आए हुए थे वह अपनी बाइक पैशन प्रो बैंक के बाहर खड़ी कर अंदर चले गए लेकिन जब वह बाहर निकले तो मौके से उनकी बाइक गायब रही भूख तो होगी नहीं काफी खोजबीन किया लेकिन बाइक का कुछ पता नहीं चल थकहार कर भुक्तभोगी मेजा रोड चौकी पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है।

आवश्यकता है

**शिव लॉ कालेज करनाईपुर, बहरिया, प्रयागराज** में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अन्तर्गत त्रिवर्षीय एल.एल.बी. पाठ्यक्रम के प्राचार्य एक पद एवं सह आचार्य विधि संकाय के छः पद की आवश्यकता है। शैक्षिक योग्यता यू.जी.सी./ विश्वविद्यालय के मानकानुसार। वेतनमान राज्य सरकार एवं यू.जी.सी. के मानकानुसार देय होगा। **नोटः** इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त अंकपत्रों/प्रमाण पत्रों के साथ महाविद्यालय के पते पर विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 7 दिन के अन्दर आवेदन करें। साक्षात्कार हेतु सूचना ई-मेल/दूरभाष के माध्यम से दिया जायेगा।

प्रबंधक-मो0: 9936234744

## विकासखंड में पीएम आवास के पात्र 532 लाभार्थियों में से 436 लाभार्थियों के खाते में पहुंची पहली किस्त

**प्रयागराज।** विकासखंड के 45 ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जांच पड़ताल के पश्चात पात्र 532 लाभार्थियों में से 436 लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त जारी कर दी गई। गरीबों को छत मिलने से महिला मुखिया सहित परिवार के सभी लोग गदगद हैं। खंड विकास अधिकारी संजीव रत्न ने बताया कि जांच के उपरांत विकासखंड के सभी गांव में से 532 पात्र लाभार्थी पाए गए जिनमें से 436 लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त भेजी जा चुकी है। शेष बचे लाभार्थियों के खाते में जैसे ही पैसा आएगा भेज दिया जाएगा। देवनहरी गांव निवासी विश्वनाथ गुप्ता,मीरा देवी ,गुड्डी देवी वर्षों से छत विहीन घर में रह रहे थे।जिसके चलते उन्हें तथा उनके परिजनों को बरसात से लेकर ठंडी गर्मी में भीषण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। सरकार द्वारा आवास मिल जाने से अब उन्हें छत मिल गई है। जिससे स्वयं तथा उनके परिवार के लोग खुशी व्यक्त करते हुए सरकार का आभार जताया।

## ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन

**प्रयागराज।** विकासखंड के प्रतापपुर गांव में ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। गांव की राजकुमारी, लालती, नीतू देवी, गुड़िया देवी, रेणु देवी,अनीता देवी ने राशन कार्ड की मांग तथा इंटरलॉकिंग संपर्क मार्ग, नाली निर्माण के साथ गर्मी में पेयजल संकट से निजात पाने के लिए हैंडपंप रिबोर कराने के आवेदन दिए। जिस पर खंड विकास अधिकारी संजीव रत्न ने निस्तारण का आश्वासन दिया। सोनू कुमार, संदीप कुमार, मुकेश, कांति, उमा देवी आदि ने भी आवास के लिए आवेदन पत्र दिए। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों ने शौचालय सहित अन्य कई विकास से संबंधित कार्य के लिए आवेदन पत्र अधिकारियों को सौंपा जिस पर अधिकारियों ने समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर एडीओ आईएसबी विजय कुमार गौतम, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू, ग्राम प्रधान सविता देवी, ग्राम पंचायत अधिकारी मयंक मौलिक सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भागवत कथा में पहुँची नीलम करवरिया कथा व्यास का लिया आशीर्वाद

**मेजा।** क्षेत्र के कुअँर पट्टी, जेवनियाँ में पूर्व प्रधान दिनकर मिश्र के आवास पर 17 फरवरी से चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में सातवें दिन गुरुवार को पूर्व विधायक श्रीमती नीलम करवरिया कथा में पहुंचकर कथा श्रवण करते हुए कथा व्यास का आशीर्वाद प्राप्त किया ।

कथा के शुभारंभ होने के पूर्व मुख्य यजमान पंडित राम मिलन मिश्र व पंडित मुन्नीलाल मिश्र सहित सह यजमान ने कथा पीठ की आरती पूजन किया। कथा व्यास रास्ट्रपति द्वारा सम्मानित डॉक्टर ओमशंकर मिश्र (पीएचडी) ने गुरुवार अंतिम दिन कृष्ण सुदामा चरित्र पर कथा सुनाते लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया ।

इस मुख्य रूप से आयोजकगण कौशल कुमार मिश्र,दिवाकर मिश्र, सुधाकर मिश्र, डॉ रत्नाकर मिश्र और मधुकर मिश्र रहे।



कुअँर पट्टी में नीलम करवरिया को आशीर्वाद देते कथा व्यास

नीलम करवरिया के साथ में मुंदर मिश्रा पूर्व प्रधान नीबी, टुनटुन तिवारी पूर्व प्रधान अछोला, पुष्कर तिवारी, धीरज दुबे, जितेन्द्र शुक्ला, लक्ष्मी शुक्ला, कैलाश नाथ शुक्ला सहित बहुत गणमान्य लोग उपस्थित रहे। दिनकर मिश्र ने क्षेत्र के लोगों का आभार व्यक्त किया ।

आवश्यकता है

बृजराज सिंह डिग्री कालेज
पुलमा, अलेपुर, सैदाबाद, प्रयागराज
बी.एस.सी. (एग्रीकल्चर)
पाठ्यक्रम हेतु
विभागाध्यक्ष (01) पद, सहायक आचार्य (12) पद, योग्यता एवं वेतनमान यू.जी.सी. + आई. सी. ए. आर./वी.आर.एस.यू. के मानकानुसार इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन के 7 दिन के अन्दर महाविद्यालय में आवेदन जमा करें।
प्रबन्धक
बृजराज सिंह पी.जी. कालेज
पुलमा, अलेपुर, सैदाबाद, प्रयागराज
Mob.: 9889056889
Email: brsdcollege87@gmail.com

बृजराज सिंह लॉ कालेज
पुलमा, अलेपुर, सैदाबाद, प्रयागराज
सम्बद्ध
प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज
प्राचार्य (01) पद, सहायक आचार्य (09) पद, योग्यता L.L.M., NET, Ph.D.
वेतनमान - यू.जी.सी. मानकानुसार
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन के 10 दिवस के अन्दर महाविद्यालय में आवेदन जमा करें।
प्रबन्धक
विजय सिंह
Mob.: 9889056889
Email: brijrajsinghlaw college@gmail.com

होली पर विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होली पर्व के अवसर पर विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

गाड़ी संख्या 09817/09818 कोटा-दानापुर होली विशेष रेलगाड़ी का संचालन

गाड़ी संख्या 09817 कोटा से- दिनांक 04.03.2023 व 10.03.2023 को
गाड़ी संख्या 09818 दानापुर से- दिनांक 05.03.2023 व 11.03.2023 को
गाड़ी संरचना एसएलआरडी-01, एसएलआर-01, सामान्य श्रेणी-04, स्लीपर श्रेणी-07, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-05, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01

| गाड़ी संख्या 09817 कोटा-दानापुर | | स्टेशन | गाड़ी संख्या 09818 दानापुर-कोटा | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:50 | कोटा | 09:00 | --- |
| 00:10 | 00:12 | मानिकपुर | 19:53 | 19:55 |
| 00:53 | 00:55 | शंकरगढ़ | 18:13 | 18:15 |
| 01:50 | 01:55 | प्रयागराज छिवकी | 17:40 | 17:45 |
| 03.10 | 03.12 | मिर्जापुर | 16:18 | 16:20 |
| 08:45 | --- | दानापुर | --- | 11.30 |

गाड़ी संख्या 01043/01044 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-समस्तीपुर विशेष सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ी का संचालन

गाड़ी संख्या 01043 लोकमान्य तिलक टर्मिनस से- दिनांक 02.03.2023 व 05.03.2023 को
गाड़ी संख्या 01044 समस्तीपुर से- दिनांक 03.03.2023 व 06.03.2023 को
गाड़ी संरचना एसएलआरडी-01, एसएलआर-01, सामान्य श्रेणी-08, स्लीपर श्रेणी-04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-03, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-03

| गाड़ी संख्या 01043 लोकमान्य तिलक (ट.)-समस्तीपुर | | स्टेशन | गाड़ी संख्या 01044 समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक (ट.) | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 12:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 07:40 | --- |
| 10:00 | 10:02 | मानिकपुर | 11:18 | 11:20 |
| 11:45 | 11:50 | प्रयागराज छिवकी | 09:00 | 09:05 |
| 21:15 | ---- | समस्तीपुर | ---- | 23:20 |

गाड़ी संख्या 01123/01124 पुणे-दानापुर विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी का संचालन

गाड़ी संख्या 01123 पुणे से- दिनांक 04.03.2023, दिन शनिवार को
गाड़ी संख्या 01124 दानापुर से- दिनांक 06.03.2023, दिन सोमवार को
गाड़ी संरचना स्लीपर श्रेणी-10, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-02, सामान्य श्रेणी-03, एसएलआर-02

| गाड़ी संख्या 01123 पुणे-दानापुर | | स्टेशन | गाड़ी संख्या 01124 दानापुर-पुणे | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:55 | पुणे | 18:45 | --- |
| 20:10 | 20:12 | मानिकपुर | 16:28 | 16:30 |
| 21:45 | 21:47 | प्रयागराज छिवकी | 14:05 | 14:07 |
| 04:30 | ---- | दानापुर | ---- | 06:30 |


नोट: उपरोक्त ट्रेनों से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें

उत्तर मध्य रेलवे G20 301/23 (D)
Northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR



चंद्रशेखर आजाद पार्क में लगी पुष्प प्रदर्शनी देखते लोग

# प्रयागराज



## मौसम



अधिकतम : 27.00
न्यूनतम : 15.00
सूर्योदय : 06.50
सूर्यास्त : 05.27

### मार पीट, तोड़ फोड़ करने पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** एक महिला ने मार पीट तोड़-फोड़ का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी, पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के दुबाही गांव निवासिनी शहनूर बेगम पत्नी असफाक अहमद ने आरोप लगते हुए मऊआइमा थाने में तहरीर दी है कि उस के परिजनों ने उसे और उसकी पुत्री को मारे पीटे तथा हैंडपंप तोड़ दिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शहनूर बेगम के देवर असीर, जेठ इम्तियाज, अफसरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बिना रजिस्ट्रेशन के हो रहे संचालन पर जीवन रक्षा और यशराज हास्पिटल पर कार्रवाई

**प्रयागराज।** प्रयागराज के दो निजी अस्पताल को शुक्रवार को सील कर दिया गया। फूलपुर के बाबूगंज इलाके में स्थित जीवन रक्षा हास्पिटल बिना पंजीकरण के संचालित हो रहा था। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तीरथ लाल के नेतृत्व में पहुंची टीम ने जब अस्पताल का पंजीकरण संबंधित अभिलेख की मांग की तो पता चला कि अस्पताल का पंजीकरण आज तक नहीं हो सका है। इसके बाद तत्काल अस्पताल में ताला लगा दिया गया और सील कर दिया गया। अस्पताल संचालक से पूरा विवरण मांगा गया है। इसी तरह बाबूगंज में ही यश राज हास्पिटल को भी सील कर दिया गया है।

इसी तरह स्वास्थ्य विभाग की टीम बाबूगंज के यश राज हास्पिटल का निरीक्षण करने पहुंची। निरीक्षण के दौरान हास्पिटल में तीन मरीज भर्ती थे। इन मरीजों के इलाज के लिए कोई भी चिकित्सक या पैरामेडिकल स्टाफ वहां मौजूद नहीं था। टीम द्वारा जब पंजीकरण का कागज मांगा गया तो हास्पिटल का स्टाफ टाल मटोल किया जाने लगा। काफी पूछताछ के बाद स्टाफ द्वारा बताया गया कि इस हास्पिटल का पंजीकरण का नवीनीकरण नहीं हो सका। अस्पताल में भर्ती एक मरीज को उनके परिजन द्वारा संगम हास्पिटल में भर्ती कराया गया और दो अन्य मरीजों को डिस्चार्ज कर दिया गया।



### जार्जटाउन में रेस्टोरेंट के बाहर बमबाजी, दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त

**प्रयागराज।** जार्जटाउन थाने के पास अलडोराडो रेस्टोरेंट के बाहर बृहस्पतिवार की रात जमकर बमबाजी की गई। तीन गाड़ियों से आए लड़कों ने रेस्टोरेंट गेट पर एक के बाद कई बम मारे जिससे वहां अफरातफरी मच गई। घटना के बाद हमलावर भाग निकले। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रेस्टोरेंट मालिक के भांजे से कुछ लड़कों का विवाद हुआ था। उन्होंने ही हमला किया। जार्जटाउन क्षेत्र में संदीप पांडेय ने अलडोराडो नाम से रेस्टोरेंट खोला है। रात में करीब साढ़े नौ बजे पल्सर बाइक, स्कूटी तथा एक अन्य गाड़ी से लड़के पहुंचे और गेट पर बमबाजी शुरू कर दी। एक के बाद एक कई बम मारे तो वहां अफरातफरी मच गई। जो लोग अंदर थे, वे डर के मारे छिपने लगे। बमबाजी से वहां गाढ़ा धुआं फैल गया। बमबाजी करने वाले युवक गाली गलौज भी कर रहे थे।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बारा।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी नारीबारी अंतर्गत डिहार सलैया में गुरूवार की देर रात हाई वोल्टेज ग्यारह हजार तार में अपने गांव की लाइट जोड़ने के दौरान हाईवोल्टेज तार छू जाने से बलराम निषाद 35 पुत्र रामनरेश की मौत हो गई। घटना के बाद बदहवास परिजन नारीबारी के निजी अस्पताल में ले गए आए जहाँ डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की मौत से पत्नी प्रमिला तीन बच्चे अनुज 15, नेहा 12, उषा 8 का रो-रो कर बुरा हाल है। शुक्रवार को सूचना पर पहुंचे नारीबारी चौकी प्रभारी संतोष सिंह व पुलिस टीम ने बिजली विभाग को सूचना दे कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के पिता रामनरेश ने लिखित प्रार्थना पत्र पुलिस को देते हुए बताया कि मेरा लड़का खेत तरफ गया जहाँ ढीले तार के चपेट मे आने से मौत हो गई। वही अवर अभियंता गौरा अभय यादव ने बताया कि विद्युत विभाग को बिना सूचना दिए अवैध रूप से कटिया लगाने के दौरान घटना घटी।

## शुआट्स विशेषज्ञों को पुष्प प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में किया गया आमंत्रित



पुष्प प्रदर्शनी का अवलोकन करते लोग

**नैनी।** चंद्रशेखर आजाद पार्क में शुक्रवार को पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यवाहक कुलसचिव डॉ. एस.डी. मैकार्टी के नेतृत्व में शुआट्स विशेषज्ञों को फूल प्रतियोगिता हेतु निर्णायक मंडल में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया।

पूरी प्रदर्शनी को 27 श्रेणियों में बांटा गया है, जैसे होम गार्डन, मौसमी पौधे, सजावटी पौधे, कैक्टस, रसीले पौधे, फूलों की व्यवस्था, सब्जियों की बागवानी, खाद्य संरक्षण, शहद, फोटोग्राफी, पेंटिंग आदि। यह प्रदर्शनी पौधों और फूल प्रेमियों के लिए एक मंच प्रदान करती है। साथ ही नई तकनीकों के बारे में जानने और विभिन्न प्रकार की बागवानी के बारे में विचारों का आदान-प्रदान करने का एक शानदार अवसर भी देती है।

डॉ. निमिषा नटराजन (वैज्ञानिक, गृह विज्ञान), डॉ. आर.पी. सिंह (वैज्ञानिक, केवीके से बागवानी), डॉ. वी.एम. प्रसाद, डॉ. देवी सिंह, इंजी. आर.ई. विल्सन को फूल प्रतियोगिता हेतु निर्णायक मंडल में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। फूल और फल के स्वास्थ्य, व्यवस्था के प्रकार, संरचना, किस्मों आदि जैसे विभिन्न मानकों पर निर्णय लिया जाता है।

## संक्षेप

### ब्रेस्ट कैंसर को लेकर बताये बचाव के तरीके



**थरवई।** सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पड़िला परिसर स्थित संयुक्त चिकित्सालय 224 बटालियन डॉ ज्योत्सना शुक्ला सीएमओ (एसजी) ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए ब्रेस्ट कैंसर से बचाव पर विस्तार से जानकारी दी उन्होंने बताया कि इस बीमारी का समय रहते इलाज संभव है गोष्ठी में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

### सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा शुरू



**मेजा।** सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गई है । गुरुवार कक्षा 12 की अंग्रेजी की परीक्षा थी जिसमे कुल 223 बच्चे थे। जिसमें 222 बच्चे उपस्थित रहे। क्षेत्र के नवोदय विद्यालय मेजा, अंबिका पब्लिक स्कूल, मेजारोड, महर्षि अरविंद विद्या निकेतन, मेजा के स्कूलों का केंद्र एम एल पब्लिक स्कूल, बगहा, सिरसा में बनाया गया है प्रधानाचार्य सतीश उपाध्याय ने बताया परीक्षा शांति पूर्ण संपन्न हुआ सुरक्षा के मद्देनजर सिरसा पुलिस चौकी के इंचार्ज और कांस्टेबल उपस्थित रहे।

### सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा आरंभ निकाली कलशयात्रा



**करछना।** करछना के रोकड़ी गांव में जन कल्याण हेतु संगीतमयी सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ वेदी रचना एवं प्रतिष्ठा पूजन के साथ शुक्रवार से हुआ । कथा के प्रथम दिन शुक्रवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई । कलश यात्रा वेदी मंडप से निकलकर कुशगढ़ धाम स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर पहुंची जहां पर भोले शंकर का पूजन अर्चन किया गया। यात्रा में भक्त सहित महिलाएं पीले परिधान में भागवत पुराण व कलश लिए सुमांगलिक गीतों के साथ गांव का भ्रमण किया। और यात्रा वापस मंडप पर पहुंची। कथावाचक के रूप में व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास पं लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने उपदेशित करते हुए भक्त जनों को बताया कि कलश यात्रा के माध्यम से अदृश्य शक्तियों का आहवाहन किया जाता है। जिसमें अतृप्त आत्माओं का भी कल्याण होता है। इस यात्रा में शामिल होने व एक- एक पग चलने से अनेक तीर्थों के परिक्रमा से बढ़कर पुण्य फल प्राप्त होता है। कथा के मुख्य श्रोता यजमान सुशीला देवी की ओर से कथा व्यास सहित पुरोहित पं पवन कुमार मिश्रा आचार्य पं देवकीनंदन मिश्र व पं अखिलेश मिश्र का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। कथा के आयोजक के के तिवारी व संयोजक पारसनाथ तिवारी तथा व्यवस्थापक गौरीनाथ तिवारी पिंटू ने सभी भक्त लोगों के प्रति आभार जताया। कलश यात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में प्रधानाचार्य डॉ सूर्यकांत त्रिपाठी निराला अधिवक्ता रवि कांत तिवारी शशिकांत तिवारी राम अभिलाष तिवारी राकेश कुमार तिवारी संजीव पुष्कर प्रदीप विनीत आदि भक्तजन शामिल रहे।

### साईंवाटिका चनेथू से ढोल नगाड़े, डीजे के साथ निकली भव्य साईंबाबा की रथयात्रा



**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी साईंबाबा के प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर 24 फरवरी को साईंवाटिका चनेथू शरीफाबाद प्रांगण से भव्य साईं बाबा जी की रथयात्रा गगनभेदी नारों एवं गुलाल रंग अबीर के साथ शुक्रवार को निकली।मंदिर परिसर से डीजे ढोल नगाड़ों के साथ सैकड़ों महिलाएं, बच्चे, पुरुष के साथ नृत्य करते हुए रथ यात्रा गांव के विभिन्न स्थानों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंची। वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य आचार्यों द्वारा पूजन अर्चन, आरती, हवन कराया गया। भक्तों के लिए विशाल महाप्रसाद/भंडारा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता समाजसेवी विमलधर दुबे, स्वागताकांक्षी संजय दुबे, राकेश धर दुबे सह संयोजक प्रवासी संपर्क प्रकोष्ठ भाजपा काशी क्षेत्र, प्रतिष्ठान बर्फी स्टील सतहरिया ने अतिथियों का स्वागत सत्कार किया।इस अवसर पर कार्यक्रम में रामचंद्र दुबे, कमलधर, हरिश्चंद्र, विद्याधर, प्रकाश चंद्र, सुरेश चंद्र, राज दुबे, राजेश, धर्मेंद्र, जितेंद्र, आशीष, सतीश, सचिन, रोहन, विकास, विशाल, आकाश, विवेक, नितेश, सर्वेश, अभिषेक, रितिक, आदित्य, वेदांत आदि लोग मौजूद रहे।

## खंड शिक्षाधिकारी ने बीएसए से की अभद्रता

**प्रयागराज।** प्रयागराज में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी राजेश यादव ने बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार त्रिपाठी से अभद्रता कर दी। मामला गाली-गलौच तक पहुंच गया। इससे पहले दोनों के बीच हाथापाई होती अन्य कर्मियों ने पहुंचकर बीच बचाव कर दिया। मामला किसी तरह से शांत कराया। बीएसए ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की है।खंड शिक्षा अधिकारी राजेश यादव लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे हैं। ऐसे में बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी ने एबीएसए राजेश यादव को कार्यालय में आकर उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश दिया गया था। गुरुवार को राजेश यादव मम्फोर्डगंज स्थित बीएसए कार्यालय पहुंचे। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी अपने कार्यालय में बैठे हुए थे। आरोप है कि बीएसए ने जब राजेश यादव से दफ्तर न आने का कारण पूछा तो उन्होंने अभद्रता शुरू कर दी। बीएसए ने संसदीय भाषा का इस्तेमाल करने को कहा तो वह और भड़क गए। इस पर बीएसए ने कार्यालय के अन्य कर्मचारियों को भी बुला लिया और खंड शिक्षा अधिकारी को दफ्तर से जाने को कहा। आरोप है बावजूद इसके खंड शिक्षा अधिकारी राजेश यादव अभद्रता करते रहे। आरोप यह भी है कि राजेश यादव ने बीएसए से गाली-गलौज तक किया। इस पूरे प्रकरण की जानकारी बीएसए ने अपर शिक्षा निदेशक को दी है और कार्रवाई की संस्तुति की है। उधर, खंड शिक्षा अधिकारी राजेश यादव का कहना है कि मुझे हाईकोर्ट से स्टे मिला था। मैं उरुवा कार्यालय में बैठ रहा था । बीएसए ने 20 फरवरी को मुझे पत्र देकर बीएसए ऑफिस 'बुलाया। इसी दौरान उन्होंने मेरे साथ अभद्रता शुरू कर दी। मेरे खिलाफ जो भी आरोप लगाए गए हैं वो गलत हैं। उप खंड शिक्षा अधिकारी राजेश यादव का पिछले दिनों जालौन ट्रांसफर किया गया था। अपर शिक्षा निदेशक बेसिक अनिल भूषण चतुर्वेदी ने 16 जुलाई 2022 को ट्रांसफर आर्डर निकाला था।



स्वस्थ होलीका दहन का संकल्प लेते लोग

### मातृ स्नेह फाउंडेशन द्वारा स्वस्थ होलीका दहन का संकल्प

**प्रयागराज।** शुक्रवार को मातृ स्नेह फाउंडेशन द्वारा जॉर्ज टाउन प्रयागराज में स्वस्थ और सुरक्षित होलिका दहन के लिए संकल्प लिया गया। संकल्प में यह सुनिश्चित किया गया कि बड़े पेड़ों की कटाई नहीं होने देंगे और सिर्फ गोबर के उपले द्वारा परंपरागत तथा वैधानिक विधान के तहत होलिका दहन किया जाएगा। प्रदूषण और पर्यावरण का पूरा ध्यान दिया जाएगा। टायर ट्यूब या जला हुआ मोबिल इत्यादि नहीं जलाया जाएगा तथा रोड को खराब होने से बचाया जाएगा। हवा को प्रदूषित होने से बचाते जाते हुए पूरे उल्लास के साथ होलिका दहन किया जाएगा। इस अवसर पर मातृ – स्नेह फाउंडेशन के अध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने सभी लोगों को संकल्प दिलाया कि प्रदूषण और पर्यावरण का ध्यान रखते हुए ही होली मनाया जाएगा। फाउंडेशन के सभी पदाधिकारी एवं स्वयंसेवक के साथ-साथ सौरभ भदोरिया, सूबेदार सिंह, मूलचंद सिंह, हरि भान, महेंद्र यादव, राणा सिंह , शुभम द्विवेदी, अभिषेक, राजेश, जानवी मिश्रा, आशीष राम सिंह, जितेंद्र कुमार सहित अनेक लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता दी तथा इस जन जागरण अभियान में अपना पूरा सहयोग दिया।

## असलहा लेकर पार्टी में पहुंचे अराजक तत्व, मुकदमा दर्ज

**फाफामऊ।** शांतिपुरम स्थित एक कैफे में शुक्रवार को एसपीएम महाविद्यालय के छात्रों द्वारा आयोजित फेयरवेल पार्टी में आधा दर्जन से अधिक अराजक तत्वों ने अवैध असलहा लेकर पार्टी में पहुंचने और लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिस पर फाफामऊ पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कैफे मालिक की तहरीर पर सात आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अराजकतत्वों की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक फाफामऊ स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय के बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र - छात्राएं शुक्रवार को दोपहर में शांतिपुरम चौराहे पर स्थित डबल कैफे एंड रेस्टोरेंट्स में फेवरवेल पार्टी का आयोजन किया था। पार्टी चल ही रही थी कि 7 से 8 की संख्या में अज्ञात तत्वों का अवैध



फेयरवेल पार्टी में असलहा के साथ युवक

असलहा लेकर पहुंचने और असलहा लहराने का वीडियो वायरल हुआ। अराजकतत्वों द्वारा असलहा लहराने से फेयरवेल पार्टी में शामिल छात्र दहशत में आ गए। यह पूरा वाकया कैफे में लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गया और वायरल भी हो गया कुछ लोगों ने वायरल वीडियो को पुलिस के उच्चाधिकारियों को ट्वीट कर जानकारी भी दी। जिस पर फाफामऊ थाना प्रभारी आशीष सिंह ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कैफे संचालक दीपक सिंह के तहरीर पर 7 से 8 अज्ञात अराजक तत्वों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। इस संबंध में एसपीएम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कंचन यादव का कहना है कि फेवरवेल पार्टी के बारे में सूचना नहीं थी और न ही छात्रों को इस तरह की फेयरवेल पार्टी बाहर करने की अनुमति नहीं दी गई थी। यदि छात्रों द्वारा महाविद्यालय का बैनर लगकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

### 100 निजी अस्पताल ऐसे जो मरीजों को नहीं कर रहे भर्ती

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत योजना प्रयागराज में फ्लॉप साबित हो रही है। प्रयागराज में आयुष्मान भारत योजना को लेकर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अफसर उदासीन बैठे हुए हैं। यही कारण है कि प्रयागराज में निजी अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के मरीजों को भर्ती नहीं कर रहे हैं। जनपद में 184 ऐसे अस्पताल हैं जो आयुष्मान भारत योजना से संबद्ध किए गए हैं लेकिन इसमें करीब 100 अस्पताल ऐसे हैं जो आयुष्मान के मरीजों को भर्ती नहीं कर रहे हैं। जिम्मेदार अफसरों की ओर से इसके लिए कोई पूछताछ भी नहीं होती है। यही कारण है कि निजी अस्पताल संचालक मनमानी कर रहे हैं। निजी अस्पताल संचालकों का कहना है कि आयुष्मान भारत योजना में भुगतान की प्रक्रिया बहुत धीमी है। मरीज का इलाज तो कर दिया जाता है लेकिन भुगतान के लिए सीएमओ आफिस का चक्कर लगाना पड़ता है। यही कारण है कि अस्पताल संचालक आयुष्मान भारत योजना के मरीजों को नहीं भर्ती करते हैं।

### एक गांव में बाइक दूसरे गांव में ट्यवबेल का पंखा मोटर चोरी, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के दो गांवों में बाइक और एक गांव में ट्यवबेल की मोटर पंखा चोरी हो गई। पुलिस ने बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जबकि एक अन्य चोरी की जांच कर रही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गढचम्पा निवासी शफीक अली पुत्र आबाद अली सब्जी लेने बाइक से जोगापुर गए थे। जब वह मंडी से वापस लौटे तो बाइक नदारद थी। शफीक अली ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया है। उधर ग्राम बेलखरिया का पूरा जोगीपुर निवासी अनन्द कुमार पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र का आरोप है कि वह अपनी बाइक बरामदे खडी करके सो गया। सुबह उठा तो बाइक नदारद थी। आनन्द कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर नया पूरा निवासी शिवमूरत पुत्र नन्कू राम का कहना है कि चोरों ने खेत में लगे ट्यवबेल की मोटर पंखा बीती रात चोरी कर ले गए। शिवमूरत ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## निदेशालय व डाइट की संयुक्त टीम द्वारा कौड़िहार के विद्यालयों का किया गया निरीक्षण

**प्रयागराज।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा सुपर-फिफ्टी, ब्लॉक में चयनित विकास खण्डों के कार्यों व शैक्षिक गुणवत्ता की जांच हेतु प्रयागराज में 2 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जिसमें आलोक कुमार तिवारी वरिष्ठ प्रवक्ता डायट प्रयागराज एवं ओमप्रकाश खरवार सांख्यिकी अधिकारी शिक्षा निदेशालय प्रयागराज ने मिलकर विद्यालयों की जांच की। टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय मलाक-हरहर प्रथम, कम्पोजिट स्कूल मधेशा, प्राथमिक विद्यालय रामपुर, चफरी, अकबरपुर गंगागंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति, कक्षा 1, 2 व 3 में स्कूल बच्चों के सापेक्ष निपुण बच्चों की संख्या की जांच की गई एवं इसके साथ-साथ अध्यापकों द्वारा किए जा रहे दीक्षा एप, रीड एलांग एप



निरीक्षण के दौरान टीम

जोकि बच्चों के पठन-पाठन से संबंधित हैं इनकी भी जानकारी ली गई। दीक्षा एप का प्रयोग ऑनलाइन कंटेंट के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने के लिए होता है।

रामपुर, मलाक हरहर व चफरी के विद्यालयों में बच्चों के निपुण लक्ष्य की जांच की गई जिसमें बच्चे खरे उतरे। टीम ने विद्यालयों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। विद्यालय द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों के चलते निरीक्षण पंजिका में विद्यालय व स्टाफ की प्रशंसा अंकित की गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी कौड़िहार ओम प्रकाश मिश्र एवं एआरपी अजमल अमीन अंसारी टीम के साथ रहे एवं इन्होंने विभिन्न विद्यालयों का अवलोकन कराया।

## श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से ही मनुष्य की मुक्ति सम्भव : कमलाशंकर

**मेजा।** क्षेत्र के औंता गाँव मे पूर्व जिला पंचायत सदस्य यतीश कुमार सिंह उर्फ कलउ के आवास पर गुरुवार से सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया। कथा का शुभारंभ कलश यात्रा व विधि विधान से हवन पूजन के साथ हुआ। कथा के मुख्य यजमान शिवराम मिश्र व रमेश चंद्र मिश्र ने कथा पीठ की आरती पूजन किया उसके बाद कथा व्यास पंडित कमलाशंकर उपाध्याय शास्त्री जी (ज्योतिषाचार्य) ने कथा का शुभारंभ किया।

कथा व्यास कमलाशंकर उपाध्याय ने कहा कि भगवान सुखदेव जी ने बताया कि भवसागर को पार करने का एक उत्तम मार्ग है और वह है श्रीमद्भागवत कथा, श्रीमद्भागवत से ही मनुष्य की मुक्ति संभव है, श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से जीव का कल्याण हो सकता है, सप्ताह श्रीमद् भागवत कथा सुनने से इस लोक एवं परलोक में सुख शांति मिल सकती है । उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत सप्ताह यज्ञ आयोजन करने से भौतिक बाधाएं दूर हो सकती है। श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से मनुष्य से जाने अनजाने में हुए समस्त पाप धुल जाते हैं उसे वैकुंठ लोक की प्राप्ति होती है। इसके अतिरिक्त कथा व्यास ने गोकर्णो उपाख्यान पर विस्तार से कथा सुनाई। इस दौरान कथा के आयोजक राघवेंद्र मिश्र व पूर्व जिला पंचायत सदस्य यतीश कुमार ने क्षेत्र के लोगों से अपील किया है कि वह कथा में पधार कर कथा सुने और अपने जीवन को धन्य बनाएं।



श्रीमद्भागवत कथा कहते कथा व्यास पंडित कमलाशंकर उपाध्याय शास्त्री जी

### शुआट्स के प्रदेश टीम लीडर के नेतृत्व में प्रतिभाग करेंगे एनएसएस के छात्र

**नैनी प्रयागराज।** शुआट्स के उप एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक सत्यम कुमार केसरी को एनएसएस का प्रदेश टीम लीडर नियुक्त किया गया है जिनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों के बच्चे जयपुर में 27 फरवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकीकरण कैम्प में प्रतिभाग करेंगे। सत्यम कुमार केसरी ने बताया कि जी20 के तहत जयपुर के इंजीनियरिंग एण्ड मैनेजमेन्ट विश्वविद्यालय में एनएसएस राष्ट्रीय एकीकरण कैम्प का आयोजन 27 फरवरी को होगा जिसमें उत्तर प्रदेश के काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय, शुआट्स प्रयागराज, चै0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, कानपुर विश्वविद्यालय के 07 छात्र एवं 07 छात्रायें विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करके प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी बच्चे प्रदेश टीम लीडर सत्यम कुमार केसरी के नेतृत्व में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में शुआट्स के विशाखा, इशिता श्रोती, खुशबू रानी, आशीष यादव, आदित्य शर्मा, आयुष यादव भी प्रस्तुति देंगे। उ0प्र0 की टीम 25 फरवरी को प्रस्थान करेगी।

## गंगा संरक्षण हेतु आयोजित किया जन जगरूकता कार्यक्रम



गंगा संरक्षण हेतु लोगों को जागरूक करते हुए

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र व गंगा टास्क फोर्स प्रयागराज द्वारा गंगा स्वच्छता पर जन जगरूकता कार्यक्रम बलकरनपुर में आयोजित किया गया। जिसमे ग्रामीण लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह, प्रधान, गंगा टास्क फोर्स की टीम मौजूद रही। जिला परियोजना अधिकारी ने नमामि गंगे में युवाओ की सहभागिता परियोजना से सभी को अवगत कराया। प्रधान ने सभी को प्लास्टिक कम से कम उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया। समाज सेवी पिंटू ने सभी को गंगा स्वच्छता शपथ दिलाई। हवालदार मेराज खान, आरएफएन अमित पाण्डेय, मनोज कुमार, जंग बहादुर, गोपी कुमार, विजय कुमार अर्जुन सोनोर, अमन राय, नर बहादुरपुर श्रेत्री, स्वयंसेवक बबिता कुसुम, गंगादूत सुनीता उपस्थित रहे।

# ओवरलोड मिट्टी लदे ट्रैक्टर ट्राली ने मां बेटे को कुचला, मौत

हादसा

**सैनी कोतवाली के फायर स्टेशन के समीप हुआ हादसा**

**दारानगर, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली अंतर्गत फायर स्टेशन के समीप शुक्रवार को ओवर लोड ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक में सवार रही मां बेटी की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग बाल-बाल बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जानकारी मृतक के परिजनों को दिया। घटनास्थल पर पहुंचे परिजन व ग्रामीणों के समक्ष पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बता दें कि कोखराज कोतवाली के सहजादपुर गांव निवासी जितेंद्र कुमार दिवाकर सूरत में प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनकी पत्नी सुनीता देवी (24) घर में अपने दो बेटे और एक बेटी के साथ रहती हैं। कहा जा रहा है कि दो दिन पहले वह अपने बेटे कार्तिक और बेटी दिव्यांशी को लेकर सैनी कोतवाली क्षेत्र के साढ़ो गांव जीजा बालचंद्र के साथ फतेहपुर जिला के टेकारी गांव शादी समारोह में शामिल होने गई थी। जहां से वापस बाइक में बैठकर आ रही थी कि जैसे ही सैनी स्थित फायर स्टेशन के समीप पहुंची कि सामने से आ रहे ओवर लोड मिट्टी लदे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया। हादसे में सुनीता व उसका बेटा गिरकर ट्राली के नीचे आ गए जिससे उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि जीजा व उसकी एक बेटी बाल-बाल बच गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी मृतक के परिजनों को दिया। उधर पुलिस ने मृतक के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं ट्रैक्टर के खिलाफ लिखा पढ़ी भी पुलिस ने शुरू कर दी थी।



थाने में खड़ा मिट्टी से लदा ट्रैक्टर ट्राली



मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

## गुमटी का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के अकबरपुर मिजार्पुर निवासी भानसिंह ने चैराहे पर चाय-पान की गुमटी खोल रखी है। गुरुवार शाम वह गुमटी में ताला बंद कर घर चला गया। इसी दौरान रात में चोरों ने उसकी गुमटी का ताला तोड़कर उसमें रखा लगभग तीन हजार रुपये का सामान पार कर दिया। सुबह जानकारी मिलने के बाद दुकानदार मौके पर पहुंचा। दुकानदार ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। भान सिंह के अनुसार उसकी गुमटी में तीन बार चोरी हो चुकी है। तहरीर देने के बाद भी पुलिस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इस संबंध में इंस्पेक्टर विनीत सिंह का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है। जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

## संक्षेप

### दबंगों ने की मारपीट, पांच जख्मी

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में पड़ोसी दबंगों ने एक परिवार के पांच सदस्यों की पिटाई कर दी। रंजिश के चलते सभी को पीटा गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर लेकर पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। शाहपुर निवासी राकेश कुमार ने बताया कि पड़ोसी दबंगों से उसकी पुरानी रंजिश है। इसे लेकर वह आए दिन गाली-गलौज करते हैं। विरोध करने पर झगड़ा करने पर आमादा हो जाते हैं। पीड़ित की मानें तो गुरुवार सुबह भी दबंग अपशब्द कह रहे थे। ऐतराज जताने पर पिटाई शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे बेटे सोनू, मोनू, भाई अखिलेश व महेश को भी पीटा। मारपीट में पांचों जख्मी हो गए। चीख-पुकार पर जुटे ग्रामीणों ने किसी तरह मामला शांत कराया। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रही है।

### सड़क हादसे में युवक घायल

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नौढ़िया आमद करारी गांव का शोभा लाल बाइक से रिश्तेदारी गया था। शाम को वह घर लौट रहा था। ओसा के समीप पीछे से आए स्कूली वैन ने बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी और घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया दिया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### दबंगों ने महिला से की मारपीट

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के अलवारा गांव में दबंगों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की। विरोध करने पर महिला को पीट मरणासन्न कर दिया। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराते हुए पांच आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।
अलवारा गांव की सुबहती देवी पत्नी रमेश का पड़ोसी से जमीन का विवाद चल रहा है। दोनों परिवार के बीच कब्जे को लेकर कई बार कहासुनी हो चुकी है। दोनों के बीच तीखी झड़प हो गई। इसके बाद आरोपित परिजनों के साथ महिला के घर में घुसकर तोड़फोड़ करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने सुबहती को पीट दिया। दबंगों की पिटाई से चीखते हुए महिला बेहोश गई। यह देख आरोपित भाग निकले। ग्रामीणों की सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने घायल महिला को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। देर शाम पुलिस ने महिला के होश में आने के बाद तहरीर लेकर आरोपित छोटई, सुनील, शिवभजन समेत पांच लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संदिग्ध हालातों में युवक की हुई मौत

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बंगला पर मजरा कशिया पश्चिम गांव में प्रदीप कुमार राजपूत पुत्र सीता राम राजपूत की गुरुवार की रात्रि मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि कहा जा रहा था कि युवक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या किया है।

घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के बंगला मजरा कशिया पश्चिम निवासी प्रदीप कुमार राजपूत पुत्र सीता राम (23) गुरुवार की रात घर के अंदर ही फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी इह लीला समाप्त कर लिया। कहा जा रहा है कि प्रदीप राजपूत का ककोढा की हत्या से भी तार जुड़े थे, जिसमें वह जेल भी गया था। कहा जा रहा था कि अभी हाल ही में वह जेल से जमानत पर रिहा हुआ था। हालांकि घटना का रहस्य बरकरार रहा। युवक ने फांसी लगाई या फिर उसके साथ कोई अनहोनिश हुई यह तो पुलिसिया जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा। वहीं घटना के बाद से मृतक के परिवारीजनों में कोहराम का माहौल व्याप्त रहा।

# निर्माणाधीन मेडिकल कालेज में लाइ जाए तेजी : डीएम



मेडिकल कालेज का स्थलीय निरीक्षण करते डीएम

**कौशाम्बी।** कादीपुर स्थित निर्माणधीन मेडिकल कालेज का जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद जिम्मेदारों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। जिलाधिकारी ने अकेडमिक बिल्डिंग के तहत लेकर हाल, लाइब्रेरी व ऑडिटोरियम के निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कार्ययोजना बनाकर और मैनपॉवर लगाकर निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने प्रशासनिक भवन, गर्ल्स एवं ब्वायज हॉस्टल आदि के निर्माण कार्यों की प्रगति के निरीक्षण के दौरान कहा कि सभी फ्लोर पर एक साथ टाइल्स एवं फिनीशिंग का कार्य कराया जाय, जिससे निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण हों सकें। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज की विस्तार शाखा की निर्माण कार्यों की प्रगति की निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए और मैनपॉवर लगाकर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोनिवि निर्माण खण्ड-वन, प्रयागराज के.के श्रीवास्तव को नियमित पर्यवेक्षण करते हुए निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने सी0एम0एस0 को अस्पताल परिसर की साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने के साथ ही निष्प्रयोज्य सामग्रियों को मानक के अनुसार निस्तारित कराने के निर्देश दियें।

## कूड़ा प्रबन्धन के संचालन को डीएम ने कराया प्रारंभ





नगर पालिका परिषद मंझनपुर का निरीक्षण करते डीएम

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर में नगर के कूड़ा प्रबन्धन के लिए निर्मित मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी केन्द्र का शुक्रवार को डीएम सुजीत कुमार ने निरीक्षण कर कूड़ा प्रबन्धन के संचालन को प्रारम्भ कराया। गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

अधिशासी अधिकारी मंझनपुर ने निरीक्षण के दौरान बताया कि एमआरएफ सेन्टर शासन द्वारा स्वीकृत 33.67 लाख की धनराशि से निर्मित कराया गया है, जिसमें प्रतिदिन 10 मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण नियमित रूप से किये जाने की क्षमता हैं। एमआरएफ सेन्टर में गीला कूड़ा एवं सूखा कूड़ा को पृथक व्यवस्था है। नगर में प्रतिदिन डोर-टू-डोर कूड़ा गाड़ी से कूड़ा इक्ट्ठा कर एमआरएफ सेन्टर में निर्मित प्लेटफार्म पर मशीनों द्वारा कूड़े की छटनी कर सूखे कूड़े से प्लॅास्टिक, कॉच, लकड़ी, लोहा एवं अन्य सामग्रियों को अलग कर उसका विविध रूप में प्रयोग किया जायेगा। इसी प्रकार गीले कूड़े को निर्मित 08 कम्पोस्टिंग पिट में क्रमिक ढंग से कम्पोस्टिंग कर खाद बनायी जायेगी, जिसका प्रयोग निकाय द्वारा पेड़-पौधों एवं गौशालाओं में संरक्षित गोवंशों के चारे के उत्पादन में किया जायेगा। यहां के बाद जिलाधिकारी नगर पालिका मंझनपुर के पुराने बस अड्डा परिसर में निर्मित अस्थायी सब्जी मण्डी स्थल का निरीक्षण किया। अधिशासी अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान बताया कि सब्जी मण्डी में 100 लोगों के एक साथ बैठने के लिए फुटपॉथ पटरी के साथ आवागमन के लिए सड़क का निर्माण किया गया है। सब्जी मण्डी के संचालन के लिए हैण्डपम्प एवं पानी की टोंटी के साथ ही विद्युतिकरण व सोलर लाइट की व्यवस्था की गई है, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी से कहा कि सब्जी मण्डी की नियमित साफ-सफाई करायी जाय तथा सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किया जाय। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी प्रखर उत्तम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ग्राम निधि के खाते से अन्य खातों में भेजे गए 1.86 लाख रुपये

**कौशाम्बी।** नेवादा विकास खंड क्षेत्र के पदमनाथपुर सुरसेनी गांव में बड़ा खेल किया गया है। इल्जाम है कि ग्राम निधि के खाते से दो व्यक्तिगत खातों में 1.86 लाख रुपये भेजे गए हैं। अव्वल तो यह कि डीएम की ओर से सख्ती के बाद भी बीडीओ जांच कर रिपोर्ट नहीं दे रहे हैं। इसे लेकर जिला समाज कल्याण अधिकारी ने नाराजगी जाहिर की है।

पदमनाथपुर सुरसेनी गांव की स्वाती शुक्ला पत्नी सुधीर कुमार शुक्ला ने बताया कि ग्राम निधि के खाते से अनामिका देवी के व्यक्तिगत खाते में एक लाख 14 हजार और शुभेन्द्र कुमार द्विवेदी के खाते में 72 हजार रुपये भेजे गए हैं। ग्राम निधि के खाते से किसी भी व्यक्तिगत खाते में रुपये नहीं भेजा जा सकता है। मामले की शिकायत हुई तो अधिकारियों सतर्क हुए। डीएम सुजीत कुमार ने 24 दिसम्बर 2022 को ही नेवादा बीडीओ को चिट्ठी भेजी और आरोपों की जांच कर रिपोर्ट मांगी। हैरानी की बात है कि डीएम की ओर से मांगने के बाद भी बीडीओ ने जांच रिपोर्ट नहीं दी। 19 जनवरी 2023 को जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने भी बीडीओ को पत्र भेजा। इसके बाद भी अब तक रिपोर्ट नहीं दी गई है। इसे लेकर जिला समाज कल्याण अधिकारी खफा हो गए हैं। उन्होंने बीडीओ नेवादा को एक बार फिर से पत्र भेजा है। साथ ही दो दिन के भीतर स्थलीय जांच रिपोर्ट मांगी है।

## दुधिया को पीटकर तमंचा सटाया

**कौशाम्बी।** पिपरी थाने के औधन गांव में शुक्रवार को दबंगों ने दुधिया को पीट दिया। विरोध करने पर उसे तमंचा सटाकर जान से मारने की धमकी दी। घायल ने थाने में दबंगों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

औधन निवासी शिवचरन दूध का कारोबार करता है। शिवचरन के अनुसार उसका गांव के ही एक दबंग से रंजिश चल रही है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता है। गुरवार को शिवचरन तिल्हापुर मोड़ स्थित डेयरी में दूध बेचने के लिए जा रहा था। इसी दौरान दबंग ने अपने साथी के साथ मिलकर रास्ते में रोक लिया। दबंग उससे गाली गलौज करने लगे। किसी तरह युवक अपने घर पहुंच गया। आरोप है कि रात में आरोपित तमंचा लेकर शिवचरन के घर पहुंचे। दोनों गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने उसकी पिटाई कर दी। पिटाई के बाद दबंगों ने तमंचा सटाकर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में घायल हुए युवक ने थाने में दोनों दबंगों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर उसे मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है।

## शातिरों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के सैयद सरावां गांव में दो महीने पहले एप डाउनलोड करकर युवक से एक लाख रुपये की चपत लगाने वाले शातिरों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसपी के निर्देश पर केस दर्ज कर पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है।

सैयद सरावां गांव निवासी नूरुल हुदा ने बताया कि 13 दिसंबर 2022 को एक जालसाज ने फोन कर एनीडेस्क डाउनलोड करने के लिए कहा। एप डाउनलोड करने पर शातिर ने धोखे से एक लाख 500 रुपये उसके बैंक खाते से निकाल लिया। मोबाइल से रुपये निकलने का मैसेज आने पर उसके होश उड़ गए। उसने मामले की शिकायत साइबर सेल समेत एसपी से की। साइबर सेल ने जांच के दौरान शातिर का मोबाइल ट्रेस किया। मोबाइल नंबर मोहम्मद शाकिर पुत्र मोहम्मद नईम निवासी 31 शम्भू चटर्जी स्ट्रीट, बडा बाजार कोलकाता के रूप में की गई। आरोपित के नंबर की लोकेशन ज्यादातर पश्चिम बंगाल व झारखंड प्रांत की थी। शातिर ने रुपयों को बिहार के काकरबाघ सत्यनारा पटना निवासी सूरज कुमार के खाता में रुपये ट्रांसफर किया था। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने मोहम्मद साकिर और सूरज कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के कसिया गांव का दो माह पहले सीडीओ डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी ने निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान एक बस्ती में जलभराव की समस्या थी। इस समस्या को लेकर ग्राम प्रधान ने भी शिकायत की थी। सीडीओ ने चार दिन पहले बीडीओ सिराथू को निर्देश दिया कि वह गांव का निरीक्षण करें। जल भराव की समस्या कैसे हल होगी, इसका सर्वे करें। इसके बाद मनरेगा व अथवा वित्त आयोग की धनराशि से कार्य कराएं। सीडीओ ने यह भी हिदायत दी है कि यदि निर्माण कार्य किसी भी प्रकार का कोई व्यवधान डालता है तो एसडीएम के संज्ञान में मामला लाकर पुलिस बल के साथ कार्रवाई कराएं।

## मालगाड़ी की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मरधरा गांव के समीप शुक्रवार की सुबह रेलवे लाइन पार कर रहा अधेड़ मालगाड़ी की चपेट में आ गया। इसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोखराज थाना क्षेत्र के रसूलपुर बदले निवासी शंकर लाल (55) पुत्र राम औतार शुक्रवार की सुबह घर से मूरतगंज बाजार जाने के लिए निकला था। बताया जा रहा है कि मरधरा गांव के समीप रेलवे लाइन पार करते समय कानपुर की ओर से आई मालगाड़ी की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। हादसा देख खेत की ओर गए आसपास गांव के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौजूद लोगों से शव की पहचान कराने के बाद हादसे की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। रोते-बिलखते घर वाले घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुई नवदिवसीय श्रीराम कथा

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक अंतर्गत कैमा धमावा अघोरी बाबा आश्रम में शुक्रवार से नवदिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में आसपास के गांव के दर्जनों नर नारी शामिल हुए और सिर पर कलश लेकर कलश यात्रा निकाली। इस अवसर पर अघोरी बाबा आश्रम के महंत और कार्यक्रम के आयोजक त्यागी जी महराज ने लोगो को कार्यक्रम में शामिल होने एवं तन मन धन से कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कही।

गौरतलब है कि कैमा धमावा के पास अघोरी बाबा आश्रम में आज से नवदिवासीय श्रीराम यज्ञ, श्रीराम जानकी मूर्ति प्रतिष्ठा, नव दिवसीय श्रीराम कथा एवं वृहत भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में बटुक जी महराज चित्रकूट धाम से एवं अंतर्जनपदीय यज्ञाचार्य पधारे हुए हैं। कार्यक्रम आयोजक त्यागी जी महराज ने बताया कि लोक कल्याण, लोक मंगल की भावना से उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आज के कलश यात्रा में रवि सिंह, अजय सोनी, महेश शर्मा, संजय मौर्य, हुबलाल, मिथुन कुमार आदि मौजूद रहे।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं

## अदालत के आदेश पर दर्ज हुआ केस

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मखऊपुर बाजार से घर लौट रहे युवक के साथ चार महीने पहले मारपीट व लूटपाट की गई थी। अदालत के आदेश पर पिपरी पुलिस ने दो आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। कोखराज थाना क्षेत्र के युसुफपुर राला निवासी नंदलाल का सरायअकिल के किशुनपुर गांव के कमर से पुराना विवाद चल रहा था। बताया कि 24 नवंबर को वह मखऊपुर बाजार गया था। शाम लौटते समय आरोपित ने साथी के साथ मिल सरेराह रोक लिया। इसके बाद पिटाई करते हुए जेब में रखा 3700 रुपये छीन लिया। पिटाई व लूटपाट करने के बाद आरोपित दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकले थे। पीड़ित शिकायत लेकर थाने पहुंचा। आरोप है कि नामजद शिकायत के बाद भी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित अदालत पहुंचा। अदालत के आदेश पर पिपरी पुलिस ने आरोपित कमर व संत अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## आगामी पर्व को लेकर चायल चौकी में हुई पीस कमेटी की बैठक



बैठक में मौजूद सभ्रांत लोग

**तिल्हापुर, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली के चैकी चायल में शुक्रवार को आगामी पर्व होली के मद्देनजर क्षेत्र के सभ्रांत नागरिकों के साथ चौकी इंचार्ज ने बैठक किया। बैठक में मौजूद लोगों से अपील करते हुए चौकी इंचार्ज ने कहा कि पर्वो को पूरे भाईचारा के साथ मनाया जाए। इतना नहीं उन्होंने आराजतत्वों को चेतावनी भरा संदेश देते हुए कहा कि क्षेत्र में बनी शांति व्यवस्था को बिगाड़ने वालों की खैर नहीं होगी, उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में मोहम्मदपुर प्रधान राकेश पासी व गिरिया खालसा प्रधान प्रतिनिधि सर्वजीत सहित इलाके के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मनरेगा सामग्री पर रोक, अधर लटकता भुगतान

**कौशाम्बी।** शासन ने नियमों की अनदेखी के चलते जनपद में मनरेगा सामग्री भुगतान पर रोक लगा दी है। इससे करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का भुगतान अधर में लटक गया है। अब अनियमित भुगतान को लेकर विभागीय जांच शुरू हो गई है। इससे अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। सरकार ने अकुशल और कुशल श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध के उद्देश्य से गांवों में मनरेगा योजना का संचालन कर रही है। ग्राम्य विकास विभाग प्रत्येक पंजीकृत परिवार को 100 दिन के रोजगार की गारंटी देने के साथ ही धनराशि खर्च करने का मानक तय किया है। जिसमें 60 प्रतिशत धनराशि श्रम व 40 प्रतिशत धनराशि सामग्री मद में खर्च करने के निर्देश हैं। जनपद ने इस वित्तीय वर्ष में मनरेगा योजना से 6911.32 करोड़ का खर्च किया है। इसमें श्रम पर 4283.89 करोड़ रुपये के सापेक्ष 38 प्रतिशत के ऊपर 2627.43 करोड़ रुपये सामग्री पर खर्च कर लिया है। हालत यह है कि 27 फरवरी को मनरेगा सामग्री धनराशि निर्गत होने के बावजूद जनपद में भुगतान नहीं हो पायेगा। शासन ने अनियमित भुगतान को लेकर इस वित्तीय वर्ष में सामग्री मद के भुगतान पर रोक लगा दी है।

## संक्षेप

### पाठ्यक्रम से बाहर का सवाल पूछने पर इसरो में आरटीआई दाखिल

प्रतापगढ़। इसरो की तरफ से आयोजित हुई प्रशिक्षित स्नातक हिन्दी विषय की परीक्षा में पाठ्यक्रम से बाहर पूछे गये सवालों को लेकर अभ्यर्थी ने आरटीआई दाखिल किया है। परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी लालगंज के सराय दलपत कोटवा शुकुलपुर निवासी विजय कुमार विश्वकर्मा ने आरटीआई के माध्यम से पूछा है कि इसरो ने जिस पाठ्यक्रम को विज्ञप्ति में घोषित किया था उससे बाहर के प्रश्नों को परीक्षा में किस आधार पर सम्मिलित किया गया है। हालांकि परीक्षा संचालित करने वाली संस्था की ओर से अभी कोई जवाब नहीं दिया गया है।

### बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

पट्टी। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के नगर छतौना गांव निवासी श्यामलाल का आरोप है कि बीते 19 फरवरी को वह दाउदपुर काम से आया हुआ था इसी दौरान वह अपनी बाइक से घर जा रहा था कि नीमा गोपालपुर नहर पर उसके पेट में दर्द हुआ वह शौच के लिए सड़क के किनारे पट्टी पर बाइक खड़ी करके बगल स्थित खेत में शौच के लिए चला गया शौच क्रिया के बाद जब वह बाहर आया तो देखा उसकी बाइक नदारद थी पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया है।

# अधिकारियों के ताबड़तोड़ चेकिंग से परीक्षा केन्द्रों पर हड़कंप



परीक्षा केन्द्रों पर चेकिंग करने पहुंचे अधिकारी

प्रतापगढ़। शासन के नामित नोडल अफसर डा0 विनोद कुमार शर्मा की टीम ने जिले के आधा दर्जन से अधिक परीक्षा केन्द्रों का शुक्रवार को ताबड़तोड़ चेकिंग की। अफसर के टीम की चेकिंग से परीक्षा केन्द्रों पर हड़कंप मचा रहा। शुक्रवार को द्वितीय पाली में इण्टर अंग्रेजी की परीक्षा हो रही थी। इस परीक्षा में प्रशासन व विभाग की टीमों के अधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर दौड़ा करते रहे। नोडल अफसर ने परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर कक्षों में सघन निरीक्षण करते हुए पेपर के रख रखाव को बारीकी से देखा। केन्द्र प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उधर जिला विद्यालय निरीक्षक की टीम भी कई परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारी लाइजनिंग अफसर डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मोहमद अनीस, प्रतिभा शुक्ला, सुमन यादव आदि साथ रहे।

## चोरी के मामले में दो पर मुकदमा

पट्टी। इंजन के पास चोरी करने और खरीदने के मामले में पुलिस ने दो पर मुकदमा दर्ज किया है। मामला आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के भैरोपुर गांव का है। गांव के रहने वाले राजमणि ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीते 7 फरवरी की रात में उनके इंजन की डिलीवरी पाइप पंखा फुल्ली आदि सामान चोर खोल ले गए थे। डिलीवरी पाइप कबाड़ में खरीदने के लिए वह 09 फरवरी को आसपुर देवसरा इलाके के ढकवा बाजार निवासी अमित यादव की दुकान पर गए तो वहां पर उनकी डिलीवरी पाइप रखी हुई नजर आई इस दौरान उन्होंने सामान की फोटो खींचने के साथ 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस की पूछताछ में दुकानदार ने बताया कि यह सामान उसने अमित यादव निवासी भैरोपुर से खरीदा है इस मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शुक्रवार को दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# कार से टकराई नीलगाय रेलकर्मी समेत छः जख्मी



नीलगाय से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त कार

प्रतापगढ़। मांगलिक कार्यक्रम से लौट रही अल्टो कार रास्ते में नीलगाय से टकरा गई। जिसमें प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर तैनात ट्रेन क्लर्क और उसका परिवार जख्मी हो गया। ग्रामीणों की मदद से सभी को कार से बाहर निकालकर मेडिकल कालेज भेजा गया। घायलों में ट्रेन क्लर्क गोविंद के अलावा मां तारा देवी, पत्नी नेहा, पुत्री योगिता और चाचा चाची शामिल हैं। जानकारी के अनुसार गोविंद परिवार संग जायस में शादी समारोह से घर कार से लौट रहा था। रात में अंतू इलाके के बिहारगंज में पेट्रोल पंप के पास अचानक से एक नीलगाय सड़क पर आई और बोनट से टकरा गई। जिससे कार असुंतलित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार सभी लोग घायल हो गए। रात में सभी को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। उसके बाद वे घर आ गए। गोविंद के अनुसार सभी को चोटें आई हैं।

## फायर ब्रिगेडकर्मी की हार्ट अटैक से मौत, एसपी ने दी श्रृद्धांजलि



श्रद्धांजलि देते एसपी

प्रतापगढ़। पुलिस लाइन स्थित फायर ब्रिगेडकर्मी राम नरेश सिंह 59 की हर्ट अटैक से मौत हो गई। फायरकर्मी पुलिस लाइन के बैरक में रहता था। मृतक के बेटे अतुल सिंह का कहना था कि गुरुवार की शाम अचानक तबियत खराब होने पर एंबुलेंस से लेकर जाते समय मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह पीएम से डेड बाड़ी पुलिस लाइन लाया गया। जहां एसपी समेत पुलिस अधिकारियों व कर्मियों ने शहीद स्थल पर पुष्पचक्र से अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# किशोरी की आपत्तिजनक फोटो वायरल करने के मामले में चार आरोपी धराये, भेजा गया जेल

प्रतापगढ़। आपत्तिजनक फोटो वायरल होने पर किशोरी द्वारा आग लगाकर जान देने के प्रयास के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को लालगंज कोतवाली लाया गया जहां पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपियों को शुक्रवार को सीओ आफिस में मीडिया के सामने प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद देर शाम आरोपियों को जेल भेज दिया गया। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी का पड़ोस के अजीम से प्रेम सम्बन्ध हो गया। इस दौरान प्रेमी ने किशोरी की आपत्तिजनक फोटो मोबाइल से खींच ली। यह फोटो उसके चचेरे भाई साबिर तक पहुंच गयी। साबिर की मदद से धीरे धीरे यह फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गयी। इससे आहत किशोरी



पत्रकारों को जानकारी देते पुलिस अधिकारी

लालगंज कोतवाली के जेवई गांव में अपने परिजनों के साथ रहने आ गयी। इस बीच आपत्तिजनक फोटो किशोरी के परिजनों तक पहुंची तो उसे फटकार लगायी। फटकार के बाद किशोरी ने पेट्रोल डालकर खुद को आग के हवाले कर दिया। उसका गंभीर हालत में प्रयागराज के एसआरएन मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर प्रेमी अजीम समेत छः के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराया गया। जिसके बाद लालगंज कोतवाल कमलेश कुमार पाल व रानीगंज कैथौला चैकी प्रभारी निकेत भारद्वाज ने शुक्रवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर फोटो वायरल करने वाले प्रेमी के चचेरे भाई मो0 साबिर, समेत मो0 कादिर, लल्लू व हारून को संग्रामगढ़ के रजैसा बाजार के समीप से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों को पूछताछ के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया। घटना का खुलासा करते हुए सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया कि आपत्तिजनक फोटो वायरल होने से आहत किशोरी ने आग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। मामले में नामजद छः में से चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फरार प्रेमी व एक अन्य आरोपी की तलाश मे पुलिस की टीमें लगाई गई हैं। पीड़िता का मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में अस्पताल जाकर पुलिस ने बयान भी दर्ज कर लिया है।

## आयोजन समिति की बैठक में लिये अहम फैसले



बैठक में शामिल लोग

प्रतापगढ़। शासन के निर्देश पर युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए, शुक्रवार को नेहरु युवा केन्द्र कार्यालय पर आयोजन समिति की बैठक हुई। जिसमें 11 सदस्यीय आयोजन समिति और 6 निर्णायक समितियों का गठन किया गया। विनय कुमार मिश्र, समाज सेवी रोशनलाल उमरवैश्य, प्रा0 पीयूष कांत शर्मा, आरबी सिंह, केके सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, प्राचार्य आईटीआई, प्राचार्य ग्राम्य संस्थान, शिवम यादव व विश्वजीत सिंह को समिति का सदस्य बनाया गया है। नेहरू युवा केन्द्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने बताया कि युवा उत्सव का आयोजन आगामी 4 मार्च को क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान में प्रस्तावित है। जिसमें हमारी विरासत हमारा अभिमान विषय पर युवाओं की भाषण, युवा संवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फोटोग्राफी, काव्य लेखन, पेंटिंग प्रतियोगिता कराई जायेगी। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किये जाएंगे।

# बार बेंच की बैठक में सहयोग की अपील



बैठक में उपस्थित लोग

प्रतापगढ़। लालगंज तहसील सभागार में शुक्रवार को बार एवं बेंच की समन्वय बैठक हुई। बैठक में एसडीएम ने अधिवक्ताओं से अदालती कामकाज को सुचारू बनाये रखने को लेकर सहयोग मांगा। उन्होंने अधिवक्ताओं से कहा कि वादकारियों को शीघ्र न्याय मिल सके तभी बार एवं बेंच के पूर्ण न्याय के लक्ष्य को हासिल किया जा सकेगा। नवागंतुक एसडीएम उदयभान सिंह ने वकीलों को भरोसा दिलाया कि समस्याओं के निस्तारण में तहसील प्रशासन पीड़ित की अपेक्षा पर खरा उतरेगा। एसडीएम ने तहसील में न्यायिक तथा प्रशासनिक कामकाज के वातावरण में सुधार के लिए सहयोग की अपील की उन्होंने कहा कि वकीलों के मान सम्मान व उनकी समस्याओं के निस्तारण में सदैव प्राथमिकता दी जाएगी। एसडीएम न्यायिक तनवीर अहमद ने भी बार एवं बेंच के बीच सहयोग बनाने की अपील की। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने तहसील में साफ-सफाई तथा जन सुविधाओं को सुदृढ़ बनाये जाने पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने अफसरों को अधिवक्ताओं तथा वादकारियों से जुड़ी प्राथमिकताएं गिनाई। संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व संयोजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी तथा उपाध्यक्ष बांके तिवारी ने किया। पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, शिवाकांत उपाध्याय, रामलगन यादव, अजय शुक्ल गुड्डू, विनोद मिश्र, ने अपने संबोधन में न्यायिक सुचिता को लेकर सुझाव सौंपे। इस मौके पर दिनेश मिश्र, कमाल अहमद, विपिन शुक्ल, प्रमोद सिंह, दीपेन्द्र तिवारी, सुशील शुक्ल, अनिल मिश्र, शिवाकांत शुक्ल, घनश्याम सरोज, राजेश सरोज, सुरेश मिश्र मदन, सुमित त्रिपाठी, देशराज यादव, पारसनाथ सरोज, उदयराज पाल, ललित गौड़, घनश्याम संवरिया, भाष्कर शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

## सरकारी जमीन पर बना आशियाना एसडीएम ने नायब को सौंपी जांच

**जांच**

**लेखपाल की नोटिस का नही दिखा दबंग पर असर**

**कुंडा एसडीएम ने नायब तहसीलदार को राजस्व टीम गठित करके सरकारी जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने का दिया है आदेश**

प्रतापगढ़। आरक्षित सरकारी जमीन पर गांव का दबंग कब्जा कर अपना आशियाना बना लिया। क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा कई बार सरकारी जमीन को खाली करने का नोटिस दिया गया। दबंग द्वारा जमीन खाली करने के बजाय उस पर निर्माण कर रहा है। अब ग्राम प्रधान की शिकायत पर एसडीएम ने नायब तहसीलदार को जांच सौंपी है। महेशगंज थाना क्षेत्र के गोगहर गांव में एक दबंग ने सरकारी जमीन पर कब्जा करके उस पर घर बनवा रहा है। मामलें की जानकारी पर लेखपाल प्रतीक गुप्ता ने जमीन की पैमाइश करते हुए दबंग को जमीन खाली करने का नोटिस दिया। अपने रसूख के चलते दबंग ने कब्जा हटाना तो दूर बल्कि और सरकारी जमीन पर निर्माण करके कब्जा कर लिया। जिससे कई बार लेखपाल और दबंग के बीच गर्मागर्म बहस भी हुई। सड़क के किनारे बेशकीमती जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे की शिकायत ग्राम प्रधान हंसराज देवी पत्नी बांकेलाल ने एसडीएम कुंडा से की है। कुंडा एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी ने नायब तहसीलदार बाबागंज को राजस्व टीम गठित करके सरकारी जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने का आदेश दिया है।

## पीस कमेटी की बैठक में शांति बनाये रखने की अपील

प्रतापगढ़। कंधई थाने पर शुक्रवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी त्योहार होली एवं शब ए बारात के मद्देनजर आपसी भाईचारा बनाये रखने की धनाध्यक्ष विनीत उपाध्याय ने लोगों से सहयोग की अपील की बैठक में थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, सम्मानित व्यक्तियों एवं प्रबुद्धजन शामिल हुए। आगामी त्योहारों को लेकर आए लोगों ने से शांति बनाए रखने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर गोंगिटी ग्राम प्रधान दिलीप सिंह, ईशनपुर प्रधानपति अरुण सिंह, मीरानपुर प्रधानपति मोबीन खान, राजापुर मुफरिद नौशाद शाह, गग्रधान मंदाह इरशाद अली, प्रधान बोझी पिरथी पाल, प्रधान ताला अजीत यादव, प्रधान नेवरा महावीर यादव, प्रधान फेनहा जगदीश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### सत्यापन में गड़बड़ी पाये जाने पर होगी सख्त कार्यवाही : डॉ0 अश्वनी सिंह



प्रतापगढ़। जिला कृषि अधिकारी तथा उर्वरक निबन्धन प्राधिकारी डॉ0 अश्वनी सिंह ने जिले के फुटकर खाद विक्रेताओं को चेतावनी जारी किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान रबी में यूरिया टॉप ड्रेसिंग का समय लगभग समाप्त हो चुका है। परन्तु आनलाइन मानीटरिंग में देखा जा रहा है कि जिले के बहुत से फुटकर खाद विक्रेताओं द्वारा अभी भी किसानों को यूरिया खाद की बिक्री की जा रही है। जिला कृषि अधिकारी ने सभी फुटकर खाद विक्रेताओं को सख्त चेतावनी दी है। कहा कि यदि सत्यापन के समय बिक्री उर्वरक मात्र पी0ओ0एस0 मशीन से स्टॉक खारिज करने हेतु किया जाता है या पी0ओ0एस0 से भौतिक स्टॉक के सत्यापन के समय अंतर मिला तो कानूनी कार्यवाही होगी। ऐसे दुकानदारों को उर्वरक व्यवसाय से वंचित करते हुये उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। विभाग के गाइड लाइन का उल्लंघन कर रहे खाद बिक्रेता इसके लिये स्वयं उत्तरदायी होंगे।

### रीड एलांग एप के जरिए ऑनलाइन शिक्षा के महत्व के बताया गया



प्रतापगढ़। बाबागंज ब्लाक की खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह की अगुआई में दीक्षा एवं रीड एलांग एप के जरिए ऑनलाइन शिक्षा के महत्व को बताया गया। महेश गंज, बहोरिकपुर, झींगुर, आजाद नगर आदि स्थानों पर एलईडी के जरिए ग्रामीण अंचलों में ऑनलाइन शिक्षा की जागरूकता पर अभियान चलाया गया। ऑनलाइन शिक्षा को जानने के लिए अभिभावकों में उत्सुकता देखा गया। बीईओ ने बताया कि मुख्यमंत्री का यह अभियान बहुत ही सफल और ग्रामीणों को शिक्षा की ओर आकर्षित कर रहा है। गरीब बच्चों के लिए यह ऑनलाइन शिक्षा एक मिसाल बनेगी। इस दौरान एआरपी राजेंद्र कुमार यादव, जयराम यादव, सुन्दरम श्रीवास्तव, नोडल संकुल अशोक कुमार, विनीत त्रिपाठी, हरिकृष्ण, प्रियंका, सुरेंद्र पांडेय, पंकज सिंह, बच्चों के साथ अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### रोजगार मेले में 361 बेरोजगारों को मिली नौकरी



प्रतापगढ़। जिला सेवायोजन कार्यालय की तरफ से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पट्टी में शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें निजी क्षेत्र की आठ कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में सात सौ से अधिक अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार दिया। जिनमें से 361 अभ्यर्थियों का नौकरी के लिए चयन हुआ। इस मेले में जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह यादव, सहायक सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी, राजकीय आईटीआई प्रधानाचार्य बी0बी0 सिंह एवं आई0टी0आई0 पट्टी के प्रधानाचार्य गुंजन गुप्ता सहित अन्य अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

## पति, सास-ससुर समेत तीन को कठोर कारावास व अर्थदंड की सजा



प्रतापगढ़। सिविल जज जूनियर डिविजन व एफ0टी0सी0 प्रदीप यादव ने दहेज उत्पीड़न व मारपीट के आरोप में दोषी पाते हुए राम भवन (पति) सरजू प्रसाद (ससुर) व राजपति (सास) निवासीगण बेरजवा थाना कुंडा को दो वर्ष के कठोर कारावास तथा प्रत्येक को तैतीस-तैतीस सौ रुपया अर्थदंड से दंडित किया। उक्त मामले में राज्य की ओर से पैरवी सहायक अभियोजन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने की। वादी मुकदमा प्रतिभा देवी के अनुसार उसकी शादी 25 अप्रैल 2012 को राम भवन यादव निवासी बेरजवा मनगढ़ थाना कोतवाली कुंडा के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। प्रार्थी के पिता ने अपनी हैसियत से बढ़- चढ़ कर दान दहेज दिया था। तत्पश्चात वह अपने ससुराल गई और स्त्री धर्म का पालन करती रही। परंतु शादी के दो माह बाद उसके पति राम भवन ससुर सरजू प्रसाद व सास राजपति चचिया ससुर बसंत लाल व जेठ उमेश कुमार उससे दहेज की मांग करने लगे। प्रताड़ित करते हुए कहा कि एक सोफासेट तथा एक लाख नगद अपने बाप के यहां से लाओ नहीं तो तुमको जिंदा मार डालूंगा। प्रार्थी ने जब अपने पिता से दहेज की मांग की बात बताई तो उन्होंने गरीब होने के कारण दहेज की मांग पूरी करने में असमर्थता जताई। 17 अप्रैल 2013 को 12 बजे दिन में उसके पति, सास, ससुर, चचिया ससुर बसंत जेठ ने मिलकर दहेज की मांग को लेकर उसे लात घुसा मुक्का डंडे से मारा पीटा तथा भद्दी-भद्दी गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए घर से भगा दिया। उसके गहने व कपड़े छीन लिए। न्यायालय ने चचिया ससुर बसंत कुमार व जेठ उमेश कुमार को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया।

## ट्रक ने रोडवेज बस में मारी टक्कर, बाल-बाल बचे यात्री

प्रतापगढ़। प्रयागराज से सवारी लेकर भोर में लखनऊ जा रहे रोडवेज बस में अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे बस काफी क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन बस पर सवारियां बाल-बाल बच गई। बस ड्राइवर ने पुलिस को मामले की तहरीर दी है। शुक्रवार की भोर में करीब 5.30 बजे प्रयागराज से सवारियां लेकर रोडवेज बस लखनऊ जा रही थी। जैसे ही वह बस मानिकपुर थाना क्षेत्र के पाल ढाबा रहमत अली का पुरवा के पास पहुंची। सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ। ड्राइवर पन्नालाल ने पुलिस को तहरीर दी है। घटना के बाद ट्रक का ड्राइवर भाग निकला। बस के परिचालक राज यादव पुत्र जयराम यादव नेवस की सवारियों को दूसरे बस पर शिफ्ट कर लखनऊ के लिए रवाना किया। पुलिस रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की बात कह रही है।

# जंगल में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू




आग बुझाते फायर ब्रिगेड कर्मी

प्रतापगढ़। आसपुर देवसरा दयाल गंज बाजार से पूर्व की दिशा में दयालगढ़ अमरगढ़ संपर्क मार्ग के किनारे स्थित जंगल की झाड़ियों में गुरुवार को आग लग गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। तेज हवा चलने के कारण ग्रामीण को आग की ऊंची ऊंची उठती लपटों पर काबू करना भारी पड़ रहा था। ग्रामीणों ने सूचना फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। जिससे आग जंगल में ज्यादा नहीं फैली। समय रहते आग पर काबू पाने के कारण जंगल में बहुत अधिक नुकसान तो नहीं हुआ पर दर्जनों हरे कीमती पेड़ आग से जल गए और कुछ झुलस भी गए हैं। आग लगने की जानकारी होने पर आसपुर देवसरा एसओ संजय पांडे भी मय फोर्स मौके पर पहुंचे हुए थे।

## जनसंपादकीय

# कांग्रेस के 85वें अधिवेशन के मायने

**डॉ. ललित कुमार**



भारत के तीन राज्यों में होने वाले चुनावों (त्रिपुरा, मेघालय, ओर नागालैंड) से इतर जब हम देश के बाकी छह राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों पर अगर नजर दौड़ आते है, तो लगता है कि इन राज्यों में कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधा मुकाबला होने वाला हैं। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में कांग्रेस बीजेपी पर भारी पड़ सकती है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 24 फरवरी को तीन दिवसीय कांग्रेस के 85वें अधिवेशन का आगाज होने जा रहा है। इस अधिवेशन को लेकर कांग्रेस पार्टी जिस शतरंज की चाल के आसरे बीजेपी को घेरने में लगी है उसे यही कयास लगाए जा रहे है कि कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ में फिर से मजबूत पार्टी बनकर उभर सकती है। ह्यभारत जोड़ो यात्राह्ल के जरिए कांग्रेस ने अपनी धूमिल होती छवि को काफी हद तक साफ किया है, साथ ही राहुल गांधी के प्रति लोगों का नजरिया भी बदला है। जनता में कांग्रेस की रणनीति को लेकर अक्सर सवाल खड़े होते है कि आखिर कांग्रेस लगातार इतने अज्ञातवास में क्यों होती चली जा रही है और उसका जनाधार बीजेपी में क्यों शिफ्ट होता जा रहा है? इसकी को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस पार्टी लगातार मंथन करने में लगी है। लेकिन ह्यभारत जोड़ो यात्राह्ल द्वारा मिले अपार जनसमर्थन से पार्टी का मनोबल बढ़ा है। इसलिए कांग्रेस का यह अधिवेशन कई मायनों में खास माना जा रहा है और वह भी ऐसे समय में जब पार्टी ने कन्याकुमारी से जम्मू तक की पैदल यात्रा करके देश को बड़ा संदेश देने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी भारत के हर मजहब को एक साथ लेकर चलने वाली पार्टी रही है। राहुल गांधी ह्यभारत जोड़ो यात्राह्ल के बाद से एक नई भूमिका में नजर आ रहे हैं। सत्ता पक्ष पर करते तीखे हमलों की वजह से लगता है कि राहुल गाँधी ने इस बार ऊपर काफी वर्कआउट किया है। यही कारण है कि राहुल गांधी की लोकप्रियता का ग्राफ धीरे-धीरे जनता के बीच बढ़ता जा रहा है। यानी इससे साफ होता है कि कांग्रेस फिर से अपने पैरों पर खड़े होने के लिए तैयार है और साथ ही एक नई भूमिका में नजर आ सकती है।

रायपुर में होने वाले कांग्रेस अधिवेशन को लेकर हर किसी की नजर इस पर टिकी हुई है कि कांग्रेस पार्टी इस बार छत्तीसगढ़ से देश को क्या संदेश देना चाहती है? इससे पहले भी कांग्रेस पार्टी ने रायपुर में 1960 के दशक में अधिवेशन किया था जो साइंस कॉलेज के खेल मैदान पर हुआ था और उस समय के तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू थे। उस समय छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश का हिस्सा हुआ करता था। देश का दक्षिण-पूर्वी भारत का यह क्षेत्र अधिक पिछड़ा क्षेत्र माना जाता था। लेकिन उस दौर में पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भिलाई में सोवियत संघ की मदद से एशिया के सबसे बड़े इस्पात कारखाने की स्थापना (1955) की थी। जिसे आज एशिया का सबसे बड़ा रेल उत्पादन संयंत्र माना जाता है। इस प्लांट की स्थापना करके पंडित जवाहरलाल नेहरू ने दुनिया को यह संदेश दे दिया था कि कांग्रेस पार्टी आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए ही निर्णय लेती है। उस वक्त कांग्रेस ने कई बड़ी उपलब्धियों को हासिल किया। जिसमें देश के किसानों, बेरोजगारों युवाओं और मजदूरों के रोजगार के मुद्दों से जुड़े हितों को ध्यान में रखते हुए इस तरह के कारखानों की स्थापना करना कांग्रेस की बड़ी उपलब्धियों में शामिल है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह था कि कांग्रेस लगातार गरीबों के हक की आवाज बनती चली गई लेकिन वर्तमान में अब परिस्थितियां बदल चुकी है।

'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपने को और ज्यादा मजबूत करना चाहती है। रायपुर का कांग्रेस अधिवेशन कई मायनों में इसलिए भी खास होने वाला है कि पार्टी आगामी चुनावों की रणनीति को ध्यान में रखकर क्षेत्रीय दलों को एक साथ लेकर पार्टी को मजबूती देना चाहती है। इसलिए कांग्रेस बीजेपी के खिलाफ आगामी लोकसभा चुनाव से पहले मोर्चा संभालने की स्थिति में नजर आती हुई दिख रही है और इसी अधिवेशन के जरिए बीजेपी को अपनी ताकत का एहसास कराना चाहती है। अखिल भारतीय कांग्रेस परिषद (एआईसीसी) का मानना है कि इस अधिवेशन की थीम ह्यहाथ से हाथ जोड़ोह्ल होगी जो भारत जोड़ो यात्रा की ही तरह होगी। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर हाथ जोड़कर जनता से पार्टी के हाथ को मजबूती दिलाने के लिए जनसमर्थन जुटाने की कोशिश करेंगे। अगर भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान सफल हो जाता है तो माना जा सकता है कि कांग्रेस को फिर से जीवनदान मिलने की उम्मीद है।

कांग्रेस पार्टी हमेशा से आपसी वैमनस्यता को साइडलाइन करके टूटे हुए समाज को फिर से जोड़कर राष्ट्र की उन्नति के लिए दुनिया को आपसी भाईचारे के संदेश देना चाहती है। कांग्रेस पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल का मानना है कि यह अधिवेशन कांग्रेस में एक नई जान डालने का काम करेगा साथ ही 2024 के लिए एक मील का पत्थर साबित हो सकता है, जिससे कांग्रेस को मजबूती मिलेगी और विपक्षी दलों के एक साथ आने से पार्टी को मजबूती मिल सकती है। इसलिए इसी अधिवेशन में काफी विचार मंथन होगा। छत्तीसगढ़ में नफरती ताकतों को रोकने के लिए कांग्रेस पार्टी अलर्ट मोड़ पर आने के लिए तैयार हैं। क्योंकि छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में नौ महीने बाद चुनाव होने है। इसी के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी इन राज्यों को ध्यान में रखते हुए एक गेम चेंजर की भूमिका में आ सकती है।

**(लेखक श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भिलाई में पत्रकारिता के सहायक प्रोफेसर हैं)**

# खतरनाक करवट लेता यूक्रेन युद्ध

*तमाम खतरे उठाकर अमरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का कीव पहुंचना बहुत ही खतरनाक और जोखिम भरा दुस्साहस था। इससे रूस की भृकुटि तन गयी है। अब युद्ध जल्द रुकने वाला नहीं और इससे भी इंकार नहीं कि कब तीसरे विश्व युद्ध में बदल जाए? अब सबकी निगाहें चीन पर हैं जो देर-सबेर खुलकर रूस के साथ दिखेगा। ऐसे में भारत, पाकिस्तान और दूसरे एशियाई देशों पर दुनिया की निगाहें हैं।*

## खतरनाक भविष्य का संकेत

**ऋतुपर्ण दवे**



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के मिशन सीक्रेट का खुलासा होने और रूस द्वारा युद्ध कभी न जीत पाने की चुनौती से यूक्रेन संकट जल्द खत्म होता नहीं दिखता। तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ती लड़ाई अब और बड़ी होगी। कभी जिस युद्ध को हफ्ते-पन्द्रह दिन में खत्म होने की बातें थी उसे अब साल पूरा रहा है। ऊपर से अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का रात के अंधेरे में पहले हवाई सफर फिर 10 घण्टे की उबाऊ ट्रेन यात्रा कर यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचना ही दुनिया के लिए हैरानी भरा है। बिना सूचना, चुनिंदा भरोसेमंद पत्रकारों को साथ लेकर गोपनीय तौर पर रात में निकले बाइडेन की जोखिम भरी यात्रा अब दुनिया के लिए बहुत बड़ी जोखिम की शुरूआत लग रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति का उस जगह होना जहां कभी भी रूस मिसाइलों का अटैक हो सकता है। उससे भी बड़ा यह कि यूक्रेनी हवाई आक्रमण का न तो अमेरिकी फौज के पास नियंत्रण है और न ही खुद यूक्रेन के पास, बड़ा इशारा है। इन हालातों में एक ताकतवर देश के राष्ट्रपति का युध्द विभीषिका से गुजर रहे देश की राजधानी यूं चुपचाप पहुंचना बड़े संकेतों से कम नहीं है। बाइडेन का यह बयान भी बेहद मायने रखता है जिसमें वो लोकतंत्र, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की दुहाई खातिर अपनी अटूट प्रतिबद्धता जताने कीव पहुंचना बताते हैं।

बाइडेन के जाते ही सभी की निगाहें रूस पर आ टिकीं कि पुतिन का क्या जवाब होगा? बिना देरी किए पुतिन ने भी मंगलवार को अमेरिका को काफी भला बुरा कहा। यूक्रेन में भी सीरिया-ईराक जैसा खेल कराने की बात कहते हुए पश्चिमी देशों का रूस की संस्कृति पर हमला बताया। वहीं बाइडेन लौटते हुए पोलैण्ड से ही रूस पर जुबानी जंग तेज करते हुए कहने से नहीं चूके कि हर हालत में हम यूक्रेन को साथ देंगे। उन्होंने कहा कि नाटो देश न केवल एकजुट हैं बल्कि पुतिन की हरकतों से फिनलैंड और स्वीडन को नाटों में शामिल होने की प्रेरणा मिली। यूक्रेन को रूस ने न केवल कमजोर समझा बल्कि यह झूठी धारणा भी बना ली कि पश्चिमी देश एकजुट नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साझा बयान से युद्ध को एक नए अंजाम पर पहुंचाने की संभावनाओं को बल मिलता है। अमेरिका-यूक्रेन इसे रिश्तों का ऐतिहासिक पड़ाव भी बताते हैं और नतीजा युध्द के मैदान पर दिखाने का दम भी भरते हैं। बाइडेन की जोखिम भरी यात्रा पूरी होने के बाद दुनिया को पता चलना बहुत बड़ी सामरिक रणनीति और युद्ध और भड़काने जैसा ही है। भले ही इस औचक दौरे से रूस चिढ़े, चीन की आँखें तने और प्रतिक्रियाएं भी दिखे लेकिन तीसरे विश्व युध्द सरीखे बड़े युध्द से इंकार की गुंजाइश नहीं दिखती।

रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन का कहना है कि लगातार नाजी खतरों के चलते वहां के लोगों के खातिर यूक्रेन में खास कार्रवाई कर रहा है। बड़ी चतुराई से भारत का नाम लेकर पुतिन ने दोस्ती का बिना कहे दम भी भरा बल्कि ईरान, चीन, पाकिस्तान जैसे देशों से आर्थिक संबंधो बढ़ाने के लिए नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर विकसित कर हिन्द-प्रशान्त क्षेत्र पर जोर दिया। पुतिन ने अमरीका और सहयोगियों पर बुनियादी समझौते से हटने और झूठे बयानों का आरोप लगाते हुए पश्चिम को ही युध्द अपराधी बताते हुए खुद की सेना को युद्ध रोकने के खातिर झोंकना बता कर साफ कर दिया कि जल्द युद्ध की समाप्ति अब असंभव है। पुतिन ने परमाणु संधि को भी निलंबित करने की घोषणा कर दो टूक जवाब दिया कि यदि अमरीका परमाणु हथियारों को परीक्षण करेगा तो वह चुप नहीं बैठेगा। इसके बाद अमेरिका-रूस के बीच 2010 में हुई संधि जो 2021 में 5 साल और बढ़ाई गई थी बेमायने हो गई। मतलब साफ है कि घातक और नए दौर के उन्नत तथा दूर तक मार करने वाले हथियारों के उपयोग से युद्ध नए मोड़ पर होगा। बाइडेन का बतौर राष्ट्रपति यूक्रेन का यह भले ही पहला और चौंकाने वाला दौरा हो लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि उप-राष्ट्रपति रहते हुए पहले भी 6 बार यूक्रेन हो आए हैं। अब युद्ध जल्द रुकने वाला नहीं और इससे भी इंकार नहीं कि कब तीसरे विश्व युद्ध में बदल जाए? अब सबकी निगाहें चीन पर हैं जो देर-सबेर खुलकर रूस के साथ दिखेगा। ऐसे में भारत, पाकिस्तान और दूसरे एशियाई देशों पर दुनिया की निगाहें हैं।

आँकड़े बड़े नुकसान का इशारा कर रहे हैं। साल 2022 के अंत तक दोनों तरफ से 1.90 लाख से ज्यादा सैनिकों की मौतें और लगभग 1 लाख से ज्यादा का घायल होना तथा करीब 10 हजार स्थानीय नागरिकों के मारे जाने की भी सुर्खियां रहीं। साथ ही 1.5 करोड़ यूक्रेनी लोगों का जिन्दगी की जंग खातिर जद्दोजेहद, लाखों का प्रभावित होना तथा पलायन करना और करीब 75 लाख से अधिक का मजबूरन विस्थापित होना बड़ी हकीकत है। यूक्रेन के कई शहर और करीब 18 प्रतिशत जमीन पर रूसी कब्जे के बीच बाइडेन की कीव में मौजूदगी से कोई शांति की उम्मीद करना पूरी तरह से बेमानी है। ये युद्ध भले ही दो देशों के बीच वर्चस्व के लिए हो रहा है लेकिन भुगतना तो पूरी दुनिया को पड़ रहा है। इसका असर भी दिखने लगा है। भोजन और तेल की कीमतों में पूरी दुनिया में दो देशों की लड़ाई से जबरदस्त उछाल आया। दो महीने पुराने आंकड़ों को देखें तो ये समझ आता है कि पूरी दुनिया करीब 4 से 5 ट्रिलियन डॉलर यानी 340 से 350 लाख करोड़ रुपए की चोट खा चुकी है। अनुमानतः खुद यूक्रेन के 8 लाख करोड़ तो रूस के 8 हजार अरब रुपए फुंक चुके हैं। वहीं अमेरिका और यूरोपियन देश भी इसमें तकरीबन 12520 अरब रुपए स्वाहा कर चुके हैं। सबसे बड़ी मार आम आदमी पर पड़ी जिसके लिए भोजन और ईंधन जुटाना बहुत महंगा हो गया। बेरोजगारी, बाधित मांग-आपूर्ति श्रृंखला और स्वास्थ्य को शामिल कर लें तो आंकड़ा 24 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। युद्ध से हुई उन मौत जोड़ दें जिनकी औसत उम्र 30 साल थी और जो 30 तक अपने-अपने देश की अर्थव्यवस्था में मदद करते तो आंकड़ा 144 लाख करोड़ रुपए के पार जा पहुंचता है यानी कुल मिलाकर पूरी दुनिया में युद्ध से नुकसान ही नुकसान दिखा। लेकिन बड़ी हकीकत यही कि फिर भी दुनिया तीसरे विश्वयुद्ध के मुहाने पर है इससे इंकार नहीं किया जा सकता है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और स्तंभकार हैं।)**

## अंतर्विरोधी हरकतों का नतीजा

**रमेश ठाकुर**



आज पूरा एक वर्ष हो गया, रूस-यूक्रेन के युद्ध को चलते हुए। युद्ध किसी समस्या को सुलझाने का विकल्प नहीं हो सकता? ये ऐसी हनन और जिद है जो सिर्फ बबार्दी और तबाही देती है। वैश्विक व्यवस्था, अर्थव्यवस्था, आपसी संबंधों और आर्थिक मोर्चे को रूस-यूक्रेन के जंग ने बबार्दी की गहरी खाई में कितना नीचे धकेल दिया है, जिसकी फिलहाल कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। नुकसान की समीक्षा होगी, लेकिन युद्ध रुकने के बाद। पर, जंग के दुष्परिणामों को समूची दुनिया ने अभी झेलना शुरू कर दिया है। युद्ध रूकवाने को कई मुल्कों ने ईमानदारी से प्रयास किए, जिनमें भारत ने पहले दिन से अग्रणी भूमिका निभाई। लेकिन सभी कोशिशें असफल हुईं, इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जितनी भी विदेशी यात्राएं हुईं, वहां भी उन्होंने इस मसले को प्रमुखता से उठाया। दरअसल, युद्ध की समकालीन तासीर कल्पनाओं से अलहदा हैं। कुछ ऐसे कारण हैं जिनमें कई मुल्कां को सामुहिक प्रयास करने होंगे? तभी बात बन सकती है। वरना, स्थिति और बिगड़ेगी।

पिछले वर्ष जब रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ, तो रूसी सरकार का पहला अधिकारिक बयान आया कि अगले 24 घंटे में वो यूक्रेन को हरा देंगे? लेकिन साल बीत गया, पर दोनों मुल्कों के बीच जारी जंग एक दिन भी नहीं रुकी? रुकेगी भी या नहीं, इसकी भी कोई संभावना फिलहाल दिखती नजर नहीं आती? दरअसल, इस लड़ाई को रूस ने नाक की लड़ाई बना लिया है। उन्हें डर है कि कहीं उनकी हनक, आर्थिक मोर्चे पर मुल्क का प्रभाव, साथ ही समूचे संसार में बढ़ती उनकी ताकत कम ना हो जाए? खुदा ना खास्ता अगर ऐसा हुआ तो विश्व बिरादरी में नाक कट जाएगी कि एक छोटे से मुल्क को नहीं हरा पाए और हार मान ली। इसलिए रूस को बबार्द होना गवारा है, पर हारना नहीं? युद्ध अगर यूं ही चलता रहा है तो रूस की यही जिद उन्हें कहीं की नहीं छोड़ेगी, तबाही कर देगी। जारी जंग में दोनों मुल्कां में ना कोई झुकने को राजी है और ना हार मानने को? इसलिए तत्कालिक तस्वीरें कुछ ऐसी ही दिखती हैं कि जंग फिलहाल किसी नतीजे पर पहुंचती नहीं दिखती। अमेरिकी राष्ट्रपति का दौरा भी पिछले सप्ताह यूक्रेन में हुआ, तब उम्मीद जगी कि वो मध्यस्ता करके युद्व को रूकवाएंगे, लेकिन वो यूक्रेन की पीठ थपथपाकर यह कहते हुए चले गए कि अमेरिका तुम्हारे साथ है, लड़ो हम साथ है, जितने भी सैन्य हथियारों की जरूरत होगी, अमेरिका मुहैया कराएंगा। जंग रूकवाने में यूक्रेन को अगर अब भी किसी देश से उम्मीद है तो वह हिंदुस्तान ही है। तभी, यूक्रेनी राष्ट्रपति के संसदीय प्रमुख एंड्री यरमक ने हमारे एनएसए प्रमुख अजीत डोभाल को हाल ही में फोन करके युद्व रूकवाने की मदद मांगी। इससे पहले भी पिछले वर्ष अगस्त में यूक्रेनी राष्ट्रपति ने सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करके मध्यस्थता के लिए कहा था। तब उन्होंने ये बात रूसी राष्ट्रपति के समझ रखी थी। पर, बात नहीं बनी, युद्ध को एक साल बीत गया है लेकिन प्रयास अब भी जारी हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उम्मीद थी कि यूक्रेन पर हमले से पश्चिमी संसार बंट जाएगा और नाटो कमजोर पड़ेगा, वैसा हुआ कतई नहीं? पर, तत्काल नतीजे उनके सोच से विपरीत दिख रहे हैं। परिणाम कुछ ऐसे दिखते हैं युद्व के बाद पश्चिमी देशों का गठजोड़ और मजबूत हुआ है।

युद्ध के बाद रूस चौतरफा घिरा है, दुनिया का एक तिहाई हिस्सा उनसे अलग हो चुका है। 27 देशों वाले यूरोपीय संघ ने सख्त प्रतिबंध लगा दिए हैं। जबकि, वो सभी मिलकर यूक्रेन को अनगिनत धन की मदद भेज रहे हैं। इसके अलावा नाटो सदस्य मुल्क लगातार हथियार मुहैया करा रहे हैं। इसलिए ये युद्ध अभी लंबा खिंचेगा। यूक्रेन के सहयोग में अमेरिका अब खुलकर सामने आ गया है। उनकी भूमिका थोड़ी सी अब संदिग्ध दिखती हैं, जबकि अगर ईमानदारी से पहल करता तो युद्व रूक भी सकता था। अमेरिका की पहचान से दुनिया वाकिफ है। फिलहाल, साल भी से जारी रूस-यूक्रेन युद्व ने निश्चित रूप से अर्थव्यवस्थाओं के स्वरूप को बदला है। समूची दुनिया में युद्ध ने आर्थिक मोर्चे पर बड़ा प्रभाव डाला है। युद्ध से पूर्व तमाम यूरोपीय संघीय देशों का प्राकृतिक गैस का आधा हिस्सा और पेट्रोलियम का एक तिहाई हिस्सा रूस पर ही निर्भर हुआ करता था। लेकिन वर्ष भर में युद्ध ने स्थिति को एकदम बदल दिया है। स्थिति अब कुछ ऐसी बनती जा रही है जिससे पश्चिमी देश अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए नए विकल्प तलाशने में लग गए हैं।

रूस-यूक्रेन युद्ध से वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता का दौर भी शुरू हो गया है। जंग से ना फिर्स आम यूक्रेनी नागरिक प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि अन्य देश भी इसकी चपेट में आ चुके हैं। यूक्रेन में भारत से असंख्य मात्रा में छात्र मेडिकल की पढ़ाई के लिए जाते थे। जंग के बाद उनकी पढ़ाई भी अधर में अटक गई। अब, रूस ने परमाणु युद्ध की धमकी दी है, अगर ऐसा हुआ तो समूचे विश्व में शीत युद्ध जैसी स्थिति पैदा हो जाएगी। आज के समय में परमाणु हमले के संबंध में सेचना भी घोर चिंता का विषय है। सरकारी आंकड़े बताते हैं सामान्य युद्ध से ही सिर्फ यूक्रेन में 19,000 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, करोड़ों की संख्या में बेघर हुए हैं। कमोबेश, ऐसा ही आंकड़ा रूस का भी है। वहां भी भुखमरी जैसे हालात पैदा हुए हैं। शिक्षा पूरी तरह से प्रभावित है। सरकारी कार्यालयों में ताले लटके हैं।

बहरहाल, युद्ध के बाद रूस के अंदरूनी हालात ज्यादा अच्छे नहीं हैं। बेरोजगारी और महंगाई की समस्या दिनों दिन बढ़ रही है। इसका प्रमुख कारण उन पर लगा आर्थिक प्रतिबंध है। ज्यादातर मुल्कों ने रूस के साथ आयात-निर्यात करना बंद कर दिया है। सिर्फ भारत एक ऐसा देश है जो राजी रखे हुए है। रूस ने अंतरराष्ट्रीय दाम से बेहद कम कीमत पर कच्चा तेल बेचने का ऑफर हिंदुस्तान को दिया हुआ है। भारत ने उसे स्वीकारा भी है। यही वजह है कि उनकी अर्थव्यवस्था का एक मात्र सहारा इस वक्त भारत है। रूस सस्ते दाम में कच्चा तेल भारत को दे रहा है। बीते दस महीनों से हिंदुस्तान की तेल कंपनियां सस्ते दामों पर वहां से कच्चा तेल खरीद रही हैं। इससे भारत को जबरदस्त मुनाफा हो रहा है। क्योंकि एक वक्त ऐसा था, जब भारत कच्चे तेल खरीदने में सऊदी अरब, इराक व दूसरे खाड़ी देशों पर निर्भर रहता था। मौजूदा वक्त में रूस हमारा सबसे बड़ा ऑयल ट्रेडिंग पार्टनर है, कच्चे तेल की कुल हिस्सेदारी 26 फीसदी है। लेकिन फिर भी भारत युद्ध का पक्षधर नहीं है, चाहता है ये जंग बिना देर करे रूके, लेकिन ऐसा होगा, उसकी तस्वीर फिलहाल नहीं दिखती। अमेरिका इस युद्ध की आड़ में रूस को कमजोर करना चाहता है।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## राजनीति और धर्म का घालमेल

**निर्मल रानी**



मध्य प्रदेश के कुबेरेश्वर धाम में पिछले दिनों आयोजित हुये 'रुद्राक्ष महोत्सव' में भगदड़ मच गयी। परिणाम स्वरूप कई लोग अपनी जान गंवा बैठे,सैकड़ों घायल हुये तो अनेक लापता हो गये। कुबेरेश्वर धाम में 7 दिन तक चलने वाले इसी रुद्राक्ष महोत्सव में भगदड़ के ही समय प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा भी चल रही थी जिसमें लाखों लोग शिरकत कर रहे थे। बताया जा रहा है कि पांच दिन में 30 लाख श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष बांटने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अर्थात प्रतिदिन 6 लाख लोगों को रुद्राक्ष वितरित किया जाना तय था। उसके बावजूद आयोजकों का यह कहना कि उम्मीद से अधिक भीड़ आ गयी,यह समझ से परे है। जिस 'चमत्कारी रुद्राक्ष' के लिये प्रत्येक वर्ष लाखों लोग इकठ्ठा होते हैं,इस के बारे में आश्रम की ओर से यह प्रचार किया जाता है कि इस चमत्कारी रुद्राक्ष को पानी में डालने के बाद उस पानी को पी जाने से लोगों की हर परेशानी दूर हो जाती है। कहा जाता है कि इससे सारे कष्ट का निवारण होता है। कुबेरेश्वर धाम में 'रुद्राक्ष महोत्सव' के अंतर्गत चलने वाली इसी कथा के छठवें दिन भक्तों का गोया सैलाब उमड़ पड़ा था। हजारों वाहन एक साथ कुबेरेश्वर धाम पहुंच गए थे। इन वाहनों के लिए 70 एकड़ में में पांच अलग अलग स्थानों पर पार्किंग बनाई गई थी जोकि पहले ही दिन भर चुकी थी। पूरे सीहोर शहर में कथा में शामिल होने आये भक्त ही भक्त नजर आ रहे थे। पचास किलोमीटर के क्षेत्र में जाम की स्थिति थी। जाम में फंसे होने के कारण हजारों रेल व विमान यात्रियों की यात्रायें छूट गयीं तो कई एम्बुलेंस भी जाम में फँसी रहीं। बच्चों की परीक्षायें छूटीं तो हजारों लोग जीवन यापन हेतु अपने गंतव्य तक नहीं पहुँच सके। भगदड़ के समय अनियंत्रित भीड़ रेलिंग कूद कूद कर अपनी जानें बचाती नजर आयी। जबकि स्वयं पुलिस एसपी रैलिंग कूद कर भागते व स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश करते दिखाई दिये। भूखे प्यासे लोग अपना पेट भरने के लिये कथास्थल के आस पास के चने के खेतों में घुसकर चने के पौधे तोड़ उन्हें खाने को मजबूर थे। कुल मिलाकर कथास्थल के आस पास के बड़े इलाके में चारों ओर घोर दुर्व्यवस्था का दृश्य दिखाई दे रहा था। ठीक इसी समय जब कि लोग भगदड़ से परेशान रोते बिलखते और घायलावस्था में इधर उधर भाग रहे थे उसी समय पंडित प्रदीप मिश्रा का प्रवचन निरंतर जारी थी। चश्मदीद भक्तों व श्रद्धालुओं के ही अनुसार पंडित जी ने इतनी भयानक भगदड़ शोर शराबा और चीख पुकार के बावजूद न ही अपना कथा सिंहासन छोड़ा न ही पीड़ितों के लिये सान्तवना के कुछ शब्द कहे। बल्कि कथा जारी रखते हुये पीड़ित श्रद्धालुओं के घावों पर यह कहते हुये नमक जरूर छिड़का कि-'मौत आनी है तो आयेगी ही'।

इस समय देश के कई प्रमुख तथाकथित संत अपने दुष्कर्मों व जघन्य अपराधों की सजा काट रहे हैं। ऐसे कई सजायाफ़्ता 'धर्मगुरुओं ' को भी सत्ता संरक्षण प्राप्त रहा है और अभी भी है। भले ही वे अपराधी क्यों न हों परन्तु इनके समर्थकों का एक बड़ा वोटबैंक इनके साथ है। इसी वोट बैंक की लालच दिखाकर इसतरह के शातिर 'धर्मगुरु ' इसका लाभ किसी न किसी रूप में उठाते रहते हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या श्रद्धालुओं और आस्थावानों की भक्ति भावना व उनकी आस्था व विश्वास का लाभ उठाकर उन्हें वोट बैंक के रूप में किसी भी राजनैतिक दल विशेष या किसी राजनेता को 'परोसना ' या सीधे तौर पर किसी दल के पक्ष में वोट देने के लिये बाकायदा अपील जारी करना आखिर कितना मुनासिब है ? क्या प्रवचनकर्ता,मौलवी,इमाम, मौलाना,पादरी या किसी भी धर्म के धर्मगुरुओं का अब यही काम रह गया है वे अपने भोले भले अनुयायियों को आध्यात्मिक ज्ञान देने के बजाये इसी बहाने उनका राजनैतिक लाभ उठायें ?

**(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# बौद्धधर्म: मानवता का विशाल आंदोलन

## प्रसंगवश

**शैलेन्द्र प्रताप सिंह**



बुद्ध का मार्ग विशाल मानवता का मार्ग था, जिस पर चलते हुए उन्होंने जातिप्रथा को चुनौती देकर इस देश में एक महान आंदोलन का सूत्रपात किया और चारों वर्णों तथा स्त्रियों को धर्म का समान अधिकार दे दिया। यह ब्राह्मणधर्म के खिलाफ सबसे बड़ी बगावत थी और बौद्धों का ब्राह्मणों ने जो भी विरोध किया, यह इसी विद्रोह के कारण किया। बौद्धधर्म की एक बड़ी विशेषता यह रही कि उसने जातिप्रथा के खिलाफ हथियार कभी नहीं डाले। यही कारण है कि महायान बिगड़कर जब मंत्रयान एवं वज्रयान बनने लगा, तब भी जातिवाद के खिलाफ उसकी कार्यवाही जारी रही। बौद्धधर्म ने जातिवाद का डटकर विरोध किया इसी से मध्यकाल में जाकर निर्गुण मत का प्रचार करनेवाले संतों को यह कहने का साहस हुआ कि वे जातिप्रथा को नहीं मानते। निगुनियां संत बहुत-सी बातों में बुद्ध की परंपरा में हैं। उनका वैराग्य, उनकी निवृत्तिवादिता, उनका फक्कड़पन, सभी जातियों को बराबर मानने का आग्रह तथा यह विश्वास कि देवता मंदिर में नहीं, मनुष्य के हृदय में हैं, ये सारी-की सारी बातें बौद्धधर्म से निकली हैं। अगर बुद्ध नहीं हुए होते तो इस देश में दादू व कबीर तथा नानक व हरिदास निरंजनी में से कोई नहीं हुआ होता। इस देश में विशाल मानवता का आंदोलन बुद्ध का ही चलाया हुआ है और तब से आज तक बराबर चलता आ रहा है। उनका यह आंदोलन क्रांतिकारी सिद्ध हुआ।

बुद्ध के समय से भारत में चिंतन की दो धाराएं बहती आ रही हैं। एक वर्णाश्रम धर्म की धारा है, जिसके ऋषि मनु, वसिष्ठ एवं याज्ञवल्क्य, दार्शनिक शंकराचार्य तथा कवि तुलसीदास हैं। दूसरी धारा मूल संस्कृति के विरुद्ध विद्रोह करने के लिए फूटी थी। इस धारा के ऋषि विश्वामित्र व बुद्ध, दार्शनिक वसुबंधु व नागार्जुन कवि सरहपा, नन्हपा, कबीर, नानक, दादू व मलूकदास हैं। यह धारा जाति, वंश एवं गोत्र में विश्वास नहीं करती वरन्‌ धीरे-धीरे सभी धर्मों में एकता लाकर मनुष्य मनुष्य को एक बनाना चाहती है। मध्यकालीनता के संस्कार छीजते गए हैं और आधुनिकता का वृत्त फैलता गया है। संसार आज भी जनक, बुद्ध. अशोक व गांधी की वंदना करता है। जवाहरलाल संसार को इसलिए प्यारे नहीं हैं कि वे दरिद्र, अशिक्षित, आलसी व असमर्थ देश के नेता हैं बल्कि इसलिए कि वे बुद्ध, अशोक व गांधी के उत्तराधिकारी बनकर खड़े हुए। भारतवर्ष के लंबे इतिहास में जब भी कोई अद्भुत धार्मिक चिंतन किया गया, जनता ने उसे प्रसन्नता से स्वीकार कर लिया। आय तथा अनार्यों (द्रविड़ों) के मिलन के बाद भी अनेक जातियां इस देश में आई और उन सबने हमारी संस्कृति को कुछ-न-कुछ अंशदान दिया। बुद्ध एवं महावीर के नेतृत्व में प्रव धार्मिक क्रांति की पूरी छाप हमारे धर्म व संस्कृति पर मौजूद है। यहां के ने संस्कृति का ऐसा लचीला रूप पसंद किया, जो प्रत्येक नई संस्कृति से लिपटकर उसे अपनी बना सके।

भारतीय संस्कृति महासमुद्र के समान है, जिसमें अनेक नदियां आ आकर विलीन होती रही हैं। जवाहरलाल नेहरू ने लिखा है₹ ईरानी और यूनानी लोग, पार्थियन सोचियन और हून लागू, मुसलमानों से पहले आनेवाले और ईसा की आरंभिक आनेवाले ईसाई, यहूदी और पारसी लोग ये सब एक-के-बाद-एक भारत में आप और उनके आने से समाज ने हल्के कंपन का भी अनुभव किया, मगर अंत में वे सब भारतीय संस्कृति के महासमुद्र में विलीन हो गए। उनका कहीं कोई अलग अस्तित्व नहीं बचा।₹ मिस्टर जोड़ ने भारत की इस अपूर्व क्षमता की जो प्रशंसा की है, वह इसलिए कि संसार के सामने आज जो सबसे बड़ा सवाल पेश है, वह यह कि दुनिया की अनेक जातियों, अनेक वादों एवं विचारों तथा अनेक संस्कृतियों के बीच समन्वय स्थापित करके हम विश्व-संस्कृति का निर्माण कैसे कर सकते हैं। मिस्टर जोड ने भारत को इस योग्यता को विश्व-मानवता के लिए सबसे बड़ा वरदान कहा है। इसी प्रकार बीसवीं सदी के अद्भुत चिंतक एवं विश्व मानवता के अपूर्व उपासक स्वर्गीय रोम्यां रोलां ने लिखा है कि अगर इस धरती पर कोई ऐसी जगह है, जहां सभ्यता के आरंभिक दिनों से ही मनुष्यों के सारे सपने आश्रय व शरण पाते रहे हैं, तो वह जगह हिंदुस्तान है।

यूरोप के प्रसिद्ध विचारक नीत्शे ने ईश्वर की मृत्यु की घोषणा करके यह भी कहा कि ईश्वर की मृत्यु बड़ी घटना है। आदमी इस घटना की बराबरी तभी कर सकता है जब वह खुद ईश्वर बन जाए। इस जर्मन दार्शनिक के बाद फ्रेंच उपन्यासकार अलबेयर कामू ने कहा, ₹नए आदमी का असली दर्द यह सवाल है कि ईश्वर को माने बिना वह संत हो सकता है या नहीं।₹ भारत की परंपरा के पास इसका जवाब है। बुद्ध संत थे, मगर ईश्वर को स्वीकार नहीं करते थे। जैन-धर्म के अनुसार ईश्वरत्व मनुष्य के विकास की उच्चतम कल्पना का नाम है। महर्षि रमण ने भी बुद्ध की तरह कई बार कहा था कि ईश्वर देखने या जानने की वस्तु नहीं है। जानना तो केवल यह है कि 'मैं कौन हूं'।

पहले जब राम या कृष्ण के चरित्र लिखे जाते थे, तब उन्हें धर्म-संस्थापक व दुष्कृति-विनाशक ईश्वरावतार के रूप में चित्रित किया जाता था। यह विज्ञान का प्रभाव है कि अब वे समाज सुधारक, लोक आराधक अथवा संशयग्रस्त मनुष्य के रूप में दिखाए जाते हैं। खगोलविदों की नई खोजों से मनुष्य की यह कल्पना नष्ट हो गई कि पृथ्वी सृष्टि का केंद्र है और ईश्वर की योजना में उसका कोई खास स्थान है।

बौद्धधर्म का राजनीतिक महत्व सबसे अधिक उसके शांति-संबंधी निष्कर्ष में है। शांति का तात्पर्य अस्थिर राजनीति का संतुलन नहीं है, वह एक मानसिक अवस्था मात्र है, जो वैर की भावनाओं से रहित और उस निर्वैयक्तिक व सार्वजनिक प्रेम से परिपूर्ण है, जिसे बौद्ध परिभाषा में मैत्री कहते हैं। बौद्धधर्म मन में शांति का संचार करके उसका बाहर प्रसारण करना चाहता है। इस प्रकार उसका काम अंदर से शुरू होकर बाहर फैलता है। उसके पास मैत्री का ही सबसे बड़ा बल है, जो तटस्थ है और संपूर्ण विश्व को अपने में समेटे हुए है।

अशोक की धर्म-विजय का सिद्धांत स्वीकार करने के पश्चात भारत के लिए यह स्वाभाविक था कि वह किसी शक्ति-गुट में सम्मिलित न हो, क्योंकि उसका किसी देश या समूह के प्रति विरोध-भाव नहीं है। भारत की तटस्थता की नीति वस्तुतः मैत्री को निर्वैयक्तिक, सार्वभौम एवं निरपेक्ष शक्ति की ही प्रतीक है, जो धीरे-धीरे विश्व में अपना प्रकाश फैला रही है।

भविष्यवाणी करना एक दुस्साहस का काम है, फिर भी यह सोचा जा सकता है कि भविष्य में बौद्धधर्म शताब्दियों तक संस्कृति एवं शांति के साथ हाथ मिलाकर चलेगा। जहां तक निकट भविष्य का संबंध है, उसका अधिक पुनरुज्जीवन एशिया के देशों तथा अन्य अ- बौद्ध देशों में होगा और उसके परिणामस्वरूप आगे चलकर विश्व में एक महान सांस्कृतिक नवजागरण होगा।

आधुनिक विश्व का एक-तिहाई भाग बौद्ध है। यह बौद्धधर्म का कुछ कम बड़ा काम नहीं है। तिब्बत, मंचूरिया तथा मंगोलिया सहित चीन, कोरिया, जापान, हिंदचीन, स्यामः (थाईलैंड), वर्मा तथा श्रीलंका तमाम देश बौद्ध हैं। यद्यपि मलाया व इंडानेशिया बौद्ध देश नहीं माने जा सकते, फिर भी बौद्धों की संख्या वहां नगण्य नहीं है। मध्यपूर्व में मुस्लिम देशों तथा रूस को छोड़कर प्रायः संपूर्ण एशिया बौद्ध है।

यद्यपि बौद्धधर्म का उदय भारत में हुआ, किंतु आज वह यहां अधिक दृष्टिगोचर नहीं होता। इसका अर्थ यह नहीं कि भारत में बौद्धधर्म के माननेवाले बिल्कुल नहीं हैं। इस देश के पूर्वी भाग तथा असम में बौद्धधर्म आज भी विद्यमान है। राजपूताना के कुछ भागों तथा नैनीताल व दार्जिलिंग के जिलों में भी यह विद्यमान है। उड़ीसा में बौद्धों की संख्या काफी है और सिक्किम तथा भूटान तो पूर्णरूप से बौद्ध हैं ही। नेपाल यद्यपि राजनीतिक दृष्टि से भारत से अलग है, परंतु सांस्कृतिक दृष्टि से वह भारतीय संस्कृति की प्रभाव परिधि में ही है। नेपाल की आधी जनसंख्या बौद्धधर्म को माननेवाली है।

बौद्धधर्म के संदेश ने आधुनिक जगत में विशेष महत्व प्राप्त कर लिया है। संयुक्त राष्ट्र संघ जिस शांति की बात करता है, उससे यह सूचना मिलती है कि संपूर्ण विश्व आज उन विश्वासों की ओर लौट रहा है, जो बौद्धधर्म में मूर्तिमान हैं। आज दुनिया के तमाम लोग बुद्ध का आदर यह समझकर करते हैं कि वे मानवतावाद के प्राचीनतम प्रवर्तकों में से हैं। जो लोग यह मानते हैं कि जीवन के अंतिम सत्य को नहीं जाना जा सकता, वे भी बुद्ध की दुहाई देते हैं और जिनका यह विश्वास है कि अंतिम सत्य जैसी कोई चीज नहीं है, वे भी उन्हीं का नाम लेते हैं। सन्‌ 1938 में मिस हार्नर नाम की एक लेखिका ने अपनी पुस्तक बुक ऑफ डिसिप्लिन में यह प्रमाणित किया था कि बौद्धधर्म के मौलिक रूप का अध्ययन अभी अपने बचपन में है। जितनी बातें संसार के सामने आ चुकी हैं, उन्हें देखते हुए यह अवश्य कहा जा सकता है कि संसार के सभी धार्मिक नेताओं में से एकमात्र बुद्ध ऐसे हैं, जिन्होंने अत्यंत प्राचीन काल में भी बुद्धिवाद पर मनुष्य की आस्था जमाने का प्रयास किया; मन को भरमानेवाली दार्शनिक कल्पनाओं को व्यर्थ ठहराया और ईश्वरविहीन धर्म की स्थापना करके मनुष्य को यह संदेश दिया कि जो बातें बुद्धि में नहीं आतीं, उन्हें मानने से इनकार करके भी हम धार्मिक बने रह सकते हैं। बुद्ध जैसे महान क्रांतिकारी को आज हम इसीलिए नमन कर सकते हैं।

**(बुद्ध के बढ़ते कदम कविता से साभार)**

## व्यंग्य



## ईडी की दस्तक से ऊँचा हुआ मस्तक

**यशवंत गोरे**

पड़ोस के पांडे जी का डॉगी बहुत दिनों से परेशान कर रहा था। हमारे यहाँ आने वाले हर मेहमान पर भोंकना उसकी एक आदत सी बन गई थी। पांडे जो जब कभी उसे खुला छोड़ते तो झपटने की कोशिश भी करता था। उसके हर कभी भोंकने से मोबाइल पर बात करना मुश्किल होता था। पांडे को समझाने की हमारी सारी कोशिश नाकामयाब रही। बड़ी पंहुच वाले है। तालाब में रह कर मछली से बैर तो नहीं किया जा सकता। एक दिन हमने गुस्से में कुत्ते पर एक व्यंग्य लिख डाला और भेज दिया अखबार में छपने । गुस्से में लिखा व्यंग्य कुछ ज्यादा ही तीखा हो जाता है। एक व्यंग्य लेखक व्यंग्य के बहाने अपनी भड़ास निकालने के सिवा और कर भी क्या सकता है। हमारे व्यंग्य जिस अखबार में छपते थे वही अखबार पांडे जी अपने घर बुलवाते थे। व्यंग्य पढ़ वे समझ तो गए कि यह हमें निशाना बनाकर लिखा गया है , पर बोले कुछ नहीं। पर मन ही मन खार खाए बैठे थे। शायद मौके की तलाश में थे।

शहर की एक संस्था ने हमें बुलाकर हमारा सम्मान किया था , जिसकी खबर स्थानीय अखबार में हमारी तस्वीर के साथ छपी थी, तस्वीर में आयोजक हमें एक लिफाफा सम्मान राशि का देते हुवे दिख रहे है। पांडे जी ने यह खबर पढ़ ली थी। मार्निंग वाक पर निकले तो पांडे जी से सामना हो गया, चेहरे पर कुटिल मुस्कान देते हुवे हमें बधाई दे डाली। रात में दो- तीन व्यंग्य लिखकर सुबह - सुबह सोने बिस्तर पर गए थे , कि दरवाजे की घंटी बजी। हमें आश्चर्य हुआ कि इतने सवेरे कौन होगा? किसी मेहमान के आने की कोई सूचना भी नहीं थी। दरवाजा खोला तो सामने तीन- चार लोग खड़े थे , अधिकारी लग रहे थे। उन्होंने अपना परिचय दिया ' हम ईडी से आये है , आपके घर की तलाशी लेना है ' हमें शिकायत मिली है कि आपके पास आय से ज्यादा सम्पति है। हमने गिड़गिड़ाते हुवे कहा -' आपको कोई गलतफहमी हुई है , हम तो सेवानिवृत बैंक कर्मचारी है। यह मकान भी बैंक से लोन लेकर ही बनाया है , अभी तो उसकी किस्त भी पूरी नहीं हुई है। हमारा कोई रिश्तेदार भी राजनीति में नहीं है। हम मराठी भाषी जरूर है पर हमारा महाराष्ट्र के शिवसेना के किसी भी गुट के किसी नेता से कोई रिश्तेदारी नहीं है। पर वे कहां मानने वाले थे। वे बोले 'हमें तलाशी लेनी है , अलमारियों की चाबियों हमें दे दो। हमने चाबियाँ सौंप दी। हमारी अलमारी में हमारे एक शादी के सूट के अलावा कुछ कपडे और थे। पिछले कुछ वर्षों में सम्मान समारोहों में मिली कुछ शालें जरूर ज्यादा थी । दूसरी अलमारी में पुराने अखबारों की कटिंग और पत्रिकाएं थी जिनमें हमारी रचनाएँ छपी थी। साहित्यिक मित्रों द्वारा भेंट की उनकी कुछ पुस्तकें थी। इसके अलावा उन्हें कुछ नहीं मिला। श्रीमती जी की अलमारी की तलाशी में रिश्तेदारों की ओर से उन्हें शादियों में मिली साड़ियां , कुछ सूट , सोने जैसे दिखने वाले कुछ नकली आभूषण के अलावा वह लिफाफा मिला जो हमें सम्मान में मिला था , जिसे हमने आदर पूर्वक श्रीमतीजी को सौप दिया था।

हमें समझ में आ रहा था कि यह खेल पांडे ने ही खेला है। उन्होंने ही हमारी शिकायत ईडी से की होगी। छापे की खबर पुरे शहर में आग की तरह फैल गई। कुछ लोगों ने चोरी-छिपके वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। मित्रों , रिश्तेदारों , परिचितों का पूछताछ के लिए आने - जाने वालों का सिलसिला शुरू हो गया। कोई फोन कर-के जानकारी ले रहा था , कोई मेसेज डाल कर पूछ रहा था। ऐसे लोग भी थे जिन्होंने पिताजी के निधन पर भी व्हाट्सएप पर संवेदना भेजकर औपचारिकता पूरी कर ली थी , पर अब घर आकर सहानुभूति दिखा रहे थे। हमें समझ में नहीं आ रहा था कि ईडी द्वारा हमारे यहाँ छापा डालने से हमारी बेइज्जती हुई है या इससे हमारा मस्तक ऊँचा हुआ है। ईडी का छापा पड़ना एक मामूली आदमी के लिए मामूली घटना नहीं है।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9425492928)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# सेंध लगाकर बेखौफ चोरों ने आभूषण संग नगदी पर किया हाथ साफ

वारदात

## दो घरों के चटकाये ताले गांव में दहशत

जनसंदेश न्यूज



चोरी की जांच करती पुलिस

**हलिया।** स्थानीय क्षेत्र के हरसड़ गांव में चोरो ने बीती रात में दो कच्चे मकान में पीछे से सेंध लगाकर व एक मकान के दरवाजा का ताला तोड़कर घर में प्रवेश कर घर के अंदर बाक्स व अटैची बैग में रखा आभूषण सहित करीब 42 हजार रुपये को उठा ले गये और घर से करीब चार सौ मीटर दूर अरहर के खेत में बाक्स तोड़ कर फेंक दिया। सुबह जानकारी होने पर पीड़ित ने थाने में सूचना दिया। जिस पर सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। पीड़ित का कहना है कि चोरों द्वारा जिस कमरे में हम लोग सो रहे थे। उसको बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दिया है। शोर मचाने पर बगल में सो रहे पुत्र ने बाहर से दरवाजा खोला। क्षेत्र के हरसड़ गांव निवासी रोहित दूबे अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कच्चे मकान में सो रहे थे कि इसी बीच रात्रि में पंहुचे चोरों ने कच्चे मकान के पीछे से घरो में सेंध लगाकर कमरे में प्रवेश किया लेकिन सामान नही मिलने पर बगल में स्थित दूसरे मकान में सेंध लगाकर घुस गए जहां पर बाक्स व बैग व अटैची में रखा आभूषण चांदी का करधनी एक किलोग्राम व लच्क्षा छागल 250 ग्राम चांदी का व सोने का झुमका टप्स, मंगलसूत्र, अंगूठी दो नग, 42 हजार रुपये नगदी रखा हुआ था कि उठा ले जाकर घर से करीब चार सौ मीटर दूर अरहर के खेत में तोड़कर आभुषण सहित नगदी रुपये उठा ले रहे। जिस कमरे में परिवार के लोग सो रहे थे। चोरों ने उस कमरे के दरवाजे की कुंडी को बाहर से बंद कर दिया था। जिसकी तैयारी के लिए आभूषण रखा हुआ था। इतना ही नही चोरो ने आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित रामप्यारे के घर का दरवाजा तोड़कर बाक्स व सोलर पैनल उठा ले गए और पैनल को रोहित के घर के पास सेध की जगह छोड दिया तथा बाक्स व अन्य सामान को दो सौ मीटर तक तोड़ कर फेंक दिया है। दो घरों में चोरी होने की जानकारी पर घटना स्थल पर पंहुचे ग्राम प्रधान विनोद कुमार सिंह ने इसकी सूचना पुलिस को दिया जिस पर मौके पर पंहुचे एसएसआई सुभाषचंद्र यादव ने जांच पड़ताल किया है।

### जंगली जानवर के हमले से तीन घायल

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत जंगल से सटे गांव के तीन लोगों पर जंगली जानवर ने अचानक हमला बोल दिया जिससे पति-पत्नी सहित तीन लोग जख्मी हो गए। आस पास के लोगों ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज कर घर भेज दिया। बताया जा रहा है कि भवानीपुर गांव निवासी हरिश्चंद्र आदिवासी सुबह घर से बाहर निकले तो अचानक जंगली जानवर ने हमला कर दिया। उनके शोर मचाने पर घर से बाहर निकली पत्नी जीउती पर भी हमला कर भाग गया। कुछ दूर पर बसे रामपुर 38 गांव निवासी परशुराम उम्र लगभग 70 साल को भी जंगली जानवर ने शिकार बना डाला। धीरे धीरे इस घटना की जानकारी जंगल में आग की तरह फैल गई और उसकी तलाश शुरु कर दी गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग को भी सूचित किया है। जिसकी तलाश की जा रही है। घायल ग्रामीणों ने पागल सियार होने की संभावना जताई है। जंगलों में पानी की समस्या से जूझ रहे जानवरों को प्यास बुझाने के लिए बस्ती का सहारा लेना पड़ रहा है जिसे देखकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# निस्तारित करें लंबित मुकदमे : डीआईजी

समीक्षा

## गुणदोष के आधार पर यथाशीघ्र

## डीआईजी ने दो जिलों की किया समीक्षा

जनसंदेश न्यूज



समीक्षा करते डीआईजी

**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आर0पी0सिंह द्वारा परिक्षेत्र के जनपद सोनभद्र एवं भदोही के अपराध शाखा विवेचना सेल के कार्यों समीक्षा की गई। आवश्यक दिशा निर्देश डीआईजी द्वारा दिया गया। विवेचना निस्ताण में शिथिलता पायी गयी तो दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

अपराध शाखा विवेचना सेल की समीक्षा शुक्रवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र आर0पी0सिंह द्वारा परिक्षेत्र के जनपद सोनभद्र एवं भदोही के अपराध शाखा विवेचना सेल के कार्यों की समीक्षा की गयी समीक्षोपरांत पाया गया कि अपराध शाखा (विवेचना विंग) द्वारा संपादित विवेचनाओं जैसे जघन्य अपराध, (लूट, बलात्कार), साइबर अपराध (आईटी एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत सभी अपराधों की विवेचना), मनी लांड्रिंग फाइनेंसियल फ्रॉड, से संबंधित विवेचना में गुणात्मक सुधार की आवश्यकता है। किसी विवेचक द्वारा विवेचना के निस्तारण के संबंध में कोई कार्य योजना नहीं बनाई गई है और न ही सही ढंग से साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की जा रही है। सभी उपस्थित विवेचकगण को निर्देशित किया गया कि लंबित मुकदमों को गुणदोष के आधार पर यथाशीघ्र निस्तारित करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

संक्षेप

### कुएं में गिरने से महिला की मौत



घटना के बाद मौके पर जांच करती पुलिस

**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भभौरा गांव स्थित कुएं में गिरने से एक 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपति उम्र 45 वर्ष पत्नी रामविलास बियार निवासी भभौरा दो दिन पहले घर से बाहर निकलीं हुई थी लेकिन महिला घर नहीं पहुंची तो परिजन परेशान होकर खोजबीन करने लगे, जिसका पता नहीं चलने पर पति रामविलास पुत्र रामधनी ने तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज किया गया। लेकिन शुक्रवार की सुबह गांव के बच्चों ने खेलकूद के दौरान कुएं में झांकने पर देखा कि एक महिला कुएं में गिरी पड़ी है, जिसकी सूचना आग की तरह पुरे गांव में फैल गई और परिजनों के साथ काफी भीड़ जुट गई। लोगों ने ग्रामीणों की मदद से महिला को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक रामपति की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के तीन संतानें हैं जिनका रो रो कर हाल बेहाल है।

### ट्रैक्टर ट्राली पलटा, बाल बाल बचे सवार व चालक

**मड़िहान।** थाना सन्तनगर अंतर्गत कोटवा सिरसी मार्ग के ककरद मोड़ पर ट्रैक्टर ट्राली सरिया समेत पलट गई। नमामि गंगे योजना की सरिया दीपनगर स्टोर से लाद कर सरसंवा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण हेतु ले जा रहे थे कि ककरद मोड़ पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें 30 वर्षीय चालक श्रीराम निवासी लेदुकी समेत चार अन्य लोग सरसंवा निवासी पंचदेव 23, लल्लू 22, सियाराम 27, जुगनू 24 सरसंवा के लोग ट्रैक्टर के ट्राली पर बैठे थे। ट्रैक्टर पलटने के बाद पंचदेव को चोट ज्यादा लगने पर दीपनगर के निजी अस्पताल में इलाज कराया। शेष लोग बाल बाल बच गए। ।

### पूर्व अध्यक्ष का हुआ निधन

**अदलहाट।** भारत विकास परिषद शाखा नरायनपुर के पूर्व अध्यक्ष राष्ट्रीय इंटर कालेज शेरपुर के प्रवक्ता राधेश्याम सिह 75 वर्ष का शुक्रवार की भोर मे आकस्मिक निधन हो गया। इनका दाह संस्कार रैपुरिया स्थित चित्रकूट घाट पर विधि विधान के साथ किया गया। बड़े पुत्र संतोष सिह ने मुखाग्नि दी। उन्होने बताया कि बुधवार की सुबह टेगरा मोड़ रामनगर स्थित नव निर्मित मकान मे फिसलकर गिरने से गम्भीर रुप से घायल हो गये थे। वाराणसी स्थित अस्पताल मे शुक्रवार की भोर मे उपचार के दौरान निधन हो गया। इनको दो पुत्र व दो पुत्री है। सभी की शादी हो चुकी है।समाज के प्रति काफी समर्पित रहे। भारत विकास परिषद शाखा नरायनपुर से जुड़ने के बाद क्षेत्र मे दर्जनो सामाजिक कार्य जन सहयोग से कराया था।

### पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**जमालपुर।** शुक्रवार की शाम होली की त्योहार में सतर्कता बरतने को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी का बैठक थाना प्रभारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों से अपील किया। साथ ही लोगों को भरोसा दिया कि होली का त्योहार सकुशल शांति पूर्वक मनाए अन्यथा किसी उपद्रवी को बक्सा नहीं जाएगा। इस दौरान ग्राम प्रधान सुशील सिंह, पुनीत चौबे, पूर्व प्रधान सुभाष सिंह, समाजसेवी राम जनम मौर्या, सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बीडीओ ने चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

**जमालपुर।** क्षेत्र के ओड़ी एवं करजी गांव में शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी पवन सिंह की देखरेख में ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्यायों को सुनकर निस्तारण किए जाने का आश्वासन दिया गया। चौपाल में आवास, शौचालय, पीएम किसान सम्मान निधि, नाली, खड़जा बनवाए जाने की मांग किया। ओड़ी गांव में चौपाल में रामसूरत भारती एवं नरसिंह ने रूके हुए पेंशन को शुरू कराए जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। करजी गांव के चौपाल में क्षेत्र पंचायत सदस्य अब्दुल हमीद एवं दीपक ने कंपोजिट विद्यालय के गिरे वाउड्री वाल का निर्माण कराए जाने की मांग किया। इस दौरान अजय प्रताप सिंह, चंद्रभान सिंह, मनोज यादव सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### 20 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार

**मीरजापुर।** 20 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को उ0नि0 सत्येन्द्र कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा थाना राजगढ़ क्षेत्र से एक आरोपी बाबा सोनकर पुत्र स्व0शंकर सोनकर निवासी राजगढ़ थाना राजगढ़ मीरजापुर को 20 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथा गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना राजगढ़ पर धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### दो वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के चंद्रगढ़ मुड़ेल गांव से दो वारंटियों को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। चंद्रगढ़ मुड़ेल गांव निवासी राजकुमार उर्फ झल्लर व भुलन सिंह किसी मुकदमें में न्यायालय द्वारा सूचना दिए जाने के बाद भी हाजिर नही हो रहे थे जिसपर दोनों के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी होने पर एसआई उदयनारायण सिंह कांस्टेबल अखिलेश कुमार ने दोनों वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

### बीएचयू अस्पताल में इलाज के दौरान किशोर की मौत

इमलियाचट्टी। अहरौरा थाना क्षेत्र के निवासी शेखवा गांव निवासी नरेश कुमार के छोटे पुत्र अंशु कुमार (12) वर्ष दिन शुक्रवार को घर से अहरौरा नगर कस्बा में स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल साईकिल से जा रहा था तभी रास्ते में अंशु की हालत बिगड़ने लगी, अंशु ने महुली में स्थित एक मेडिकल स्टोर पर चला गया जिससे मेडिकल वालों ने अंशु को पानी चढ़ाने शुरू कर दिया। वही मेडिकल वालों ने अंशु को पिता को सूचना देकर बुलवाया, नरेश ने मेडिकल स्टोर पर पहुँचकर अंशु को आनन फानन में वाराणसी में स्थित बीएचयू लेकर गए। जहाँ पर अंशु की ईलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के पिता नरेश ने बताया कि बच्चे को पूर्व में टाइफाइड जैसे बीमारी हो गई थी।

### महिला हेल्प डेस्क पर 41 फरियादियों ने दर्ज करायी शिकायत

**जमालपुर।** स्थानीय थाना के महिला हेल्प डेस्क पर जनवरी 2023 से आज तक 41 फरियादियों ने शिकायत दर्ज कराया है जिसमें ज्यादातर मामला घरेलू उत्पीड़न से रहा। महिला हेल्प डेस्क के क्रम संख्या 35 पर अवतारी देवी पत्नी राजकुमार निवासी भभोरा बहु के बाद बिवाद पर कई महिनों से चल रहे झगड़े को मामला दर्ज होते ही डेस्क पर कार्यरत महिला कांस्टेबल नीलम, काजल, नेहा ने काउंसलिंग द्वारा दोनों का निस्तारण किया। अब विवाहिता ससुराल में शांती पूर्वक है। महिला हेल्प डेस्क पर फरियाद के बाद महिलाओं ने बताया कि लगातार बढ़ रही अपराध पर लगाम लग रही है साथ ही फरियाद के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ता है। जनसंदेश टाइम्स की पड़ताल में देखा गया कि लगभग डेढ़ महिने की शिकायत में कोई पति के हरकत से परेशान हैं तो किसी का ननद से नहीं पट रहा है जैसे घरेलू हिंसा से जुडा हुआ आ रहा है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि 41 फरियादियों में सभी मामलों का निस्तारण त्वरित कर दिया गया है। वहीं मिशन शक्ति के माध्यम से भी महिलाओं को जागरूक करने की पुरजोर कोशिश की गई है।

# ओबीसी के लिए हम समर्पित, नहीं होगी कोई ज्यादती : अध्यक्ष

बैठक

## पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने बैठक कर आरक्षण पर की विस्तृत चर्चा

## अध्यक्ष ने मण्डलायुक्त व तीनों जनपदों के डीएम संग बैठक कर ओबीसी आरक्षण के बारे में ली जानकारी



बैठक में समीक्षा करते अध्यक्ष

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, न्यायमूर्ति राम औतार सिंह शुक्रवार अपने सदस्यों महेन्द्र कुमार, बृजेश कुमार, संतोष कुमार विश्वकर्मा के साथ मीरजापुर पहुंचे।

आयुक्त सभागार में पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्यों ने मंडल के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0, जिलाधिकारी मीरजापुर दिव्या मित्तल, सोनभद्र चन्द्र विजय सिंह, भदोही गौरांग राठी, अपर आयुक्त प्रशासन रमेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल सोनभद्र व भदोही सहित तीनों जनपदों के अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत व तीनो जनपदों के जन प्रतिनिधि उपस्थित रहें। आयोग के अध्यक्ष राम औतार सिंह ने मंडल के सभी जिलों के जिला प्रशासन से रिपोर्ट लिया।

इसमें ओ0बी0सी0 आरक्षण को लेकर मंडल के तीनों जनपदों के जिला प्रशासन से ओबीसी जनसंख्या का ब्यौरा लिया। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राम औतार सिंह ने कहा कि प्रशासन से रिपोर्ट ली जा रही है। इसके बाद मौके पर जाकर रिपोर्ट की जांच करेंगे। ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कहीं कोई रिपोर्ट गलत तो नहीं दी गई है। इसके बाद टाउन एरिया, नगर पालिका व मोहल्लों में घूम कर भौतिकी कर जानकारी देंगे।

साथ ही ओबीसी की जनसंख्या का आकलन करेंगे। यह भी सुनिश्चित करेंगे कि वहां पर आरक्षण की पोजीशन क्या है, इसकी भी जांच करेंगे। अध्यक्ष राम औतार सिंह ने कहा कि ओबीसी आरक्षण के लिए सरकार का बहुत बड़ा कदम है। ओबीसी के लिए हम समर्पित हैं, हमारी कोशिश है कि ओबीसी वर्ग के साथ किसी भी प्रकार की ज्यादती न हो। अध्यक्ष ने तीनों जनपदों के जिलाधिकारियों से आरक्षण के बारे में किस प्रकार बदलाव किया जाता है जानकारी ली गयी। उन्होने कहा कि सभी जिलाधिकारी यह भी सुनिश्चित कराये कि एक वर्कशाप करके लोगों को आरक्षण व रोटेशन के बारे में जानकारी दें ताकि किसी व्यक्ति में भ्रम स्थिति न रहें। उन्होने उपस्थित प्रभुत्वजन/जन प्रतिनिधि से कहा कि बदलाव के बारे में यदि कोई समस्या हो तो लिखित रूप से उपलब्ध करा दें। उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राम औतार सिंह ने आयुक्त सभागार में प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान कहा कि प्रदेश के जिलों में जाकर नगर पालिकाओं का अध्ययन किया जा रहा है।

उन्होने कहा कि शिकायतों का संज्ञान लेते हुये प्रयास किया जा रहा है उनको संतुष्ट किया जाय। उन्होने बताया कि सभी जिलाधिकारियों से आग्रह किया है कि एक वर्कशाप करें जिस-जिस की समस्या है उसका समाधान करें। पब्लिक को बुलायें जो भी समस्याए है उनको सुनें। बदलाव के कारण दिक्कते हुयी जो सामान्य हैं। उन्होने बताया कि अब तक करीब 50 जिलों में जा चुके हैं, रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत की जायेगी। उन्होने कहा कि अगर किसी के पास कोई शिकायत है तो निसंकोच उन्हें शपथपत्र पर दे सकते हैं।

# दबंगों ने उखाड़ा टीन शेड, बिलखते रहे बच्चें और महिलाएं

मामला

## थाना में गुहार काम न आयी

## एसपी से फरियाद पर पुलिस ने जमीन बेंचने वाले को बैठाया

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के ददरी संपर्क मार्ग पर खरीदी गई जमीन पर लगे टीन शेड को दबंगों ने देखते ही देखते जमींदोज कर दिया। इस दौरान महिलाएं एवं बच्चें बिलखते रहे। कानून को दर किनार करते हुए सड़क किनारे लगे शेड को उखाड़ दिया गया। वायरल वीडियो 18 फरवरी का हैं। जिसमें पहले एक व्यक्ति आता है। वह टीन शेड को हिलाने का प्रयास करता है। कोई सफलता न मिलने पर वह मोबाईल पर वार्ता कर अन्य लोगों को बुलाता है। करीब आधा दर्जन लोग नव निर्मित टीन शेड के आशियाना को उखाड़ने लगते है। देखते ही देखते उसे उखाड़ देते हैं। इस दौरान विरोध कर रही महिलाओं के साथ भी बदसलुकी की जाती हैं। बिना किसी राजस्व या पुलिस कर्मी के दबंग तांडव करते हुए सब कुछ तहस नहस कर देते है। महिलाएं अपने आशियाना की सुरक्षा के लिए संघर्ष करती हैं। मचे तांडव के बीच बच्चें बिलखते रहते हैं। सरहंगों की गुंडई से पीड़ित महिलाओं का आरोप हैं कि थाना पर शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं किया गया। न्याय के आस में पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई। पीड़िता राधा के पति श्रीकृष्ण धरकार ने बताया कि पुलिस ने उनके टीन शेड को ध्वस्त कर क्षति पहुंचाने वालों के साथ मिली हुई है। दबंगों के खिलाफ लिखित शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं किया। जबकि जमीन बेंचने वाले भू स्वामी समर बहादुर को ही गुरुवार से ही बैठा रखा है। राधा देवी और रामकली ने देवरी संपर्क मार्ग पर 3 बिस्वा जमीन क्रय किया हैं। जिसकी रजिस्ट्री 16 जनवरी को करीब 1.5 लाख करके कराया गया है। आरोप हैं कि ग्राम प्रधान जमीन को बंजर बताकर बिना कोई प्रशासनिक कार्यवाही के ही टीन शेड ध्वस्त कर दिया। इस दौरान बड़ा हादसा टल गया। वीडियो वायरल होने के बाद चचाओं का बाजार गर्म हैं। थाना प्रभारी का मोबाइल नॉट रिचेबल बता रहा था। जबकि सीओ लालगंज के मोबाइल की घंटी बजने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला।

### ट्रैक्टर चालक ने मासूम को जमकर पीटा

**मड़िहान।** थाना मड़िहान अंतर्गत अमोई निवासी 8 वर्षीय अमरेश पुत्र सुरेश अपनी भैस लेकर घर आ रहा था कि गांव के ही पूर्व प्रधान का बेटा ट्रैक्टर लेकर आ रहा था। हॉर्न बजाने पर भैस रास्ते से नही हटी तो चरवाहा अमरेश को बुरी तरह पीट दिया। मामला पटेहरा चौकी पहुंचा जहां कार्यवाही को कौन कहे सुलह की बात होने लगी। उक्त के बाबत चौकी प्रभारी पटेहरा भारत सुमन ने बताया कि दोनों पक्ष आपस मे सुलह समझौता कर लिए।

### लाखों की लागत से बना सामुदायिक शौचालय बंद

**कलवारी।** स्थानीय विकासखंड राजगढ़ के ग्रामसभा कलवारी माफी में लाखों की लागत से बना सामुदायिक शौचालय बंद पड़ा है। शौचालय के देखरेख (केयरटेकर) महिला ग्राम पंचायत से मानदेय भी ले रही है लेकिन सामुदायिक शौचालय पर ड्यूटी नहीं देती है और न ही समय से शौचालय खुलता है। क्षेत्र में पेयजल की विकट स्थिति होने से ग्रामीण शौच के लिए सामुदायिक शौचालय पर ही आश्रित है परन्तु सामुदायिक शौचालय बदहाली की स्थिति में है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत अभियान के तहत बनाए गये सामुदायिक शौचालय केवल शोपीस बन के रह गए हैं। स्वच्छता अभियान को ठेंगा दिखा रहे हैं सामुदायिक शौचालय सामुदायिक शौचालय निर्माण में अनियमितता बरती गई थी, निजी लाभ के लिए ही सामुदायिक शौचालय बनवाया गया है, जिससे सामुदायिक शौचालय का लाभ एक ही व्यक्ति को ही मिले सामुदायिक शौचालय पर पानी की व्यवस्था के लिए बोरिंग तो करवाया गया लेकिन बोरिंग का उपयोग निजी कार्यों के लिए लिया जा रहा है। शौचालय पर पानी के टंकी की व्यवस्था कराई गई है लेकिन टंकी में पानी भरा नहीं जाता है। शौचालय निर्माण से लेकर रखरखाव तक बरती गई है लापरवाही का हाल एक ग्राम पंचायत का नहीं है यह तो एक बानगी है।

# घर घर जाकर दी जा रही है टीबी की जानकारी: यादव



गांव में महिलओं को जानकारी देते सतीश शंकर यादव

**मीरजापुर।** शासन स्तर से जारी दिशा निर्देश क्रम में जनपद के समस्त ब्लॉकों के 20% जनसंख्या को लक्ष्य करते हुए क्षय विभाग द्वारा टीबी रोगी खोजी अभियान जारी है।

उक्त अभियान अंतर्गत विभागीय टीम द्वारा घर घर जाकर लोगों को टीबी के संपूर्ण लक्षणों से परिचित कराते हुए सरकारी स्तर से दिए जाने वाले अन्य सुविधाओं की जानकारी देते हुए रोगी खोजने का कार्य किया जा रहा है। द्वितीय चक्र के इस खोजी अभियान में लगी विभागीय टीमों के कार्यो का स्थलीय निरीक्षण करने निकले क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा शुक्रवार को विकासखंड मझवां अंतर्गत ग्राम सेमरी, कनक सराय, करसड़ा आदि गांव में लगी टीमों के साथ भ्रमण करते हुए कार्य करने की समीक्षा की गई। साथ ही सतीश यादव द्वारा टीम सदस्यों को लक्ष्य प्राप्ति हेतु कुछ महत्वपूर्ण टिप्स बताए गए। भ्रमण के दौरान कछवां टीयू के एसटीएस प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

# त्योहार आते ही पुलिस फेल, जहर खुरान पास

मामला

## धमकी देकर पिलाया दूध नगदी, बैग व जूता तक लिया लूट

**मीरजापुर।** संघमित्रा ट्रेन से सफर के दौरान विंध्याचल में जबरन दूध पिलाकर जहर खुरानों ने सोनभद्र के युवक को लूट लिया। युवक चेन्नई से अपने घर होली पर लौट रहा था। उसके कपड़े और नगदी के साथ ही नया जूता तक लूट लिया गया। पुलिस की सक्रियता की हवा निकल गई। त्योहार आने के साथ ही जहर खुरान भी सक्रिय हो गए है। परदेश से कमाकर लौटने वालों के लिए उनकी सजगता बढ़ गई है। शुक्रवार को सोनभद्र जनपद के परसोना निवासी संजय कुमार पुत्र रामनारायण गैंग का शिकार बन गया। वह संघमित्रा एक्सप्रेस में चेन्नई से सवार हुआ था। विंध्याचल स्टेशन पहुंचने पर उसे ट्रेन में कुछ अज्ञात लोगों ने जबरन दूध पिलाने का प्रयास किया। मना करने पर ट्रेन से फेंकने की धमकी देने लगे। इसके बाद उसे फेंकने की धमकी देकर जबरन दूध पिलाया गया। धीरे धीरे वह अचेत होने लगा। इसी बीच उसका काफी सामान हटा दिया गया। किसी प्रकार एक बैग के साथ उतरा। स्टेशन के बाहर आने पर वह शौचालय के पास गिर पड़ा। कई उल्टी हुआ। यात्री की हालत देख पैनल आपरेटर रेल कर्मी मेराज आलम एवं हॉस्पिटल अटेंडेंट सचिन कुमार ने खाना खिलाकर बाजार से दवा लाकर दिया। जिसके बाद उसे राहत मिला। उन लोगों ने उसके घर पर फोन करके उसके पिता रामनारायण को सूचना दिया। संजय कुमार ने बताया कि उसका बैग, बर्तन, मोबाइल, जूता, एटीएम, आधार एवं पैन कार्ड सहित 7500 लूट लिया गया। जीआरपी पुलिस लगातार आरोपियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही हैं। इसके बाद भी बदमाश सक्रिय नजर आ रहे हैं। त्योहार पर कमाई करके लौटने वाले श्रमिकों की निगाहें लग गई है।

# तीसरे दिन भी नाकाम रही एसडीआरएफ

जनसंदेश न्यूज

हाथ खाली

## डूबे युवक का कुछ पता नहीं चलने पर हताश दिखे परिजन

## गंगा में डूबे युवक का नहीं मिला कोई सुराग

## परिजन कर रहे एनडीआरएफ की मांग

**कछवां।** क्षेत्र के बरैनी गंगा घाट पर बुधवार को स्नान करते समय डूबे आकाश पाल का तीसरे दिन भी कोई पता नहीं चल पाया। वहीं ज्ञानपुर, भदोही के लक्ष्मण पट्टी निवासी बुधवार को अपने तीन अन्य साथियों के साथ महराजगंज स्थित एक विद्यालय में बोर्ड की परीक्षा दिलाने आया हुआ था। आकाश की तलाश में एसडीआरएफ की टीम भी आई और स्थानीय गोताखोरों को भी पुलिस ने लगाया। फिर भी आकाश का कुछ भी पता शुक्रवार की देर शाम तक नहीं चल सका।

जिससे परिजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। वहीं परिजनों का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं किया जा रहा है। जोकि परिजनों द्वारा बताया गया कि तीन दिनों से हम सभी परेशान हैं दिन रात गंगा किनारे पर घात लगायें है। एसडीआरएफ की टीम भी नाकाम है। तो एनडीआरएफ की मांग किया जा रहा है। लेकिन प्रशासन द्वारा सिर्फ सांत्वना देकर नजर अंदाज कर दिया जा रहा है। वहीं तीसरे दिन भी आकाश को खोजने में एसडीआरएफ की टीम समेत स्थानीय गोताखोर जुटे रहे। एसडीआरएफ की टीम गंगा से खाली हाथ बैरंग पानी से बाहर लौट गई।

# खरीदी सस्ती जमीन, मिली जेल

**मीरजापुर।** चर्चित मुहावरा हैं कि आन के धन पर कनवा राजा जो चुनार में चर्चित हुआ। पुलिस की मिली भगत से दूसरे की जमीन जबरन कब्जा कर खरीदने के मामले में एक क्रेता को गिरफ्तार किया गया। जबकि 9 आरोपियों की तलाश जारी है। 2700 स्कवायर फीट जमीन की सरकारी मालियत 8.70 लाख होने के बावजूद उसे मात्र 1 लाख में खरीदा गया था। करीब सात साल न्याय के लिए भटकने के बाद फरियादी को न्याय मिला। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय के आदेश पर क्रेता- विक्रेता समेत दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जिसमे महज एक महिला की गिरफ्तारी की गई। बाकी आरोपी कानून की आँख में धूल झोंककर फरार है।उनकी गिरफ्तारी के लिए चुनार पुलिस दबिश दे रही है।

मामला कोतवाली चुनार क्षेत्र के दुमदुमा का है। कस्बे में विष्णु जोशी के नाम लगभग 15 बीघा 13 बिस्वा का प्लाट था। सुनील कुमार तिवारी व सरस्वती देवी ने 13 वर्ष पूर्व 15 विस्वा जमीन का बैनामा करा लिया। तहसील अभिलेखों में नाम भी अंकित हो गया। कुछ दिनों बाद विष्णुराम जोशी की मौत हो गयी। बची हुई जमीन की वारिस उनकी पत्नी लक्ष्मी जोशी बन गयी। लक्ष्मी जोशी ने सुनील कुमार तिवारी की जमीन की चौहद्दी देकर सुनीता, विनीता व राजपत्ति को पुनः बिक्री कर दिया। सुनीता, विनीता व राजपत्ति जमीन पर कब्जा करने पहुँचे तो कूटरचित रचना की जानकारी हुई। विरोध करने पर मामला शांत हो गया। इसी दौरान उनकी जमीन बेंच दी गई। मुकदमा दर्ज कराने के बाद भी सात वर्ष से चक्कर काटते रहे। पुलिस ने भी गलत एफआर लगा दिया। न्यायालय की शरण में जाने के बाद विक्रेता, क्रेता व गवाह समेत दस लोगों के खिलाफ चुनार कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। क्रेता सुनीता देवी को धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। नौ आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

## सचिन तेंदुलकर ने आज ही के दिन वो किया था जो पहले कभी नहीं हुआ था

**मुंबई।** पूर्व भारतीय कप्तान सचिन तेंदुलकर 24 फरवरी 2010 को इंटरनेशनल वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक जड़ने वाले पहले पुरुष क्रिकेटर बने थे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ग्वालियर में नाबाद 200(147) रनों की पारी खेली थी। गौरतलब है, सचिन के अलावा अब तक सात और बल्लेबाज पुरुष वनडे में दोहरा शतक जड़ चुके हैं, जिनमें चार भारतीय शामिल हैं। पूर्व भारतीय दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने आज ही के दिन वनडे में दोहरा शतक लगाया था। 2010 में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ ग्वालियर में खेले गए मैच में सचिन वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले पुरुष बल्लेबाज बने थे। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन ने 147 गेंदों में नाबाद 200 रनों की पारी खेली थी। उन्होंने अपनी पारी में 25 चौके और 3 छक्के लगाए थे। सचिन ने अपना यह कारनामा 36 साल की उम्र पार करने के बाद किया था। वह आज भी 36 की उम्र पार करने के बाद सर्वोच्च व्यक्तिगत वनडे पारी खेलने वाले बल्लेबाज हैं। गौरतलब है कि सचिन ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा था।



# रैपिड फायर पिस्टल में भारत को 12 साल बाद मिला पदक, अनीश ने कांसे पर साधा निशाना

### अनीश ने मिस्त्र के कोहिरा में विश्व कप के अंतिम दिन पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल में कांस्य पदक जीता, यह उनका पहला सीनियर व्यक्तिगत विश्व कप पदक भी

**नई दिल्ली।** आईएसएसएफ विश्व कप में अनीश भानवाला ने 12 साल बाद रैपिड फायर पिस्टल में देश को पदक दिलाया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक अपने नाम किया है। रैपिड फायर पिस्टल में इससे पहले भारत के लिए सभी पदक विजय कुमार ने जीते थे। अब 12 साल बाद अनीश ने मिस्त्र के कोहिरा में विश्व कप के अंतिम दिन पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल में कांस्य पदक जीता। यह उनका पहला सीनियर व्यक्तिगत विश्व कप पदक भी था और उन्होंने इसे कठिन तरीके से अर्जित किया, जो 20 वर्षीय खिलाड़ी के करियर में एक ऐतिहासिक दिन रहा।



इतालवी मैसिमो स्पिनेला ने फाइनल मैच में 32 हिट के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता फ्रांस के क्लेमेंट बेसागुएट को पीछे छोड़ा, जो 40 शॉट के बाद दो हिट से पीछे रह गए। अनीश 30 शॉट में 21 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने जर्मनी के रियो ओलंपिक चैंपियन क्रिश्चियन रेइट्ज को हराया, जो 20 शॉट के बाद 13 हिट के साथ हार गए। अनीश के पदक के चलते भारत ने चार स्वर्ण सहित सात पदकों के साथ काहिरा विश्व कप समाप्त कर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। अपने कोच हरप्रीत सिंह को पदक समर्पित करते हुए अनीश ने कहा ₹भारत के लिए कई खिलाड़ी फाइनल में पहुंचे, लेकिन पदक नहीं जीत सके। मैं इससे पहले दो फाइनल में पांचवें स्थान पर आया था और आज अपना पहला विश्व कप पदक जीतने के लिए सब कुछ झोक देना चाहता था। अनीश ने कहा, मैं खुद को शांत रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहा था और इसका फायदा मिला। राष्ट्रीय शिविर में, हमें प्रशिक्षण मिला ता कि दबाव की स्थिति में खुद को कैसे नियंत्रित किया जाए और इससे मदद मिली। आज पदक मैच में चौथी सीरीज कठिन थी, जहां मुझे पूर्व ओलंपिक चैंपियन को हराना था। मैंने खुद से कहा कि यह सीरीज है जो मेरे सपने को साकार करेगी, इसकी कल्पना की और इसे पूरी तरह से सफल रहा। इससे मुझे खुशी हुई। यह वास्तव में एक सकारात्मक बात है। मैंने कल दो फाइनल देखे। जब आप ऐश्वर्या और अन्य को अच्छा करते देखते हैं तो आप खुद से कहते हैं, मैं भी यह कर सकता हूं। अनीश ने 581 के स्कोर के साथ छठे स्थान से रैंकिंग राउंड के लिए क्वालीफाई किया। वह रातों-रात दूसरे स्थान पर रहे और रैपिड-फायर राउंड में 287 अंक हासिल कर कट हासिल किया। उन्होंने दो रैंकिंग मैचों में से दूसरे में यान चेसनेल, चेक गणराज्य के मतेज रामपुला और मास्सिमो के साथ जगह बनाई। मेडल मैच में सबसे कम उम्र के अनीश ने धमाकेदार शुरूआत की, शॉट की पहली रैपिड-फायर सीरीज में पांच में से पांच हिट हासिल की, जबकि अन्य सभी ने तीन-तीन हिट के साथ ओपनिंग की। हालांकि दूसरी सीरीज उनके लिए कठिन थी, लेकिन तीसरे में चार हिट के साथ संयुक्त रूप से बेसागुएट के साथ 11 हिट के साथ शीर्ष पर पहुंच गए। चौथे में, बेसागुएट को छोड़कर सभी को पांच हिट मिले और अनीश ने वापसी की और पदक पक्का कर लिया। अनीश के पास क्रमशः दो और तीन हिट की दो औसत सीरीज थीं और वह तीसरे स्थान पर झुके, क्योंकि मास्सिमो ने जीत हासिल की।

## इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी हैरी ब्रूक इन दिनों खतरनाक फॉर्म में



नई दिल्ली। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच वेलिंगटन में शुक्रवार से खेला जा रहा है। इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी हैरी ब्रूक इन दिनों खतरनाक फॉर्म में हैं और टेस्ट क्रिकेट में तबाही मचा रहे हैं। हैरी ब्रूक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंग्टन टेस्ट में 184 रनों की पारी खेली है। इसी के साथ ब्रूक ने एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। वह टेस्ट करियर की शुरूआती नौ पारियों में सबसे ज्यादा 807 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर बन गए हैं। आपको बता दें कि न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में हैरी ब्रूक को 184 रन बनाने के लिए 169 गेंदों का सामना करना पड़ा। इस दौरान उनके बल्ले से 24 चौके और पांच छक्के निकले। टेस्ट क्रिकेट की आखिरी नौ पारियों में ब्रूक ने चार शतक, तीन अर्धशतक जड़ दिए हैं और 807 रन हो गए हैं। वहीं हैरी ब्रूक ने न केवल विनोद कांबली का रिकॉर्ड ध्वस्त किया, बल्कि दुनिया के पहले ऐसे बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने 800 का आंकड़ा पार किया है।

***डेब्यू के बाद शुरूआती नौ पारियों में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड***

807* रन - हैरी ब्रूक (इंग्लैंड), 798 रन - विनोद कांबली (भारत),
780 रन - हरबर्ट सटक्लिफ (इंग्लैंड), 778 रन - सुनील गावस्कर (भारत)
777 रन - एवर्टन वीक्स (वेस्टइंडीज)।

## पीवी सिंधु ने ओलंपिक पदक जिताने वाले कोच पार्क से किया किनारा

### खराब फॉर्म के लिए ठहराया जिम्मेदार

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने कोच पार्क ताए संग से किनारा कर लिया है। कोच पार्क 2019 से सिंधु के साथ काम कर रहे थे। पार्क ताए-संग की देखरेख में सिंधु ने तीन बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर टाइल्स, सैयद मोदी इंटरनेशनल टाइटल, स्विस ओपन टाइटल और सिंगापुर ओपन टाइटल जीते। साथ ही बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों 2022 में महिला एकल में स्वर्ण पदक और 2020 टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक भी जीता था।



पार्क ने सिंधु की हालिया खराब फॉर्म की जिम्मेदारी ली। उन्होंने इंस्टाग्राम पर सिंधु के साथ दो तस्वीरें शेयर कीं। इसके कैप्शन में लिखा- हैलो, आप सभी से बात किए हुए काफी समय हो गया है। मैं कुछ दिन पहले हैदराबाद वापस आया था। मैं उन सभी को धन्यवाद कहना चाहता हूं, जिन्होंने मेरे पिता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई। सच कहूं तो मेरे पिता की हालत अभी ठीक नहीं है। इसलिए मुझे भारत वापस आना भारी लग रहा था।पार्क ने लिखा- मैं पीवी सिंधु के साथ अपने संबंधों के बारे में बात करना चाहूंगा, जिसके बारे में कई लोगों ने पूछा है। उन्होंने हाल के कई मैचों में खराब मूव्स दिखाए हैं और एक कोच के रूप में इसके लिए मैं खुद को जिम्मेदार महसूस करता हूं।

इसलिए वह एक बदलाव चाहती थीं और उन्होंने कहा है कि वह एक नया कोच ढूंढ लेंगी। मैं उनके फैसले का सम्मान करता हूं। मुझे खेद है कि मैं अगले ओलंपिक तक उनके साथ नहीं रह सकता, लेकिन अब मैं उन्हें दूर से उनका समर्थन करने जा रहा हूं। मुझे उनके साथ बिताया गया हर पल याद रहेगा। मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं जो मुझे समर्थन और प्रोत्साहित करते रहे हैं।

## यूईएफए यूरोपा लीग : प्री क्वार्टरफाइनल का ड्रॉ जारी, जानें किससे होगा मैनचेस्टर यूनाइटेड-आर्सेनल और रोमा का मुकाबला



**नई दिल्ली।** यूईएफए यूरोपा लीग के प्री-क्वार्टरफाइनल मुकाबलों का ड्रॉ जारी हो गया है। इंग्लैंड के क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड का सामना स्पेन के क्लब रियल बेटिस से होगा। वहीं, इंग्लिश प्रीमियर लीग में शीर्ष पर काबिज आर्सेनल का मुकाबला पुर्तगाल के क्लब स्पोर्टिंग सीपी से होगा। छह बार यूरोपा लीग जीतने वाली सेविला की टीम फेनारबाचे से होगा।

स्विट्जरलैंड के न्योन स्थित यूईएफए के मुख्यालय में शुक्रवार (24 जनवरी) को ड्रॉ जारी किया गया। प्री-क्वार्टर फाइनल में भी दो लेग होंगे। दोनों टीमें अपने-अपने होमग्राउंड पर एक-दूसरे के खिलाफ एक-एक मैच खेलेंगी। दो मैचों के स्कोर को जोड़कर नतीजा निकलेगा। पहले लेग के मुकाबले नौ मार्च को खेले जाएंगे। उसके बाद दूसरा लेग 16 मार्च को आयोजित किया जाएगा।

ड्रॉ में 16 टीमों को शामिल किया गया। आठ यूरोपा लीग ग्रुप राउंड के विजेताओं को सीडेड (वरीयता प्राप्त) पॉट में रखा गया। वहीं, नॉकआउट राउंड प्ले-ऑफ से आगे बढ़ने वाली आठ टीमें अनसीडेड पॉट में थीं। एक ही एसोसिएशन के क्लब एक दूसरे के खिलाफ नहीं खेल सकते। प्री-क्वार्टरफाइनल में जीतने वाली आठ टीमें क्वार्टरफाइनल में खेलेंगी।

***किस टीम का किससे मुकाबला:***

यूनियन बर्लिन बनाम यूनियन सेंट गिलोइस
सेविला बनाम फेनारबाचे
युवेंटस बनाम फ्राइबर्ग
लेवरकुसेन बनाम फेरेनक्वारोस
स्पोर्टिंग सीपी बनाम आर्सेनल
मैनचेस्टर यूनाइटेड बनाम रियल बेटिस
रोमा बनाम रियल सोसिदाद
शाख्तार बनाम फेयेनोर्ड

***नॉकआउट राउंड प्लेऑफ में जीतने वाली टीमें***

नॉकआउट राउंड प्ले-ऑफ में सेविला ने पीएसवी को 3-2, युवेंटस ने नेन्ट्स को 4-1, स्पोर्टिंग ने मिडटिलैंड को 5-1 और लेवरकुसेन ने मोनाको को 5-5 की बराबरी के बाद पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराया। वहीं, यूनियन बर्लिन ने अजाक्स को 3-1, रोमा ने आरबी साल्जबर्ग को 2-1, शाख्तार डोनेत्स्क ने रेनेस को 3-3 की बराबरी के बाद पेनल्टी शूटआउट में 5-4 और मैनचेस्टर यूनाइटेड ने बार्सिलोना को 4-3 से हराया।

प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली 16 टीमों में सेविला, युवेंटस, आर्सेनल, मैनचेस्टर यूनाइटेड और रोमा खिताब जीतने की दावेदार हैं।

# काले चश्मे, आंसुओं का सैलाब....रनआउट को लेकर छलका हरमनप्रीत कौर का दर्द

**केपटाउन।** ऑस्ट्रेलिया से बीती रात आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में मनोबल तोड़ने वाली शिकस्त से निराश भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर नहीं जानती कि वह जीत के करीब पहुंचकर हार की ग्लानि से कब उबर पाएंगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल के दौरान दूसरा रन पूरा करने की कोशिश में हरमनप्रीत रन आउट हो गयीं। उनका बल्ला लॉक हो गया था और उनका असमय आउट होना खेल का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ जिससे टीम महज पांच रन से हार गयी। हरमनप्रीत बुखार और डिहाइड्रेशन (शरीर में पानी की कमी होना) के बावजूद इस नॉकआउट मैच में खेलने उतरीं और उन्होंने 34 गेंद में 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया था।



उन्होंने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, खुद पर काबू कर पाना बहुत मुश्किल है। नहीं जानती। लेकिन मैं अब भी 'हैंगओवर' में हूं। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान वह अपने आंसुओं को छुपाने के लिए काले चश्मे लगाये थीं। इस भारतीय टीम को कई मैचों में करीबी हार का सामना करना पड़ा है, टीम 2017 में इंग्लैंड से वनडे विश्व कप फाइनल गंवा बैठी थी और 2022 में बर्मिंघम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ राष्ट्रमंडल खेलों का फाइनल में भी उन्हें करीबी हार मिली थी। कप्तान के अलावा इस दर्द को कोई और नहीं जानता होगा।

मोगा की इस महिला क्रिकेटर ने कहा, नहीं पता कि यह कैसे हो रहा है। लेकिन इस हार के बाद जब हम ड्रेसिंग रूम में जायेंगे तो ही हमें पता चलेगा कि इसे भुलाने में कितने और दिन लगेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि हमने अच्छा क्रिकेट खेला। मैं सिर्फ इतना ही कह सकती हूं। हरमनप्रीत के आउट होने से पहले भारतीय कप्तान और जेमिमा रोड्रिग्स ने 41 गेंद में 69 रन की साझेदारी निभा ली थी लेकिन भारत की नंबर एक आल राउंडर मानी जाने वाली दीप्ति शर्मा एक बार फिर पावर हिटिंग कौशल दिखाने में असफल रही और उन्होंने 17 गेंद में 20 रन बनाये। इंग्लैंड की पुरूष टीम के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने हरमनप्रीत के रन आउट होने को स्कूल की बालिका जैसी गलती करार दिया।

इस पर भारतीय कप्तान ने पूछा, उन्होंने ऐसा कहा? अच्छा। मैं नहीं जानती। यह सोचने का तरीका है। मैं नहीं जानती। लेकिन कभी कभार ऐसा होता है। मैंने क्रिकेट में ऐसा होते हुए कई बार देखा है जब बल्लेबाज एक रन लेने जाता है और कभी कभार बल्ला अटक जाता है। लेकिन मैं कहूंगी कि हम आज दुर्भाग्यशाली रहे। उन्होंने कहा, अगर मैं आउट नहीं होती और अंत तक क्रीज पर रहती तो हम निश्चित रूप से एक ओवर पहले ही मैच खत्म कर चुके होते क्योंकि हम लय में थे।

कप्तान ने हालांकि हार के लिये दोषी व्यक्ति का नाम नहीं लिया लेकिन उनकी प्रतिक्रिया से साफ था कि जब वह अपने आउट होने के बाद जिम्मेदारी से और सकारात्मक बल्लेबाजी की बात कर रही थीं तो वह दीप्ति का ही जिक्र कर रही थीं। उन्होंने कहा, जब मैं आउट हुई, तो लय भारत से आस्ट्रेलिया के पास चली गयी। मुझे भी यही लगता है कि यह टर्निंग प्वाइंट था। यह निराशाजनक है क्योंकि हमें इस तरह से नहीं हारना चाहिए था। क्योंकि इतने करीब आकर हमें और जिम्मेदारी और सकारात्मक रवैये से बल्लेबाजी करनी चाहिए थी।

# गेंदबाज 'विलेन' नहीं, नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़ा बल्लेबाज ही तोड़ रहा नियम...एमसीसी ने दी चेतावनी

**लंदन।** मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) की विश्व क्रिकेट समिति ने कहा कि किसी भी गेंदबाज को नॉन स्ट्राइकर छोर पर रन चुराने के प्रयास में अपनी क्रीज पर आगे खड़े बल्लेबाज को 'रन आउट' करने के लिए 'विलेन' नहीं कहा जा सकता। विश्व क्रिकेट समिति (डब्ल्यूसीसी) ने सभी उम्र ग्रुप स्तर के क्रिकेट में इस तरीके से आउट होने के तरीके को सामान्य करने की कोशिश में यह बात कही। डब्ल्यूसीसी ने इस विवादास्पद मुद्दे पर 'संयम' बनाये रखने की भी बात कही क्योंकि कुछ पूर्व क्रिकेटर अब भी मानते हैं कि इस तरह बल्लेबाज को रन आउट करना खेल भावना के खिलाफ है जबकि आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) नियम बना चुका है कि इसे 'रन आउट' माना जाएगा। खेल के नियम बनाने वाली एमसीसी ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर एडम जम्पा के बिग बैश लीग मैच में नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़े टॉम रोजर्स को रन आउट करने का प्रयास की घटना के बाद नियम के शब्दों पर स्पष्टीकरण जारी किया था। इस स्पष्टीकरण में नियम 38.3 के शब्दों में बेहतर स्पष्टता प्रदान करने और गलतफहमियों को दूर करने के लिये बदलाव शामिल था। डब्ल्यूसीसी में कुमार संगकारा, सौरव गांगुली, जस्टिन लैंगर, एलिस्टेयर कुक जैसे खिलाड़ी हैं जिसके चेयरमैन माइक गैटिंग हैं। डब्ल्यूसीसी ने पिछले हफ्ते दुबई में आईसीसी मुख्यालय में बैठक की थी और अब वह खेल के सभी स्तरों (मनोरजंन के लिये क्रिकेट से लेकर एलीट स्तर तक) में इस नियम को स्वीकार करने के लिये शांत रहने की बात कर रही है क्योंकि नॉन स्ट्राइकर छोर पर क्रीज से आगे खड़े खिलाड़ी को रन आउट करना नियमों के अंतर्गत है। एमसीसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा, सबसे अहम कारक यही है कि इस तरह के आउट होने के तरीके पर एक सरल तरीके से सभी तरह के संदेह और विवादों को खत्म किया जा सकता है कि नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़ा खिलाड़ी नियमों का पालन करे और अपनी क्रीज के अंदर तब तक बना रहे जब तक गेंदबाज के हाथ से गेंद फेंकी नहीं जाये। इसके अनुसार, दुबई में चर्चा में यह मुद्दा भी सामने आया कि इस तरह आउट करने पर गेंदबाज की आलोचना की जाती है। समिति के सभी सदस्य एकमत थे कि जो बल्लेबाज खेल के नियमों को तोड़कर क्रीज पर अपनी जगह से आगे खड़ा रहता है, वही दोषी है। बयान में कहा गया, वे इस बात पर भी सहमत थे कि गेंदबाज को बल्लेबाज को कोई चेतावनी देने की आवश्यकता नहीं है जिससे पुष्टि होती है कि उनके पास नियम तोड़ने वाले बल्लेबाज को उसी समय आउट करने का अधिकार है। श्रीलंका के महान क्रिकेटर संगकारा ने कहा, यहां गेंदबाज 'विलेन' (खलनायक) नहीं है। प्रत्येक बल्लेबाज के पास विकल्प है कि वे अपनी क्रीज के अंदर रहें या फिर अगर वे आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं तो रन आउट किये जाने के जोखिम के लिये तैयार रहें। अगर वे अपनी क्रीज से बाहर रहते हैं तो वे ही नियमों को तोड़ रहे हैं।



## इंदौर टेस्ट नहीं खेलेंगे पैट कमिंस स्टीव स्मिथ करेंगे टीम का नेतृत्व

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने पारिवारिक आपात स्थिति के कारण भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट से हटने का फैसला किया है जिससे उप कप्तान स्टीव स्मिथ एक मार्च से इंदौर में शुरू होने वाले मुकाबले में टीम की अगुआई की जिम्मेदारी संभालेंगे। ऑस्ट्रेलिया को पिछले हफ्ते दूसरे टेस्ट में तीन दिन में छह विकेट से हार मिली थी जिसके बाद कमिंस स्वदेश लौट गये थे। 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' के अनुसार, पारिवारिक आपात स्थिति के कारण पैट कमिंस दूसरे टेस्ट के बाद आस्ट्रेलिया लौट गये थे और यह तेज गेंदबाज अगले हफ्ते तीसरे मैच के दौरान अपने घर पर ही रहेगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान की मां बीमार हैं और 'पैलिएटिव केयर' (प्रशामक उपचार) में हैं। उम्मीद है कि कमिंस तीसरे टेस्ट से पहले वापस आकर टीम से जुड़ जायेंगे लेकिन ऐसी भी संभावना हो सकती है कि वह चौथे टेस्ट में नहीं खेलें। कमिंस के टिम पेन से कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने के बाद 2021 में स्मिथ को उप कप्तान बनाया था और तब से वह टेस्ट में तीसरी दफा आस्ट्रेलिया का नेतृत्व करेंगे। दूसरे टेस्ट के बाद स्मिथ अपनी पत्नी के साथ दुबई गये थे और गुरुवार की शाम दिल्ली में ऑस्ट्रेलियाई टीम से जुड़े थे। वहीं आल राउंडर कैमरन ग्रीन तीसरा टेस्ट खेलने के लिये फिट हैं और उनके होल्कर स्टेडियम में तीसरे टेस्ट में खेलने की संभावना है। ग्रीन की ऊंगली में फ्रेक्चर था जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम का संयोजन पहले दो टेस्ट मैचों में बिगड़ गया था। ग्रीन की वापसी से आस्ट्रेलिया को दूसरा सीम गेंदबाजी विकल्प मिल जायेगा। कमिंस दिल्ली में एकमात्र तेज गेंदबाज थे। ग्रीन ने शुक्रवार को दिल्ली में पत्रकारों से कहा, जब आप आल राउंडर के तौर पर टीम में शामिल होंगे तो इससे आप शायद टीम के संतुलन में थोड़ी मदद कर सकते हो। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस मैच में चयनकर्ता कैसा चयन करते हैं। सीनियर तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के भी उपलब्ध होने की उम्मीद है और वह अंतिम एकादश में कमिंस की जगह ले सकते हैं।



# एमसीडीः दिल्ली की लड़ाई हाथापाई पर आई, आप और भाजपा पार्षदों के बीच फिर हुई मारपीट

## स्टैंडिंग कमेटी के छह सदस्यों के चुनाव होने के बाद वोटों की गिनती को लेकर घमासान मचा, बीजेपी पर मेयर के साथ मारपीट का आरोप, दोनों पार्टियों के पार्षदों के बीच जबरदस्त लात घूंसे चल गए।



**नई दिल्ली।** आप और भाजपा पार्षदों के बीच आज फिर सदन में मारपीट हुई। मेयर ने जैसे ही रिजल्ट एनाउंस करना शुरू किया भाजपा के पार्षद उनकी तरफ तेजी से बढ़े। मेयर का पुलिस ने सुरक्षित निकाला। दोनों पार्टियों के पार्षदों के बीच जबरदस्त लात घूंसे चल गए।

स्टैंडिंग कमेटी के छह सदस्यों के चुनाव होने के बाद वोटों की गिनती को लेकर घमासान मचा हुआ है। एक वोट इनवैलिड पाया गया। मेयर ने री-काउंटिंग का आदेश दिया।

पूर्व मेयर और मौजूदा भाजपा पार्षद कमलजीत शेहरावत का आरोप, मेयर शैली ओबरॉय दिल्ली चुनाव आयोग के कर्मचारियों और निगम सचिव कार्यालय के अधिकारियों की बात नहीं मान रहीं, जिन्होंने वोट काउंट किया है, मेयर अपनी चला रहीं, जबकि वोटों को लेकर उनको इस तरह फैसला सुनाने का कोई हक नहीं है।

अभी तक एक वोट इनवैलिड पाया गया है। इनवैलिड वोट को लेकर विवाद शुरू हुआ। भाजपा ने इनवैलिड वोट को काउंट करने की मांग की। मेयर ने कहा ऐसा नहीं किया जा सकता।

स्टैंडिंग कमेटी के छह सदस्यों के चुनाव में एक वोट के चक्कर में दिनभर का खेल बिगड़ गया है। चुनाव आयोग के कर्मचारियों और निगम सचिव कार्यालय के अधिकारियों ने वोटों की गिनती कर आप-भाजपा के पक्ष में तीन-तीन का निर्णय दिया है। लेकिन मेयर इस निर्णय पर हस्ताक्षर करने को तैयार नहीं हैं। मेयर ने एक वोट को इनवैलिड करार दिया है, भाजपा के पार्षद मेयर का निर्णय मानने को राजी नहीं हैं।

पूर्व मेयर और भाजपा की मौजूदा पार्षद कमलजीत शेहरावत का कहना है कि मेयर को चुनाव आयोग और निगम सचिव कार्यालय के कर्मचारियों का निर्णय मानना पड़ेगा। मेयर को कोई अधिकार नहीं है कि वह वोटों की गिनती करने वाले कर्मचारियों के निर्णय को बदलें।

***क्या है पूरा मामला?***

स्टैंडिंग कमेटी के छह सदस्यों का चुनाव सुबह करीब 11 बजे से शांतिपूर्ण तरीके से शुरू हुआ और करीब तीन बजे पूरा हो गया। करीब दस मिनट ब्रेक के बाद वोटों की गिनती शुरू हुई। दो घंटे बाद दिल्ली चुनाव आयोग कार्यालय से आए कर्मचारियों और निगम सचिव कार्यालय के कर्मचारियों ने नतीजे तैयार किए और मेयर के सामने पेश किया।

मेयर ने नतीजे पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। इसके बाद से ही सदन में हंगामा शुरू हो गया। भाजपा के पार्षद मेयर के इस निर्णय के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के पार्षद भी उनके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। हंगामा लगातार बढ़ता गया।

### लखनऊ में एलडीए ने मल्टीप्लेक्स समेत चार अवैध निर्माण किए सील

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया तो एक मल्टीप्लेक्स स्वीकृत मानक के विपरीत पाया। तीन अन्य निर्माण भी अवैध पाए। जो प्रवर्तन दल ने सील कर दिए। शुक्रवार को उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर जोन-2 में प्रर्वतन दल की टीमें पुलिस बल के साथ पहुंचीं। कानपुर रोड योजना पर कॉमर्शियल पॉकेट के भूखंड पर लगभग 14050 वर्गमीटर में मल्टीप्लेक्स का निर्माण होते पाया। जो बिल्डर अंशुल गोयल व अर्पित जैन द्वारा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत बनाया जा रहा था। किसी तरह के साक्ष्य न देने पर सील कर दिया। इसी तरह आशियाना थाना अंतर्गत एल्डिको प्रथम, रविखण्ड में चार हजार वर्गफिट क्षेत्रफल में विजय श्रीवास्तव द्वारा भवन के लिए बेसमेंट का निर्माण किया जा रहा था। जिसका मानचित्र स्वीकृत न होने पर सील कर दिया। इसके अलावा तीसरी कार्रवाई कानपुर रोड योजना के सेक्टर-जी में की गई। जहां, एसके वर्मा द्वारा 1250 वर्गफिट क्षेत्रफल में द्वितीय तल के निर्माण के लिए शटरिंग डाली जा रही थी।

## नोरा के पोज करने का तरीका देख ट्रोल ने कहा- मलाइका अरोड़ा को कॉपी क्यों...



**नई दिल्ली।** फिल्म एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा को मुंबई में स्पॉट किया गया। इस अवसर पर उन्होंने स्टाइलिश गॉगल पहन रखा था। इसके अलावा उन्होंने स्किन टाइट जींस और टीशर्ट पहन रखी थी। उनके कंधे पर लगा घाव भी नजर आ रहा था। हालांकि, वह चेहरे पर स्माइल बनाए हुए थी। नोरा फतेही की वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है। इसे फोटोग्राफर विरल भयानी ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसे 1 घंटे में आठ हजार के करीब लाइक्स मिले हैं। वहीं, इस पर डेढ़ सौ के करीब कमेंट किए गए हैं। वीडियो में नोरा फतेही को गाड़ी से उतरकर बिल्डिंग में जाते हुए देखा जा सकता है। उनके बाल खुले हुए हैं। हालांकि, इसे लेकर उन्हें काफी ट्रोल भी किया गया रहा है। एक ट्रोलर ने लिखा है, 'मलाइका को कॉपी क्यों करने लगी बहन जी।' वहीं एक ने लिखा है, 'नोरा भी नॉर्मल आप खूबसूरत हो। पोज करने का ड्रामा और ओवर स्टाइल आपको सूट नहीं करता।' एक ने लिखा है, 'कभी नॉर्मल इंसान की तरह चल लिया करो।' एक ने लिखा है, 'इसे लग रहा है यह सुपरस्टार है।' एक ने लिखा है, 'सुकेश सेकंड हैंड।' एक ने लिखा है, 'यह मलाइका जैसे क्यों चल रही है।' वहीं कई लोगों ने उनकी प्रशंसा भी की है। एक ने लिखा है, 'गजब यार।' वहीं, एक ने लिखा है, 'खूबसूरत।'

## खास खबर

### सीएम के बेटे से जान का खतरा होने के आरोप पर संजय राउत के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे श्रीकांत शिंदे से जान का खतरा होने के दावे पर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के खिलाफ राज्य के बीड जिले में मानहानि का मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शिवसेना की बीड जिला इकाई के प्रमुख द्वारा बृहस्पतिवार को दर्ज कराई गई एक शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि राउत के खिलाफ उनके आरोप के संबंध में दर्ज की गई यह दूसरी प्राथमिकी है। बुधवार रात ठाणे शहर के कपूरबावड़ी थाने में उनके (राउत) खिलाफ ऐसा ही एक मामला दर्ज किया गया था। अधिकारी ने बताया कि बीड शहर पुलिस थाने में दर्ज शिकायत के आधार पर राज्यसभा सदस्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

### पठान के साथ जो कुछ भी हुआ वह गलत था : आशा पारेख

**मुंबई।** सेंसर बोर्ड की पूर्व प्रमुख और दिग्गज सिने अभिनेत्री आशा पारेख ने शुक्रवार को कहा कि पठान फिल्म के रिलीज होने से पहले उसे लेकर जो कुछ हुआ वह गलत था। फिल्म के एक गाने बेशरम रंग में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने भगवा रंग की ड्रेस पहनी थी, जिसकी वजह से कुछ संगठनों की ओर से फिल्म को चुनौती का सामना करना पड़ा था। एबीपी आईडियाज ऑफ इंडिया 2023 समिट में 80 वर्षीय अभिनेत्री से ह्यपठानह्न विवाद पर प्रतिक्रिया देने का अनुरोध किया गया था। इसे एक विवादित प्रश्न करार देते हुये पारेख ने कहा, पहली बात यह कि जब विवाद पैदा हुआ उस वक्त पठान पर सेंसर नहीं लगा था और यह गाना यूट्यूब पर आ चुका था। उन्होंने कहा अगर आप सब (विरोध करने वाले) अपनी ओर से सेंसरशिप कर रहे हैं तो बोर्ड की क्या जरूरत है।

## नवाजुद्दीन सिद्दीकी के खिलाफ रेप का केसः एक्स वाइफ आलिया ने दर्ज कराया मामला

### रोते हुए कहा- बेरहम हाथों में नहीं दूंगी बच्चों की कस्टडी



**मुंबई।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी पर उनकी एक्स वाइफ आलिया ने रेप का केस दर्ज कराया है। आलिया ने शुक्रवाार को सोशल मीडिया पर लिखा, 'नवाज की बेरहम मां मेरे मासूम बच्चे को नाजायज बोलती है और ये घटिया आदमी चुप रहता है, वसोर्वा पुलिस स्टेशन में कल ही इसके खिलाफ रेप की शिकायत (प्रूफ के साथ) दर्ज कराई है। कुछ भी हो जाए, लेकिन इन बेरहम हाथों में अपने मासूम बच्चों को नहीं जाने दूंगी।'

***बच्चों का डायपर तक नहीं बदलने वाला उनकी कस्टडी मांग रहा***

आलिया ने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो भी शेयर किया है। इसमें वे रोते हुए कहती दिख रही हैं, 'नवाज बच्चों की कस्टडी चाहता है, लेकिन मैं आप लोगों से ये जानना चाहती हूं कि जिस आदमी को ये नहीं पता कि उसके बच्चे छोटे से बड़े कब हो गए। जिसे बच्चों का डायपर तक बदलना न आता हो, वो आज अपनी पावर का गलत इस्तेमाल करके मुझसे मेरे बच्चे छीनना चाहता है। आज ये सब करके वो अपने आप को महान बाप दिखाने की कोशिश कर रहा है।' आलिया ने नवाज पर निशाना साधते हुए कहा है कि जिस आदमी ने कभी अपने बच्चों के ऊपर ध्यान नहीं दिया, उन्हें कभी प्यार नहीं किया। वो आज उनकी कस्टडी मांग रहा है।

***नवाज ने फाइनेंशियली मुझे कमजोर करके रखा है..***

आलिया ने वीडियो में आगे कहा, 'अपने पैसे से तुम कितने भी लोगों को खरीद लो, पर मेरे बच्चों को मुझसे अलग नहीं कर सकते। तुम मुझे अपनी पत्नी नहीं मानते, जबकि मैंने तुम्हें हमेशा अपने पति की तरह स्वीकार किया है। हर डॉक्यूमेंट में मैंने तुम्हें अपना पति माना है, लेकिन तुमने मुझे धोखे में रखा। इस चीज को मेरे लिए बर्दाश्त करना मुश्किल है। मैंने अपनी लाइफ के महत्वपूर्ण 40 साल तुम्हारे साथ गुजारे हैं।

### सुरक्षा परिषद के वर्तमान ढांचे पर पुनर्विचार की आवश्यकता, भारत की बड़ी भूमिकाः लिज ट्रस

**मुंबई।** ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के वर्तमान ढांचे में पुनर्विचार की आवश्यकता पर बल दिया और इस वैश्विक संस्था में भारत की बड़ी भूमिका का समर्थन किया। एबीपी नेटवर्क के आइडियाज ऑफ इंडिया सम्मेलन को संबोधित करते हुए ट्रस ने यह भी कहा कि यूक्रेन को उत्तरी अमेरिका और यूरोपीय देशों के सैन्य संगठन उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का सदस्य बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हमें स्वतंत्रता और लोकतंत्र को लेकर भी आगे रहने की जरूरत है। चीन और रूस जैसे हमारे विरोधी अपने आर्थिक मॉडल को बढ़ावा देने में बहुत अच्छे हैं। वे गलत सूचना और प्रौद्योगिकी का उपयोग कर दुनिया से संवाद के सभी तरीकों को अपनाते हैं। ट्रस ने कहा, वे लोगों के सोचने के तरीके को प्रभावित करने के लिए आर्थिक जबरदस्ती की शक्ति का भी उपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते भारत की आवाज अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण होने जा रही है। ट्रस ने कहा कि वह भारत जैसे सहयोगियों के साथ अधिक व्यापार करने की बहुत बड़ी समर्थक हैं।

# जेल से बाहर आया अमृतपाल का साथी लवप्रीत तूफान, लगाए 'जो बोले सो निहाल' के नारे

## अब जाएगा स्वर्ण मंदिर, डीजीपी बोले-पालकी साहिब की आड़ में हमला किया गया



**चंडीगढ़।** वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह के साथी लवप्रीत तूफान को रिहा कर दिया गया है। जेल से बाहर आने के बाद तूफान और संगठन के बाकी लोगों ने बोले सो निहाल के नारे लगाए। अब वह अपने साथियों के साथ श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेकने जाएगा। इस दौरान लवप्रीत ने कहा कि उसके साथ कस्टडी में पुलिस की ओर से कोई बुरा व्यवहार नहीं किया गया।

इससे पहले एसएसपी ने कहा था कि तूफान ने सबूत पेश किए कि वह मौके पर मौजूद नहीं था। हमने इसे कोर्ट में जमा कर दिया है। अमृतपाल के साथी पप्पल प्रीत सिंह ने कहा कि अमृतपाल निजी लड़ाई नहीं लड़ रहा है, वह सिख कौम की लड़ाई लड़ रहा है उन्होंने कहा कि तूफान की रिहाई के बाद उनके सभी कार्यकर्ता श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेकने भी जाएंगे

शुक्रवार को डीजीपी गौरव यादव ने इस पूरे मामले में पत्रकारों से बात की। डीजीपी ने कहा कि उन्होंने स्थानीय पुलिस से संपर्क किया था और प्राथमिकी की सत्यता पर संदेह जताया था। उन्हें निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा था कि वे शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करना चाहते हैं। लोकतांत्रिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्ण विरोध की अनुमति दी गई। एसएसपी अमृतसर ग्रामीण ने बताया कि उन्हें आश्वासन दिया गया था कि प्रदर्शनकारी जहां रोका जाएगा, रुकेंगे। लेकिन उस दिन पुलिस पर हमला किया गया था, धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया गया था, पथराव किया गया था। हमला गुरु ग्रंथ साहिब और पालकी साहिब की आड़ में किया गया था, जिसमें 6 पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

वहीं वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह ने कहा कि खालिस्तान के हमारे उद्देश्य को बुराई और वर्जित के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इसे बौद्धिक दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए कि इसके भू-राजनीतिक लाभ क्या हो सकते हैं। यह एक विचारधारा है और विचारधारा कभी मरती नहीं है। हम दिल्ली से कुछ नहीं मांग रहे हैं।

***एसआईटी करेगी जांच***

वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल के साथियों पर दर्ज मामलों की जांच अब स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) करेगी। पुलिस के इस आश्वासन के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने थाने के बाहर धरना जारी रखा है। पंजाब पुलिस बार्डर जोन के आईजी मुनीष चावला और अमृतसर (ग्रामीण) के एसएसपी सतिंदर सिंह का कहना है कि वारिस पंजाब दे के प्रतिनिधियों के साथ पुलिस अधिकारियों की बैठक हो गई है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने धरना वापस लेने की बात मान ली और आश्वासन दिया कि कार्यकर्ता किसी भी तरह माहौल खराब नहीं करेंगे। पुलिस की ओर से कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जत्थेबंदी के कार्यकर्ता लवप्रीत सिंह उर्फ तूफान को शुक्रवार सुबह रिहा कर देगी।

## रूबैया सईद अपहरण मामले में कोर्ट में पेश हुआ यासीन मलिक, चश्मीद ने की पहचान



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) प्रमुख यासीन मलिक शुक्रवार को यहां एक विशेष अदालत के समक्ष वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश हुआ और एक प्रत्यक्षदर्शी ने 1989 में तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण में उसकी पहचान की। अभियोजन पक्ष ने कहा कि प्रत्यक्षदर्शी ने पुष्टि की कि वह रुबैया सईद के अपहरण के समय उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर गया था और उसने उस जगह और उससे जुड़े लोगों की पहचान की।

अभियोजन पक्ष ने इसे एक बड़ी सफलता करार दिया। मलिक वर्तमान में दिल्ली की तिहाड़ जेल में आतंकवाद वित्तपोषण के एक मामले में जेल की सजा काट रहा है। गृह मंत्रालय के उसके आवागमन को प्रतिबंधित करने वाले एक आदेश के कारण उसे भौतिक रूप से अदालत में पेश नहीं किया गया। वरिष्ठ लोक अभियोजक एस के भट ने संवाददाताओं से कहा, आज, रूबैया सईद अपहरण मामले के संबंध में टाडा अदालत के विशेष न्यायाधीश के साथ यासीन मलिक का मामला था। हमने दो प्रत्यक्षदर्शियो - नंबर 7 और नंबर 13 को तलब किया था। प्रत्यक्षदर्शी नंबर 13 अदालत में मौजूद था और प्रत्यक्षदर्शी नंबर 7 स्वास्थ्य कारणों से पेश नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्षदर्शी (13) का बयान दर्ज किया गया और इस दौरान मलिक वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से पेश हुआ। उन्होंने कहा कि मामले के अन्य आरोपी भी अदालत में मौजूद थे। भट ने कहा कि मलिक की पहचान वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से करने वाले प्रत्यक्षदर्शी गवाह ने एक अन्य आरोपी मोहम्मद जमान की भी अदालत में पहचान की।

## नासिर-जुनैद हत्याकांड...गौ-तस्करों को मारेंगे, जिंदा काटेंगे, हरियाणा पुलिस सुपर-डुपर, पूरी मदद करती है

### मोनू मानेसर के 2 वीडियो सामने आए



**जयपुर।** राजस्थान के 2 मुस्लिम युवकों नासिर-जुनैद हत्याकांड से चर्चा में आए गौरक्षक मोनू मानेसर के 2 वीडियो सामने आए हैं। पहले में वह गौ-तस्करों को मारने और जिंदा काटने की बात कर रहा है, जबकि दूसरे वीडियो में वह हरियाणा पुलिस की तारीफ में खूब कसीदे पढ़ते हुए पूरा सहयोग करने की बात कर रहा है। फिलहाल मोनू मानेसर हत्या का आरोप लगने के बाद से अंडरग्राउंड है। राजस्थान पुलिस की टीमें उसकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही हैं। वहीं हरियाणा पुलिस भी उसे गुरुग्राम में हुई फायरिंग के केस में तलाश कर रही है। मोनू मानेसर को हरियाणा पुलिस पटौदी फायरिंग केस और राजस्थान पुलिस जुनैद-नासिर हत्याकांड में तलाश कर रही है। मोनू मानेसर को हरियाणा पुलिस पटौदी फायरिंग केस और राजस्थान पुलिस जुनैद-नासिर हत्याकांड में तलाश कर रही है।

पहले वीडियो में मोनू के साथ खड़े एक व्यक्ति ने कहा कि मेवात एक तरह का मिनी पाकिस्तान है। ये आज से नहीं है, औरंगजेब के समय से हो रहा है। वहीं साथ खड़े मोनू ने इसी वीडियो में कहा कि हम रोज गाड़ियां पकड़ते हैं। कुछ कमियों की वजह से गाड़ियां छूट जाती हैं। हमारी शासन और प्रशासन से बात हुई। अब गाड़ियां नहीं छूटेंगी। अगर गाड़ियां नहीं छूटेंगी तो गौ-तस्करी नहीं होगी। एक सजा का प्रावधान भी सरकार की तरफ से किया गया है। उस पर हम पैरवी कर रहे है। हमें आचार्य आजाद जी के नेतृत्व में वकीलों की टीम मिली है।

वकीलों की टीम काम करेगी और उनको (गौ-तस्करों) हम छूटने नहीं देंगे और फिर गौ-तस्करी नहीं होगी। खुद पर पैसे लेकर गाड़ी छोड़ने के आरोप पर जवाब देते हुए मोनू मानेसर ने कहा कि हमें बड़ा दुख हो रहा है, लेकिन गौ-तस्करों को हम मारेंगे और जिंदा काटेंगे। उनका काम करेंगे। आरोप-प्रत्यारोप तो काम करने वालों पर लगते रहते है। उस पर हमें कोई दिक्कत नहीं है। हमें पता-हमारी आत्मा को पता, हमारे गुरुजनों और गौमाता को पता है। हमें किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि हम करते क्या हैं। हमारे साथ बहुत संगठन, समाजसेवी और जो भी जुड़े हैं, सभी लोग सक्षम हैं। हमारे पास सिर्फ कमी है तो सिर्फ हमारी गौ-माता की हत्या हो रही है, उसकी कमी है।

## नेहा राठौर के बाद व्यापारी अध्यक्ष का गाना वायरल, सरकार और प्रशासन पर साधा निशाना

### एसडीएम, थान प्रभारी समेत अन्य पर तंज भी कसा

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में लोक गायिका नेहा सिंह राठौर के बाद कानपुर के जाजमऊ व्यापारी अध्यक्ष गाना वायरल हो रहा है। व्यापारी अध्यक्ष ने अपने गाने से सरकार और प्रशासन का घेराव किया है। साथ ही, एसडीएम, थान प्रभारी समेत अन्य पर तंज भी कसा है। नेहा राठौर को नोटिस मिलने के बाद व्यापारी अध्यक्ष अखलाक अहमद ने वीडियो वायरल किया है, जो सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि अखलाक अहमद जाजमऊ निवासी समाजवादी पार्टी से जुड़ा हुआ है। साथ ही जाजमऊ व्यापार मंडल में भी शामिल है। पहले बीजेपी से जुड़ा था। राजा भैया का भी समर्थक है। यह जाजमऊ से पार्षद प्रत्याशी भी है। मामले में नेहा राठौर के समर्थन में सुर्खियां पाने के लिए इसे वीडियो वायरल किया है। बताया जा रहा है कि यह अक्सर वाह वाही लूटने के लिए प्रयासरत रहता है।



***मजलूमों की आवास उठइयो...पहुंचा के नोटिस मुंह दबइयो***

वायरल वीडियो में व्यापारी अध्यक्ष गाते दिख रहे हैं कि मजलूमों की आवास उठइयो...पहुंचा के नोटिस मुंह दबइयो। लोकतंत्र में आवाज उठाना...नेहा जी तुम न घबराना। दो लोगन की जानें गईं...क्या सरकार वापस करा देगी जान जी..क्या यही है राम राज जी।

उन्होंने आगे गाया है कि एसडीएम हो तो कुछ भी करइयो..कराइयो मनमानी। थाना प्रभारी और लेखपाल संग मिलकर ले ली दो जान ही। सरकार को देखत रहियो..करे न कोई मनमानी...आवाज उठाने वालों पर करे न कोई कार्रवाई।

# यूक्रेन युद्ध पर रूस के खिलाफ प्रस्ताव पारित, भारत ने बनाई दूरी, यूएन की शक्तियों पर कही ये बात

## यूक्रेन में न्यायोचित, स्थायी शांति की आवश्यकता को रेखांकित करने वाले प्रस्ताव से भारत ने बनाई दूरी



**नई दिल्ली।** रूस की तरफ से यूक्रेन में जारी हमलों के बीच भारतीय समयानुसार गुरुवार देर रात संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में एक प्रस्ताव पारित किया गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने यूक्रेन में व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति तक पहुंचने की आवश्यकता पर एक प्रस्ताव पारित किया।

भारत-चीन समेत 32 देशों ने बनाई दूरी 141 सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया जबकि सात ने इसका विरोध किया। वहीं, चीन और भारत सहित 32 सदस्य मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे। यूएनजीए ने एक गैर-बाध्यकारी प्रस्ताव पारित किया है। यह प्रस्ताव रूस से शत्रुता समाप्त करने और यूक्रेन से सैनिकों की वापसी का आह्वान करता है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों के अनुरूप यूक्रेन में जल्द से जल्द व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति हासिल करने की आवश्यकता को रेखांकित करने वाले एक प्रस्ताव पर यूएनजीए में मतदान के दौरान भारत अनुपस्थित रहा। 193-सदस्यीय महासभा ने यूक्रेन और उसके समर्थकों द्वारा प्रस्तावित मसौदा प्रस्ताव को अपनाया, जिसका शीर्षक था 'संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांत के अंतर्गत यूक्रेन में व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति का आधार'। प्रस्ताव में सदस्य राज्यों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों को चार्टर के अनुरूप यूक्रेन में व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति प्राप्त करने के लिए राजनयिक प्रयासों के समर्थन को दोगुना करने का आह्वान किया गया। यूक्रेन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर यूक्रेन की संप्रभुता, स्वतंत्रता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जो इसके समुद्री सीमा तक फैली हुई है। साथ ही अपनी मांग को दोहराया कि रूस जल्द से जल्द पूरी तरह से और बिना शर्त के अपने सभी सैन्य बलों को यूक्रेन के क्षेत्र से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर वापस ले और शत्रुता को समाप्त करने का आह्वान करे। रूस द्वारा 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से संयुक्त राष्ट्र के महासभा, सुरक्षा परिषद और मानवाधिकार परिषद में लाए गए कई प्रस्तावों में आक्रमण की निंदा की गई है और यूक्रेन की संप्रभुता, स्वतंत्रता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया है।

***भारत यूक्रेन की स्थिति को लेकर चिंतितः रुचिरा कंबोज***

वहीं, संयुक्त राष्ट्र में भारत की राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत यूक्रेन की स्थिति को लेकर चिंतित है। संघर्ष के कारण अनगिनत लोगों की जान चली गई और लाखों लोग बेघर हो गए हैं। नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमले गंभीर रूप से चिंता के कारण हैं। आज वठत्रह्न यूक्रेनी संघर्ष के एक वर्ष के रूप में चिह्नित है। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि हम खुद से कुछ प्रासंगिक प्रश्न पूछें कि क्या हम दोनों पक्षों को स्वीकार्य संभावित समाधान के करीब हैं, क्या कोई भी प्रक्रिया जिसमें दोनों पक्षों में से कोई भी शामिल नहीं है, कभी भी एक विश्वसनीय समाधान की ओर ले जा सकती है? क्या 1945 के विश्व निर्माण पर आधारित संयुक्त राष्ट्र प्रणाली और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए समकालीन चुनौतियों का समाधान करने के लिए अप्रभावी नहीं हो गए हैं? भारत संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का पालन करता है, हम हमेशा संवाद और कूटनीति को ही एकमात्र रास्ता मानते हैं।



बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने आज विधान परिषद की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। जदयू छोड़कर अपनी नई पार्टी राष्ट्रीय लोक जनता दल (रालोजद) बनाने वाले कुशवाहा ने शुक्रवार को बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर से मुलाकात की और उन्हें परिषद की सदस्यता से इस्तीफे का पत्र सौंप दिया।

जनसंदेश टाइम्स

# मनी मैटर्स

प्रयागराज, शनिवार, 25 फरवरी 2023



**सेंसेक्स**
141.87 अंक टूटकर 59,463.93 पर



**सोना**
80 रुपये की गिरावट के साथ 55,840 रुपये प्रति 10 ग्राम



# अडाणी ग्रुप के 10 शेयरों में से 8 में गिरावट: हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद से ग्रुप का मार्केट कैप 61.6% गिरा, सेंसेक्स 141 अंक गिरकर बंद

## 141.87 अंक टूटकर 59,463.93 पर

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में हफ्ते के पांचवें और आखिरी कारोबारी दिन, यानी शुक्रवार (24 फरवरी 23) को गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 141 अंक गिरकर 59,463 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 45 अंक टूटकर 17,465 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में गिरावट और 14 में तेजी रही।



अडाणी ग्रुप के 10 शेयरों में से 8 में गिरावट रही। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 5.11% गिरा। इसके अलावा अडाणी ट्रांसमिशन, पावर, टोटल गैस और ग्रीन एनर्जी में 5-5% की गिरावट रही। वहीं एनडीटीवी में 4.22%, अडाणी विल्मर में 2.22% और एसीसी में 0.032% की गिरावट देखने को मिली। सिर्फ अडाणी पोर्ट्स में 1.44% और अंबुजा सीमेंट में 2.26% की तेजी रही।

अडाणी एंटरप्राइजेज, हिंडाल्को, एम&एम, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, एलटी और आयशर मोटर्स समेत निफ्टी-50 के 26 शेयरों में गिरावट देखने को मिली। ओएनजीसी, अडाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, डिविस लैब, अपोलो हॉस्पिटल, कोल इंडिया और बजाज फिनसर्व समेत निफ्टी के 24 शेयरों में तेजी रही। एनएसइ के 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 10 में गिरावट देखने को मिली। मेटल सेक्टर में सबसे ज्यादा 3% की गिरावट रही। बैंक, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, आइटी, मीडिया, पीएसयू बैंक, प्राइवेट बैंक और रियल्टी सेक्टर में भी गिरावट देखने को मिली। सिर्फ फार्मा सेक्टर में मामूली तेजी रही।

***हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद से ग्रुप का मार्केट कैप 61.6% गिरा***

अडाणी ग्रुप को लेकर 24 जनवरी को हिंडरबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद से ग्रुप का मार्केट कैप 61.6% या 11.8 लाख करोड़ रुपए घटकर अब 7.4 लाख करोड़ रुपए हो गया है। हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि ग्रुप के सात शेयर 85% से जायादा ओवरवैल्यूड है। ग्रुप के शेयरों में अडाणी टोटल गैस का शेयर सबसे ज्यादा टूटा है। ये पिछले 21 सेशन में 20 सेशन में लोअर सर्किट पर बंद हुआ है। गुरुवार के 5% नुकसान के बाद, स्टॉक अब 25 जनवरी से अपने मूल्य का लगभग 80% खो चुका है।
24 जनवरी को इसका मार्केट कैप 4.3 लाख करोड़ रुपए था जो अब 87,242 करोड़ रुपए पर आ गया है। अडाणी ग्रीन एनर्जी और ट्रांसमिशन को करीब 73% का नुकसान हुआ है। अडाणी एंटरप्राइजेज, पिछले एक महीने में अपने मूल्य का लगभग 60% खो चुकी है। भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार (23 फरवरी 23) को गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 139 अंक गिरकर 59,605 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 30 अंकों की गिरावट रही। यह 17,523 के स्तर पर बंद हुआ। लगातार पांचवें दिन मार्केट में यह गिरावट आई थी। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में गिरावट और 13 में तेजी रही।

## बुलेट ट्रेन परियोजना के रास्ते से एससी ने हटाया बड़ा रोड़ा, गोदरेज एंड बॉयस की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बुलेट ट्रेन परियोजना को हरी झंडी दिखाते हुए गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कंपनी की ओर से यह याचिका बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ लगाई गई थी, जिसमें बुलेट ट्रेन परियोजना को हरी झंडी दिखाई गई और मुंबई के विकरोली क्षेत्र में अपनी जमीन के अधिग्रहण को अलग करने से इनकार कर दिया था। दरअसल, विकरोली क्षेत्र में गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी की जमीन थी। इस जमीन से ही बुलेट ट्रेन का रास्ता निकलना था, जिसके चलते सरकार ने जमीन का अधिग्रहण किया था। इस अधिग्रहण के खिलाफ कंपनी ने याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, यह परियोजना राष्ट्रीय महत्व की है।

***कंपनी ने की थी उचित मुआवजे की मांग***

गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी की ओर से यह याचिका नौ फरवरी, 2023 को दायर की गई थी। इसमें कंपनी ने भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन अधिनियम 2013 के तहत उचित मुआवजा की मांग की थी। कंपनी ने अधिनियम में उचित मुआवजे और पारदर्शिता के अधिकार की धारा 25 के पहले प्रावधान की संवैधानिकता को भी चुनौती दी थी।

### माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर ने की भारत की तारीफ

**लंदन।** माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स अगले हफ्ते भारत आ सकते हैं। अपनी इस यात्रा से पहले बिल गेट्स ने भारत को लेकर एक ब्लॉग लिखा है। जिसका टाइटल उन्होंने 'गेट्स नोट्स' रखा है। इस ब्लॉग में बिल गेट्स ने भारत की जमकर तारीफ की है। दुनिया के सबसे अमीर लोगों में से एक बिल गेट्स ने अपने ब्लॉग में लिखा कि एक देश के तौर पर भारत भविष्य की उम्मीद देता है।
भारत के पास इनोवेशन के एरिया में वर्ल्ड को लीड करने वाला विजन है, जो यह तय करता है कि जरूरत के हिसाब से दिक्कतों का सॉल्यूशन उसके लाखों नागरिकों तक पहुंच सके। भारत ने साबित कर दिया है कि वह बड़ी चुनौतियों से एक बार में निपट सकता है। बिल गेट्स ने आगे लिखा कि देश ने पोलियो का उन्मूलन किया, लक्ष्य ट्रांसमिशन को कम किया, गरीबी को कम किया, शिशु मृत्यु दर में कटौती की और स्वच्छता और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच बढ़ाई। इतना ही नहीं बिल गेट्स ने अपने इस ब्लॉग में जलवायु से संबंधित समस्याओं पर भी अपनी बात रखी।

## 2023 में 5100 केबिन क्रू-पायलटों की भर्ती करेगी एयर इंडिया, 36 विमानों को लीज पर लेने की भी योजना

### 2022 से फरवरी 2023 के बीच एयरलाइन ने 1,900 से अधिक केबिन क्रू नियुक्त किए

**मुंबई।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन एयर इंडिया अपने बेड़े और परिचालन का विस्तार कर रही है। इसी कड़ी में एयरलाइन ने इस साल 4,200 से ज्यादा केबिन क्रू और 900 पायलटों की नियुक्ति की योजना बनाई है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब विमानन कंपनी ने बोइंग और एयरबस से 470 विमान खरीद का ऑर्डर दिया है, जिसमें 70 बड़े आकार के विमान भी शामिल हैं।
एयर इंडिया का अधिग्रहण जनवरी 2022 में टाटा समूह द्वारा किया गया था। एयरलाइन ने 36 विमानों को पट्टे पर लेने की भी योजना बनाई है। उनमें से दो बी 777-200 एलआर पहले ही शामिल किए जा चुके हैं।
एयर इंडिया की ओर से शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि उसकी योजना 2023 में 4,200 नए केबिन क्रू ट्रेनी और 900 पायलटों को नियुक्त करने की है, क्योंकि एयरलाइन नए विमानों को शामिल कर रही है



और अपने घरेलू व अंतरराष्ट्रीय परिचालन में तेजी से विस्तार कर रही है।
मई 2022 से फरवरी 2023 के बीच एयरलाइन ने 1,900 से अधिक केबिन क्रू नियुक्त किए। विज्ञप्ति में कहा गया है, पिछले सात महीनों (जुलाई 2022 से जनवरी 2023 के बीच) में 1,000 से ज्यादा चालक दल के सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया है और पिछले तीन महीनों में एयरलाइन ने करीब 500 चालक दल के सदस्यों को उड़ान भरने के लिए रिलीज किया है।
एयर इंडिया में इनफ्लाइट सर्विसेज के हेड संदीप वर्मा ने कहा कि नई प्रतिभाओं के जुड़ने से एयरलाइन में सांस्कृतिक बदलाव की गति तेज होगी और एयरलाइन पायलटों और रखरखाव इंजीनियरों की भर्ती बढ़ाने पर भी विचार कर रही है।

### इस सरकारी बैंक ने किया बैंक एफडी की दरों में इजाफा

**नई दिल्ली।** सरकारी बैंक पंजाब एंड सिंध बैंक की ओर से दो करोड़ से कम की एफडी पर ब्याज दरों को बढ़ा दिया गया है। अब निवेशकों को 7 दिनों से लेकर 10 सालों तक की एफडी पर 2.80 से लेकर 6.25 प्रतिशत का ब्याज मिल रहा है। निवेशकों को अधिकतम ब्याज 601 दिनों की स्पेशल एफडी पर दिया जा रहा है, जिसमें सामान्य नागरिकों को 7.25 प्रतिशत, वरिष्ठ नागरिकों को 7.75 प्रतिशत और अति वरिष्ठ नागरिकों को 8.10 प्रतिशत का ब्याज दिया जा रहा है। पंजाब एंड सिंध बैंक की ओर से कई स्पेशल एफडी भी ऑफर की जा रही हैं। 300 दिनों की एफडी पर सामान्य निवेशकों को 5.25 प्रतिशत, वरिष्ठ नागरिकों को 5.75 प्रतिशत और अति वरिष्ठ नागरिकों को 6.10 प्रतिशत का ब्याज दिया जा रहा है। 601 की स्पेशल एफडी में सामान्य निवेशकों को 7.00 प्रतिशत, वरिष्ठ नागरिकों को 7.50 प्रतिशत और अति वरिष्ठ नागरिकों को 7.85 प्रतिशत का ब्याज दिया जा रहा है।

## बड़ी मंदी की उम्मीद कम, लेकिन चुनौतियां बरकरार...जी 20 बैठक में बोले शशिकांत दास

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर शशिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण में हाल के महीनों में सुधार हुआ है। यह बात उन्होंने जी-20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक के उद्घाटन सत्र में कही।



उन्होंने कहा, इस बात की उम्मीद की जा रही है दुनिया को एक बड़ी मंदी का सामना नहीं करना पड़ेगा। हालांकि विकास दर धीमी होगी और एक छोटी मंदी आएगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा, हमारे सामने अभी भी कई चुनौतियां बरकरार हैं। जिनमें क्लाइमेट चेंज, वित्तीय स्थिरता और ऋण संकट प्रमुख है। हमें इन खतरों से मिलकर निपटना होगा और समाधान निकालना होगा। उन्होंने कहा, हमें वैश्विक आर्थिक सहयोग के लिए मजबूत टिकाऊ पथ स्थापित करना होगा। दास ने कहा, जी 20 एक परिवर्तनकारी यात्रा के लिए तैयार है और हमारा यह प्रयास जी 20 में एक बहुपक्षीय मंच के रूप में एक अटूट विश्वास को लुभाने का होगा। इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सितारमन ने कहा कि जी 20 के तहत होने वाली चचाएं वैश्विक चुनौतियों का समाधान खोजने पर केंद्रित होंगी। यह जी20 देश की जरूरतों और परिस्थितियों का सम्मान करते हुए सदस्यों की पूरक ताकत का लाभ उठाकर दुनिया भर में जीवन को बदल सकता है।

### जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज के खिलाफ दिवालियेपन के कार्रवाई पर रोक

**नई दिल्ली।** नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल ने शुक्रवार (24 फरवरी) को जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज के खिलाफ इनसॉल्वेंसी प्रोसिडिंग्स (दिवालियेपन के लिए कार्रवाई) शुरू करने पर रोक लगा दी है। जी एंटरटेनमेंट के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर पुनीत गोयनका ने कंपनी के खिलाफ इनसॉल्वेंसी प्रोसिडिंग्स को चुनौती दी थी, जिसके बाद नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल ने यह कदम उठाया है।
नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के खिलाफ इनसॉल्वेंसी प्रोसिडिंग्स के लिए इंडसइंड बैंक की याचिका को बुधवार को स्वीकार कर लिया था। जी एंटरटेनमेंट के खिलाफ बैंकरप्सी प्रोसीडिंग्स शुरू करने की याचिका स्वीकार होने के एक दिन बाद कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर और उएड पुनीत गोयनका ने नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल से गुरुवार (23 फरवरी) को राहत के लिए गुहार लगाई थी।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.68 अरब डॉलर घटकर 561.26 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 5.681 अरब डॉलर घटकर 561.267 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने



शुक्रवार को यह जानकारी दी। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट हुई है। इससे पिछले सप्ताह मुद्रा भंडार 8.319 अरब डॉलर घटकर 566.948 अरब डॉलर रह गया था। इससे पहले अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। वैश्विक घटनाक्रमों के बीच केंद्रीय बैंक के रुपये की विनियम दर में तेज गिरावट को रोकने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग करने की वजह से बाद में इसमें गिरावट आई। डॉलर में अभिव्यक्त किये की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसे गैर-अमेरिकी मुद्राओं में आई घटबढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि स्वर्ण भंडार में लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट जारी रही और स्वर्ण भंडार का मूल्य आलोच्य सप्ताह में 1.045 अरब डॉलर घटकर 41.817 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 8.7 करोड़ डॉलर घटकर 18.267 अरब डॉलर रह गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में रखा देश का मुद्रा भंडार 3.4 करोड़ डॉलर घटकर 5.111 अरब डॉलर रह गया।

## एमजी ला रही है 2 दरवाजों वाली कॉम्पैक्ट इलेक्ट्रिक कार ! हैवी ट्रैफिक में बढ़ाएगी ड्राइविंग का मजा

**नई दिल्ली।** एमजी मोटर जल्द ही भारतीय बाजार में एक नई इलेक्ट्रिक कार को लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी ने पिछले साल ही खुलासा किया था कि वह भारतीय बाजार के लिए किफायती हैचबैक को लॉन्च कर सकती है। एमजी ने यह भी बताया था कि यह इलेक्ट्रिक कार चीन में बिकने वाली वुलिंग एयर ईवी पर आधारित होगी। हाल ही में एमजी की इसी इलेक्ट्रिक कार को भारत में टेस्टिंग के दौरान देखा गया है। कंपनी इसे भारत में चार सीटर इलेक्ट्रिक हैचबैक वर्जन में पेश कर सकती है। बता दें कि वुलिंग अपनी मिनी इलेक्ट्रिक कार एयर ईवी की बिक्री कुछ चुनिंदा दक्षिण एशियाई देशों में कर रही है।



हालांकि, इसे भारत में कुछ अलग नाम से लॉन्च किया जाएगा। कंपनी ने भारत आधारित कॉन्सेप्ट मॉडल का कोडनेम ई230 रखा था। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि टेस्टिंग मॉडल का डिजाइन वुलिंग एयर ईवी के जैसा है और कंपनी ने इसमें कोई बदलाव नहीं किया है। मौजूदा समय में भारत में बिक रही इलेक्ट्रिक कारों से तुलना करें तो, यह टाटा टियागो से छोटी और हाल ही में लॉन्च हुई पीएमवी ईएएस-ई माइक्रो इलेक्ट्रिक कार के समान होगी। दावा किया जा रहा है कि एमजी की इस नई इलेक्ट्रिक कार को दो बैटरी पैक के साथ लाया जा सकता है, जिसमें 17.3 केडब्ल्यूएच और 26.7 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक मॉडल शामिल होंगे। फुल चार्ज पर छोटे बैटरी पैक मॉडल की रेंज 200 किलोमीटर, जबकि बड़े बैटरी पैक मॉडल की रेंज 300 किलोमीटर होगी। दोनों मॉडलों में इलेक्ट्रिक मोटर को रियर एक्सेल में लगाया जाएगा और दोनों कारें 41 बीएचपी की पॉवर जनरेट करने में सक्षम होंगी। पिछले साल एमजी ने अपनी नई इलेक्ट्रिक कार को जनवरी 2023 में लॉन्च करने की घोषणा की थी। हालांकि, यह कार अभी अपने टेस्टिंग स्टेज में है जिस वजह से इसे लॉन्च होने में कुछ और समय लग सकता है। उम्मीद है कि एमजी की नई इलेक्ट्रिक कार इस साल की दूसरी छमाही में लॉन्च होगी।

## टाटा ने हैरियर और सफारी में एड किया एडीएएस :एक्सीडेंट से बचने के लिए ड्राइवर को पहले ही कर देता है अलर्ट



टाटा मोटर्स की गाड़ियां सेफ्टी के लिए जानी जाती हैं। कंपनी ने हाल ही में अपनी नेक्सॉन, हैरियर और सफारी का रेड डार्क एडिशन लॉन्च किया। हैरियर और सफारी में कंपनी ने नेक्स्ट लेवल सेफ्टी फीचर एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) एड किया है। इस फीचर को समझाने के लिए टाटा ने 3.41 मिनिट का एक वीडियो यू-ट्यूब पर शेयर किया है। वीडियो में एडास से जुड़े सभी फीचर जैसे फॉरवर्ड कोलिजन वार्निंग, रियर कोलिजन वार्निंग, ऑटोनमस इमरजेंसी ब्रेकिंग, ब्लाइंड स्पॉट डिटेक्शन, डोर ओपन अलर्ट, रियर क्रॉस ट्रैफिक अलर्ट, लेन डिपार्चर वॉर्निंग, लेन चेंज अलर्ट, हाई बीम असिस्ट और ट्रैफिक साइन रिकग्निशन के काम करने का तरीका बताया है। एडीएएस फीचर के लिए कार में फॉरवर्ड कोलिजन वार्निंग सेंसर लगे होते हैं, ये सेंसर गाड़ी को उसके आसपास का पता लगाने में मदद करते हैं और कुछ खतरा पास आने पर ऑटोमेटिक इंडीकेट करते हैं। फॉरवर्ड कोलिजन वार्निंग ड्राइवर को आगे चल रहे व्हीकल के करीब पहुंचे पर अलर्ट करता है कि आपकी कार की टक्कर हो सकती है। ये सेंसर दोनों व्हीकल के बीच की दूरी और उनकी स्पीड को कैलकुलेट करती है। इमरजेंसी ब्रेकिंग अलर्ट तब स्टार्ट होती है, जब सिस्टम चलते समय सामने किसी प्रॉब्लम को डिटेक्ट करता है। सामने कोई चलती हुई गाड़ी या कोई पैदल यात्री भी हो सकता है। ऐसा होने पर यह सिस्टम ड्राइवर के लिए एक ऑडियो अलर्ट ट्रिगर करता है। टक्कर से बचने के लिए यह व्हीकल को पूरी तरह रोकने में भी मदद करता है। लेन स्विच करते समय यह फीचर बहुत काम आता है। लेन स्विच करते समय यह फीचर ओआवीएम पर एक ऑडियो के साथ अलर्ट देता है। इससे ड्राइवर को किसी भी तरफ से आने वाले व्हीकल के बारे में पता चल जाता है। ये फीचर हाईवे पर अंधेरे में किसी भी गाड़ी के लिए काफी यूजफुल है। अपोजिट डायरेक्शन से आ रहे व्हीकल का पता चलने पर कार ऑटोमैटिक लो बीम पर स्विच हो जाती है, ताकि दूसरे ड्राइवर को देखने में परेशानी न हो। वाहन के गुजरते ही हेडलाइट वापस हाई बीम पर चली जाती है। यह सेंसर कार में बैठे लोगों को ऐसी स्थिति से बचने में मदद करता है, जहां डोर खोलने से आने वाले ट्रैफिक पर असर पड़ सकता है। अगर कोई वाहन से उतरने की कोशिश कर रहा है, तो अलार्म चालू हो जाता है। भीड़-भाड़ वाले पार्किंग प्लेस में वाहन पार्क करने का प्रयास करते समय यह एडीएएस फीचर आपके बहुत काम आता है।

## संक्षेप

### एयरटेल ने अपने स्टोर्स पर 5जी की शक्ति का अनुभव लेने के लिए ग्राहकों को आमंत्रित किया

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने देश में अपने सभी रिटेल स्टोर्स में 5जी एक्सपीरिएंस जोन बनाए हैं। इन विशेष रूप से तैयार किए गए जोन्स के माध्यम से, एयरटेल उपभोक्ताओं के लिए 5जी की शक्ति का प्रदर्शन कर रहा है, जिसमें इसकी धमाकेदार डेटा स्पीड और इमर्सिव वर्चुअल रियलिटी एंटरटेनमेंट, क्लाउड गेमिंग और अधिक जैसे उभरते उपयोग के मामले शामिल हैं। एक इंडस्ट्री लीडर के रूप में, एयरटेल ने ग्राहकों के लिए नई तकनीक को सरल बनाने और उन्हें 5जी के वास्तविक अंतर का अनुभव कराने का बीड़ा उठाया है। इन सभी 1000+ स्टोर्स में विशेष रूप से प्रशिक्षित अधिकारी होंगे जो न केवल उपयोग के मामलों का प्रदर्शन करेंगे बल्कि एयरटेल की अपनी पेशकश के साथ 5जी से संबंधित सभी सवालों के जवाब भी देंगे। एयरटेल देश में 5जी सेवा शुरू करने वाली पहली कंपनी है और आज इसकी सेवाएं 20 राज्यों में उपलब्ध हैं। कंपनी चरणबद्ध तरीके से अपनी सेवाएं शुरू कर रही है और देश में अपने नेटवर्क का निर्माण जारी रखे हुए है। मौजूदा डेटा प्लान 5जी पर काम करता है, इसके चलते 5जी इनेबल्ड डिवाइसेज वाले ग्राहक बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उच्च गति वाले एयरटेल 5जी प्लस नेटवर्क का आनंद ले सकेंगे, जब तक कि रोल आउट अधिक व्यापक नहीं हो जाता। एयरटेल ने अपने नेटवर्क पर तेज गति और सर्वश्रेष्ठ आवाज अनुभव प्रदान करने का वादा किया है, सेवाएं सभी 5जी स्मार्ट फोन पर काम करेंगी और पर्यावरण के अनुकूल होंगी। शाश्वत शर्मा, डायरेक्टर-कन्जयूमर बिजनेस, भारती एयरटेल ने कहा, ह्लएयरटेल में, हमारा मुख्य मार्गदर्शक सिद्धांत ग्राहकों की संतुष्टि है और इस पर हमारा सबसे अधिक ध्यान है। जैसे-जैसे हम अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं, हमने अपने ग्राहकों से उनकी जिज्ञासा और नई तकनीक का अनुभव करने की इच्छा के बारे में सुना है।

### आईआईएफएल ने सपना आपका लोन हमारा अभियान लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** रिटेल पर केंद्रित नॉन-बैंकिंग फाईनेंशल कंपनी, आईआईएफएल फाईनेंस ने ह्यसपना आपका लोन हमारा कैम्पेनह्न लॉन्च किया है। पूरे भारत में मार्केटिंग के प्रसार के लिए इस कैम्पेन में लोकप्रिय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को पेश किया गया है। इस कैम्पेन द्वारा आईआईएफएल का उद्देश्य अगले छः महीनों में अपनी प्रस्तुतियाँ लेकर 350 मिलियन से ज्यादा ग्राहकों तक पहुँचना और गोल्ड लोन, होम लोन, बिजनेस लोन, तथा माईक्रोफाईनेंस लोन के सेगमेंट्स में अपनी नेतृत्वकारी स्थिति को मजबूत बनाना है। यह विशाल देशव्यापी कैम्पेन टीवी, डिजिटल, सिनेमा, रेडियो, और प्रिंट मीडिया आदि में चल रहा है। इस कैम्पेन का उद्देश्य बैंकिंग सुविधाओं से वंचित और बैंकिंग सेवाओं की कमी वाले ग्राहकों तक पहुँचना है, जिनकी क्रेडिट की जरूरतें बढ़ रही हैं। आईआईएफएल फाईनेंस 8 मिलियन से ज्यादा ग्राहकों को सेवाएं देता है। मानव वर्मा, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, आईआईएफएल ने कहा, हम भारतीय अर्थव्यवस्था चलाने में छोटे उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका में विश्वास करते हैं। उन्हें सही समय पर क्रेडिट दिए जाने की जरूरत है, जिसे आईआईएफएल फाईनेंस सबसे अच्छी तरह समझता है। सीधी बात या स्ट्रेट टॉक हमारे सभी व्यवसायिक सौदों और ब्रांड के सिद्धांत की मुख्य अवधारणा है। ब्रांड कैम्पेन सपना आपका, लोन हमारा लाखों छोटे उद्यमियों और व्यक्तिगत उधारकताओं का पसंदीदा लोन प्रदाता बनने और उन्हें अपने सपने पूरे करने में मदद करने के हमारे उद्देश्य को प्रदर्शित करता है।

### गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस ने फिजिकल सिक्योरिटी प्रोडक्ट्स की रेंज का किया विस्तार

**नई दिल्ली।** गोदरेज समूह की प्रमुख कंपनी और गोदरेज एंड बॉयस की एक इकाई गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस ने आज अपने इवेंट सिक्योर स्पेसेस 4.0 में अपने नवीनतम इनोवेशन स्मार्टफॉग और एक्यूगोल्ड लॉन्च किए। स्मार्टफॉग एक शक्तिशाली फॉगिंग सुरक्षा प्रणाली है जो अपने ट्रैक में घुसपैठियों को रोकने में सक्षम है, जबकि एक्यूगोल्ड गहनों को नुकसान पहुंचाए बिना उच्चतम सटीकता के साथ सोने की शुद्धता निर्धारित करने के लिए सुसज्जित है। ये दोनों इनोवेशन फिजिकल सिक्योरिटी प्रोडक्ट्स की अपनी रेंज को और अधिक ऊंचाई तक ले जाने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इस तरह ब्रांड संस्थागत सुरक्षा के क्षेत्र में अन्य कंपनियों की तुलना में अग्रणी के रूप में स्थापित होता है। गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस ऐसी तकनीक और उत्पादों के माध्यम से वित्तीय संस्थानों और आभूषण क्षेत्र की सुरक्षा तकीनीक को बदलने के लिए प्रयास कर रहा है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखाओं और ग्रामीण ग्राहकों को लक्षित करने वाले निजी बैंकों की बढ़ती उपस्थिति ने पूरे भारत में बैंकिंग कारोगार में तेजी से वृद्धि हुई है। इसके अलावा, सोने के आभूषण बनाने वाली इकाइयों में सोने और अन्य कीमती सामान यानी तिजोरियों और मजबूत कमरे के दरवाजों के भंडारण की भारी मांग है। इसके अलावा, अपराध दर में लगातार वृद्धि को देखते हुए जौहरियों के बीच उच्च श्रेणी की तिजोरियों और दरवाजों और तकनीकी रूप से उन्नत सुरक्षा प्रणालियों के संबंध में जागरूकता नजर आने लगी है।

### एनएसई इंडिसेस लिमिटेड ने लॉन्च किया देश का पहला म्युनिसिपल बॉण्ड इंडेक्स

**नई दिल्ली।** एनएसई की इंडेक्स सर्विसेज सहायक कंपनी एनएसई इंडिसेस लिमिटेड ने आज देश का पहला म्युनिसिपल बॉण्ड इंडेक्स निफ्टी इंडिया म्यूनिसिपल बॉण्ड इंडेक्स लॉन्च किया। बैंगलुरू में म्युनिसिपल डेट सिक्योरिटीज पर आज आयोजित वर्कशॉप में यह इंडेक्स लॉन्च किया गया। निफ्टी इंडिया म्युनिसिपल बॉण्ड इंडेक्स परिपक्वता के दौरान भारतीय नगर निगमों द्वारा जारी किए गए म्यूनिसिपल बॉण्ड की परफॉर्मेंस और उनकी निवेश संबंधी ग्रेड क्रेडिट रेटिंग को ट्रैक करता है। इंडेक्स में भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड के जारी किए गए म्यूनिसिपल बॉण्ड शामिल हैं और जो म्यूनिसिपल डेट सिक्योरिटीज रेगुलेशन, 2015 की लिस्टिंग में शामिल किए गए हैं। वर्तमान में, इंडेक्स में 10 जारीकताओं द्वारा जारी किए गए 28 म्यूनिसिपल बॉण्ड हैं, जिनकी क्रेडिट रेटिंग एए रेटिंग श्रेणी में है। सूचकांक घटकों को उनकी बकाया राशि के आधार पर भार दिया जाता है। सेबी इश्यू और म्यूनिसिपल डेट सिक्योरिटीज रेगुलेशंस की लिस्टिंग, 2015 के प्रभाव में आने और नीति निमार्ताओं द्वारा म्यूनिसिपल फाइनेंस पर नए सिरे से जोर दिए जाने के बाद भारतीय म्युनिसिपल बॉण्ड मार्केट में फिर से उछाल देखा गया है। पूंजी बाजार से धन जुटाना नगर निगमों को नई परियोजनाओं के लिए धन मुहैया कराने और नागरिक बुनियादी ढांचे में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित करता है। साथ ही इस तरह वे वित्तीय रूप से अनुशासित और शासन उन्मुख बनने के लिए भी प्रोत्साहित होते हैं। एनएसई इंडिसेज के सीईओ मुकेश अग्रवाल ने कहा, म्युनिसिपल बॉण्ड बाजार में भारत में विभिन्न नगर निगमों की उधार संबंधी आवश्यकताओं के लिए धन जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता है।

### श्रीलंका ने अदाणी समूह के निवेश को मंजूरी दी, मन्नार और पूनरिन पवन ऊर्जा संयंत्र को मिली हरी झंडी

**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर मचे बवाल के बीच अदाणी समूह के लिए राहतभरी खबर आई है। श्रीलंका के निवेश संवर्द्धन बोर्ड ने अदाणी समूह की दो नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। परियोजनाएं श्रीलंका के उत्तर और पूर्वी क्षेत्रों में लगाई जाएंगी। इन दोनों परियोजनाओं में कुल 44.2 करोड़ डॉलर का निवेश किया जाएगा। मन्नार के पवन ऊर्जा संयंत्र की क्षमता 250 मेगावॉट और पूनरिन स्थित संयंत्र 100 मेगावॉट क्षमता का होगा। जानकारी के मुताबिक, श्रीलंका निवेश बोर्ड ने मन्नार और पूनरिन में दो पवन ऊर्जा संयंत्रों की 44.2 करोड़ डॉलर के कुल निवेश के साथ स्थापना करने के लिए भारतीय कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को मंजूरी पत्र जारी किया है। इन संयंत्रों को दो साल में शुरू करने की योजना है, इन्हें राष्ट्रीय ग्रिड में 2025 में जोड़ा जाएगा। इससे रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

# तीसरी क्लास के छात्र नहीं सुना पाए पहाड़ा

**खस्ताहाली**

### शिक्षामित्र मिली अनुपस्थित मांगा गया स्पष्टीकरण, बीईओ ने स्कूलों का किया निरीक्षण



बच्चों से पहाड़ा सुनाने को कहते बीईओ

**गौराबादशाहपुर।** बीईओ धमार्पुर अरविंद यादव ने शुक्रवार को ब्लॉक क्षेत्र के पांच विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय किरतापुर, प्राथमिक विद्यालय रत्तीपुर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय करमही, पूर्व माध्यमिक विद्यालय किरतापुर व प्राथमिक विद्यालय रत्तीपुर का निरीक्षण करने पर वहां की व्यवस्थाएं सही पाई गई।

इसके पश्चात वे प्राथमिक विद्यालय करमही पर पहुंचे जहां पर शिक्षा मित्र नीलम प्रजापति बगैर किसी सूचना के अनुपस्थित मिली, जिस पर बीईओ ने उक्त अनुपस्थित शिक्षा मित्र के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करते हुए स्पष्टीकरण मांगा।

वही बीईओ अरविंद यादव ने इसी प्राथमिक विद्यालय करमही पर कक्षा तीन के छात्रों से जब पहाड़ा पूछा तो विद्यालय के छात्र पहाड़ा नहीं सुना पाए, जिस पर बीईओ अरविंद यादव ने विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका पर कड़ी नाराजगी जताते हुए एक सप्ताह के अंदर शिक्षा के स्तर में सुधार लाने का निर्देश दिया। वहीं पूर्व माध्यमिक विद्यालय किरतापुर में बेहतर शैक्षणिक वातावरण को देखकर विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका रंभा देवी से व्यक्त की।

# जिलाधिकारी ने एसपी संग किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**पंवारा।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के के साथ यूपी बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर होरिल राव इण्टर कालेज कुॅवरपुर परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कक्ष का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा- निर्देश भी दिए। कम्प्यूटर कक्ष के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रुम सील होने की जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि रुम सील करते समय हस्ताक्षर और दिनांक अवश्य लिखा जाये। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि ड्यूटी के दौरान सभी कार्मिको द्वारा आई कार्ड अवश्य लगाया जाना चाहिए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि सभी बच्चों की तलाशी अच्छे से की जाए।

बच्चों के लिए पेयजल की व्यवस्था होना चाहिए। उन्होंने कहा की विद्यार्थियो को किसी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम और एसपी

## संक्षेप

### स्वास्थ्य कर्मचारी का हृदयाघात से निधन

**खेतासराय।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी के सुपरवाइजर हरि महाशय यादव का गुरुवार की रात्रि दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह उसरबस्ती शाहगंज के निवासी थे। उनके निधन की खबर लगते ही पीएचसी के डाक्टर व कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रमेश चंद्रा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसमें डा. मसूद अहमद खान, डा. सुधाकर चौहान, डा. फिरदौस, डा. फैजान अहमद, अजय सिंह, राहुल यादव आदि उपास्थि रहे।

### गिद्ध पक्षी को देखने को लगी भीड़

**जफराबाद।** क्षेत्र के गजफ्फरपुर गांव में शुक्रवार की दोपहर को घायल अवस्था में एक विशाल पक्षी को देखकर गांव के बच्चे शोर मचाने लगे। लोगों की आवाज सुनकर गांव के बड़े लोग मौके पर पहुंच गए। वहां पर लोगों ने देखा कि लापता हो चुका गिद्ध पक्षी है। उसे हल्की चोट लगी थी। गांव के युवकों बंटी यादव तथा अन्य ने गिद्ध को पानी पिलाया। उसके बाद उसे थोड़ी दूर सुरक्षित स्थान पर रख कर मीडिया के माध्यम से वन विभाग के अधिकारियों को जानकारी दिया। गिद्ध मिलने की सूचना पर बच्चे तो छोड़िए बड़े भी देखने पहुंचने लगे। बच्चों के लिए यह आश्चर्य जनक रहा।

### अध्यापिका की मौत पर कॉलेज में शोकसभा

**जफराबाद।** क्षेत्र के राष्ट्रीय पब्लिक इंटर कालेज हुसेपुर में अध्यापिका की मौत पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया जिसमें उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। गजफ्फरपुर गांव निवासी संगीता यादव पत्नी स्वर्गीय राजबहादुर यादव उक्त कालेज में वर्षो से पढ़ाती थी। गुरुवार को उनको ब्रेन हैमरेज हो गया। उन्हें वाराणसी ले जाया गया जहां शुक्रवार को उनकी मौत हो गयी। मृतका की चार बेटियां तथा एक पुत्र है। सभी अभी अविवाहित है। प्रधानाचार्य विनय कुमार श्रीवास्तव ने उनके मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 मई को

**जौनपुर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी./सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय प्रशान्त कुमार ने अवगत कराया है कि उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त परिपेक्ष्य में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों निस्तारण हेतु 13 मई की राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

### विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के सिहौली चौराहे पर शुक्रवार की दोपहर विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजीव गुरुजी का जिला अध्यक्ष नौशाद के नेतृत्व में लगभग दर्जनभर कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर गर्म जोशी से किया स्वागत। गौरतलब हो कि विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजीव गुरुजी का गौराबादशाहपुर के चोरसंड गांव में मुस्लिम समुदाय के मिलन कार्यक्रम में जाना था जिससे उनका काफिला वाराणसी से मुडैला थानागद्दी, केराकत होते हुए जौनपुर के शीतला चौकियां धाम पर दर्शन कर कार्यक्रम स्थल जाना सुनिश्चित किया गया था जिसकी भनक होते ही कार्यकर्ताओं ने नौशाद के नेतृत्व इकट्ठा होकर सिहौली चौराहे पर उनका काफिला रोक कर स्वागत किया। इस अवसर पर फरहान अहमद, संतोष कुमार पूर्व प्रधान, महेंद्र सिंह, सर्वेश दीक्षित, खालिद, मुजम्मिल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### मान सरोवर पर स्थापित की गयी हनुमान जी की प्रतिमा

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के परौवां गांव में मान सरोवर पर मन्दिर बनवा कर बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित की गयी। परौवां गांव में मानसरोवर पर ग्राम प्रधान रामसरन की अध्यक्षता में विकास खंड कार्यालय के ग्राम रोजगार सेवक, ग्राम पंचायत अधिकारी, कार्यालय के लेखाकार, खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधानों व सभ्रान्त जनों द्वारा सहयोग कर हनुमान जी के मन्दिर का निर्माण करवाया गया। शुक्रवार को पंडितों द्वारा चार दिन से जागरण करके हनुमान जी के प्रतिमा को बैंड बाजे के साथ गांव का भ्रमण कराकर उस मन्दिर में स्थापना की गयी व भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लेखाकार रचित कपूर, हरिदयाल, लक्ष्मीकान्त विश्वकर्मा, रंजीत सिंह, कमलेश राय, डा. दयाशंकर यादव, श्याम नारायन विश्वकर्मा, गुड्डू चौहान, महेन्द्र आदि लोग उपस्थित रहे।

### भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**चंदवक।** क्षेत्र के रामगढ़ गांव में आदि गंगा गोमती के पावन तट पर स्थित पौराणिक स्थल भगवान श्री बाराह कोटि तीर्थ धाम परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के पूर्ण होने के पश्चात शुक्रवार को आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए दोपहर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा जिनमें महिलाओं की संख्या अधिकाधिक थीं। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आयोजक व श्री बाराह कोटि तीर्थ धाम के पुजारी पं. पंकज दास महाराज ने बताया कि लोक कल्याण के लिए नौ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया था जो प्रभु की कृपादृष्टि से सकुशल संपन्न हो गया। महायज्ञ व भंडारे के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

### हजरत इमाम हुसैन के जन्मदिन पर लगायी सबील

**जौनपुर।** हजरत मोहम्मद मुस्तफा (स.अ) के नवासे व हजरत अली (अ.स.) के पुत्र हजरत इमाम हुसैन के जन्मदिवस पर शुक्रवार को नगर में कई स्थानों पर शरबत की सबील, कोल्ड ड्रिंक्स, मिठाईयां व अन्य सामान लोगों में वितरित कर आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए हर्षोल्लास के साथ इमाम हुसैन का जन्मदिन मनाया। इसी क्रम में नगर के सिपाह चौराहे पर कैंप लगाकर हर राहगीरों को ठंडा पानी, शरबत, कोल्ड ड्रिंक, मिठाई, फल, वितरित किया गया। इस मौके पर लोगों ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने मानवता को बचाने के लिए अपना पूरा परिवार कुर्बान कर दिया था। आज उनका जन्मदिन हम लोग मना रहे हैं। ऐसे में उनके पैगाम को पूरी दुनिया तक पहुंचाने का मकसद हम लोगों का है जिससे कि आपसी भाईचारा व सौहार्द बना रहे। इस अवसर पर डा. कमर अब्बास, मजहर हैदर, जीशान हैदर, इरफान हैदर, इशरत अली, फैज अब्बास, अर्शी हैदर, महशर अब्बास, हसन अब्बास सहित तमाम अनुयायी उपस्थित रहे।

### प्रशासन आपके द्वार की भावना को, ग्राम चौपाल लगाकर किया गया साकार: डीएम

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में शुक्रवार को प्रत्येक विकासखंड के दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल (गॉव की समस्याए, गॉव में समाधान) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनसामान्य की शिकायतों व समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। सुरियावां विकास खंड के सियरहा एवं भोरी गाँव में नामित नोडल अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सूरियावॉ कमलजीत सिंह व विकास खण्ड अभोली में रामनगर एवं भौथर में उपायुक्त श्रम रोजगार, खण्ड विकास अधिकारी अभोली, विकास खण्ड ज्ञानपुर के सोबरी एवं कसिदहा में उपायुक्त स्वतः रोजगार, खण्ड विकास अधिकारी ज्ञानपुर, विकास खण्ड औराई के लसमणिया एवं लालानगर में नामित नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त एवं खण्ड विकास अधिकारी औराई, विकास खण्ड डीघ के बिहरोजपुर एवं बेरासपुर में जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी डीघ, विकास खण्ड भदोही के नगुआ व डुडवाधरमपुरी में समाज कल्याण अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी भदोही द्वारा ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण किया गया। डीएम ने बताया कि शासन के मंशानुरूप ग्राम चौपाल गॉव की समस्याए गॉव में समाधान कार्यक्रम का आयोजन समस्त विकास खण्डो के दो-दो ग्राम पंचायतों में सफलतापूर्वक किया गया।

# समर्पण दिवस के रूप में मनाई रविनंदन सहाय की पुण्यतिथि



**जौनपुर।** कायस्थ रत्न रविनंदन सहाय एक सफल उद्यमी, एक प्रसिद्ध समाजसेवी एवं कुशल संगठनकर्ता थे। वह देश विदेश के कई संस्थाओं से भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे। इनका पूरा परिवार समाज के लिए समर्पित रहा है, इनका जीवन अनुकरणीय है तथा हमे श्री सहाय के जीवन से प्रेरणा मिलती है। उपरोक्त बाते अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश महासचिव/जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने भूतपूर्व अध्यक्ष रविनंदन सहाय के पुण्यतिथि पर राजनीतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सरोज श्रीवास्तव के रूहट्टा स्थित आवास पर आयोजित पुष्पांजलि सभा कार्यक्रम में उपस्थित स्वजातीय बंधुओं को संबोधित करते हुए कही। संरक्षक आनंद मोहन ने कहा कि ₹कुछ इस तरह चल अजीज कारवां की तरह, गर तू न चल सके तो तेरी दास्तां चले कुछ इस तरह का जीवन रहा है पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष का। इस अवसर पर उपस्थित चित्रांश बंधुओं ने श्री सहाय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संरक्षक आनंद मोहन श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम रतन श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष जय आनंद, राजनीतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सरोज श्रीवास्तव, दयाशंकर निगम, धर्मपुत्र बाबा अशोक, राजेश श्रीवास्तव बच्चा भैया, पंकज श्रीवास्तव हैप्पी आदि चित्रांश बंधु उपस्तिथ रहे। संचालन महासचिव संजय अस्थाना ने किया।

# बालक हैण्डबॉल में जनापुरा-गड़उर में खिताबी भिड़ंत

**खेलकूद**

### 100 मीटर रेस बालक में रवि यादव, बालिका में कोमल यादव ने मारी बाजी

जनसंदेश न्यूज



**करंजाकला।** खेल निदेशालय उ.प्र. लखनऊ के निर्देश के अनुपालन में पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जूनियर बालक/बालिका एथलेटिक्स एवं जूनियर बालक हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर कराया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्यामबाबू यादव को बुके प्रदान कर उप क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह द्वारा स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि कृष्ण कुमार यादव, पूर्व चैम्पियन एथलीट द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि द्वारा 400 मी0 बालक रेस का शुभारम्भ क्लैपर बजाकर किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें व्यक्त किया गया। संचालन वॉलीबाल प्रशिक्षिका पूजा यादव ने किया गया।

हैण्डबाल जूनियर बालक वर्ग में कुल 8 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रथम सेमीफाइनल मैच राम उजागिर कॉन्वेंट स्कूल सैदपुर गड़ऊर व शिवबरन शिक्षण संस्थान सैदपुर गड़ऊर के मध्य खेला गया जिसमें शिवबरन शिक्षण संस्थान ने राम उजागिर कॉन्वेंट स्कूल को 6 अंकों के अन्तर से पराजित किया और दूसरा सेमीफाइनल पूर्व माध्यमिक विद्यालय जफरपुर तथा जनापुरा पनियरियां टीम के मध्य खेला गया जिसमें जनापुर पनियरियां की टीम ने पूर्व मा.वि. जफरपुर को 2 अंकों के अन्तर से पराजित किया। फाइनल मैच शिवबरन शिक्षण संस्थान सैदपुर गड़ऊर व जनापुर पनियरियां टीम के मध्य खेला गया जिसमें शिवबरन शिक्षण संस्थान के टीम ने अपने बेहतर खेल प्रदर्शन की बदौलत जनापुर पनियरिया की टीम को 4 अंकों के अन्तर से पराजित किया।

एथलेटिक्स बालक वर्ग 100 मी. रेस में रवि यादव प्रथम, विजय निषाद द्वितीय तथा सुमित यादव तृतीय, 200 मी रेस में शुभम यादव प्रथम, रवि यादव द्वितीय तथा अभिषेक राय तृतीय, 400 मी रेस में शुभम यादव प्रथम, विजय निषाद द्वितीय तथा उत्कर्ष रावत तृतीय, 800 मी रेस में शिव कुमार निषाद प्रथम, अजय कुमार द्वितीय तथा अभय कुमार चौहान तृतीय, 1500 मी रेस में सुनील गौतम प्रथम, शिवम यादव द्वितीय तथा पवन चौहान तृतीय, 3000 मी रेस में मनोज यादव प्रथम, श्रेयांश यादव द्वितीय तथा अर्जुन नागर तृतीय, लांग जम्प शिवम यादव प्रथम, विकास गुप्ता द्वितीय तथा दिपेश यादव तृतीय, ट्रिपल जम्प दीपक यादव प्रथम, अंकित यादव द्वितीय तथा विकास गुप्ता तृतीय, शाटपुट शुभम कनौजिया प्रथम, धीरज यादव द्वितीय तथा रीतेश यादव तृतीय, डिस्कश थ्रो धीरज यादव प्रथम, अभय सिंह पटेल द्वितीय तथा शुभम कनौजिया तृतीय, जैवलिन थ्रो अभय पटेल प्रथम, महफूज आलम द्वितीय तथा सिद्धार्थ तिवारी तृतीय स्थान पर रहे। एथलेटिक्स बालिका वर्ग 100 मी रेस में कोमल यादव प्रथम, दिव्यानी द्वितीय तथा नैन्सी यादव तृतीय, 200 मी रेस में कोमल यादव प्रथम, अंशिका यादव द्वितीय तथा नैन्सी यादव तृतीय, 400 मी रेस में आंचल यादव प्रथम, शिवांगी यादव द्वितीय तथा आयुषी यादव तृतीय, 800 मी रेस आंचल यादव प्रथम, आयुषी यादव द्वितीय तथा पूजा यादव तृतीय, 1500 मी रेस में शिवांगी यादव प्रथम, खुशी प्रजापति द्वितीय तथा ब्यूटी यादव तृतीय, 3000 मी रेस में स्नेहा पाल प्रथम, काजल उपाध्याय द्वितीय तथा खुशबू यादव तृतीय, लांग जम्प सोनाली चौहान प्रथम, खुशी प्रजापति द्वितीय तथा दिव्यानी तृतीय, ट्रिपल जम्प सेजल यादव प्रथम, स्नेहा पाल द्वितीय तथा खुशी यादव तृतीय, शाटपुट अर्पिता यादव प्रथम, सोनाली चौहान द्वितीय तथा पूजा तृतीय, डिस्कश थ्रो अर्पिता यादव प्रथम, शाहिन फातिमा द्वितीय तथा ब्यूटी यादव तृतीय, जैवलिन थ्रो शाहिन फातिमा प्रथम, खुशी यादव द्वितीय तथा सेजल यादव तृतीय स्थान पर रहे। यह जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा ने दी है।

# अब्दुल करीम शाह बाबा के रोजा उर्स पर मांगी दुआ

**सालाना उर्स**

### कव्वालों ने एक से बढ़ कर एक नातो मनकबत पेश कर लोगों को रात भर झूमने को विवश कर दिया



अब्दुल करीम शाह बाबा के आस्ताने पर दुआ करते अकीदतमंद

**भदोही।** मोहल्ला बौलिया, दुलमदासपुर, सरोई स्थित अब्दुल करीम शाह बाबा रह. का एक रोजा सालाना उर्स सकुशल गुरुवार को फातेहा के बाद सम्पन्न हुआ।

गुरुवार को बाद नमाज इशा लंगरे आम का आयोजन किया गया। लंगर में दूर दराज से आए लोगो ने शामिल होकर फायदा उठाया। वहीं देर रात महफिले शमा का आयोजन किया गया जो अल सुबह तक चलता रहा। इस बीच कव्वालों ने एक से बढ़ कर एक नातो मनकबत पेश किया। इससे पहले गुरुवार को बाद नमाज इशा अब्दुल बारी के मकान से गागर शरीफ व चादर उठा। गागर चादर शरीफ जुलूस हजरत अब्दुल करीम शाह बाबा रह. के आस्ताने पर पहुंच कर समाप्त हुआ।

गागर व चादर जुलूस में शामिल कव्वालों द्वारा अब्दुल करीम शाह बाबा रह.की शान में मनकबत पढ़ रहे थे तो वहीं मुरीदों ने कलामों को दोहराया। इसके बाद लंगरे आम का आयोजन हुआ, जहां सैकड़ों की संख्या में जायरीन पहुँच कर लंगर से फैजियाब होते रहे। वैसे सुबह से ही जायेरिनो का फातेहा पढ़ने के लिए दरगाह पर तांता लगा रहा लेकिन शाम के समय अकीदत मंदो का जनसैलाब उमड़ा। जहां लोगो ने फातेहा पढ़ा और दुआएं मांगी।

उर्स के मौके पर दरगाह शरीफ के पास शीरीनी चादर की दुकाने सजी रहीं। इस मौके पर हाफिज मोहम्मद इरफान अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, जियाउद्दीन अंसारी, सलाउद्दीन नेता, मो. हारून खान, इश्तियाक मिजार्पुरी, नसीम भाई, करीम अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

### अमृत महोत्सव को लेकर स्वच्छ जल, स्वच्छ मन का आयोजन कल

**भदोही।** संत निरंकारी मिशन द्वारा आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अवसर पर रविवार को अमृत परियोजना के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन का आयोजन किया गया है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण तथा इसके बचाव हेतु अपनायी जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाना व उन्हें क्रियान्वित रूप देना है। इस परियोजना का मुख्य बिंदू जल निकायों की स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच जागरूकता अभियान के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है। निरंकारी बाबा हर-देव सिंह के जन्मदिन के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत निरंकारी मिशन द्वारा निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा के निर्देशन में अमृत परियोजना का आयोजन किया जा रहा है। संत निरंकारी मिशन के राजेश कुमार (संयोजक) भदोही ने इस परियोजना संबंधित विस्तृत जानकारी दी कि यह परियोजना संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 1000 स्थानों के 730 शहरों, 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में सभी जगह एक साथ विशाल रूप से आयोजित की जायेगी जिसमे भदोही में गोपीगंज स्थित रामपुर गंगा घाट की 26 फरवरी को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक सफाई का कार्यक्रम चलेगा।

# पानी बंद होने से बढ़ी नागरिकों की परेशानी

**समस्या**

### प्रशिक्षित ऑपरेटरों की कमी का खामियाजा भुगत रही जनता

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद की वार्ड नंबर पांच में स्थित पेयजल सप्लाई हेतु सबसे बड़ी पानी की टंकी की मशीन आए दिन खराब रहती है। जिससे आप नागरिकों के समक्ष पेयजल की समस्या बनी रहती है।

नगर की सबसे बड़ी पानी की टंकी होने की वजह से नगर के एक दर्जन वार्डों में पानी सप्लाई होती है। जिसमे भागवतपुर, केड़वरिया, अंजही मोहाल, धैकरान, सदर मोहाल, पश्चिम मोहाल, डॉक्टर कालोनी आदि मोहल्लों में पानी की सप्लाई मिलती है। इस टंकी को भरने के लिए वार्ड नंबर एक में पांच नंबर ट्यूबेल लगाया गया था। जो 2014 से ही खराब हो गया लेकिन पता नहीं किन कारणों से उसको ठीक नही कराया गया, जो आज बंद हालत में पड़ा है। तीन नंबर की टंकी को एक पंप से भरा जाता है जो नगर के आठ वार्डो में सप्लाई देता है। इसके बंद होने से नागरिकों के समक्ष पेयजल की विकट समस्या खड़ी हो जाती है। नगर पालिका परिषद में प्रशिक्षित एक भी आपरेटर के नही होने से आए दिन समस्या खड़ी रहती है। इन वार्डो में जो हैंडपंप है वह भी निष्क्रिय है। जिससे नागरिकों को पानी लेने के लिए दूरदराज जाना पड़ता है।

बताया जाता है कि बृहस्पतिवार को मोटर से आवाज आने लगी ट्यूबेल पर कार्यरत कर्मचारी ने इसकी सूचना पालिका को दी और मोटर को बंद कर दिया गया। सूचना के दूसरे दिन शुक्रवार को अप्रशिक्षित कारीगर मोटर को देखने गए और पंप को खोलते समय पूरा पाइप नीचे चला गया जिसकी वजह से कार्य को रोकना पड़ा, वही उपस्थित लोगों ने बताया कि जब तक जल निगम का कोई कर्मचारी आकर इसको नहीं ठीक करेगा यह इसी हालत में पड़ा रहेगा।

## बच्चों से संवाद कर बीएसए ने परखी शिक्षा की गुणवत्ता

**ज्ञानपुर।** जनपद में शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त बनाये रखने के मद्देनजर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने डीघ विकास खंड में स्थित कम्पजित विद्यालय दरवासी एवं प्राथमिक विद्यालय दरवासी प्रथम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीएसए ने विद्यालय में बनाए जा रहे मध्यान भोजन का अवलोकन किया गया तथा कक्षा में बच्चों से भी वार्ता किया। शिक्षक की भूमिका में बीएसए ने कक्षा में बच्चों से संवाद भी किया गया तथा पढ़ाए जा रहे विषय के संबंध में जानकारी लिया तथा समस्त अध्यापकों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय सारणी के अनुसार ही कक्षा में शिक्षण कार्य कराया जाए तथा विद्यालय में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रधानाध्यक को निर्देशित किया गया की विद्यालय में बनाए जा रहे मध्यान भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु बनाए जा रहे भोजन बच्चों को वितरण से पूर्व चखने हेतु निर्देश दिया गया तथा समस्त रसोइयों को भी यह निर्देश दिया गया कि प्रत्येक दिन भोजन साफ सफाई मानव एवं मीनू के अनुसार बनाना सुनिश्चित करें।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# छापेमारी में बिजली विभाग ने दो लाख वसूले, 15 बकायेदारों के कनेक्शन काटे



**गोपीगंज।** नगरीय क्षेत्र में बिजली चोरों तथा बिजली बिल बकायेदारों के खिलाफ विद्युत उपखंड अधिकारी एसडीओ ईश्वरशरण सिंह के नेतृत्व में लगातार छापेमारी जारी है। शुक्रवार को कटियामारो में हड़कंप मचा रहा। लगातार कार्रवाई होने के बावजूद लोग कटिया लगाने, डायरेक्ट तार से बिजली जोड़ने तथा बाईपास के जरिए बिजली चोरी करने से बाज नहीं आ रहे।

विद्युत उपखंड अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार के दिन नगर के कबूतरनाथ, केडवरिया मोहाल में अवर अभियंता संत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने बिजली चोरों के खिलाफ छापेमारी करते हुए सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें 15 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए, 10 के घरेलू कनेक्शन को कॉमर्शियल किए गए वही लगभग दो लाख की वसूली की गई। कुछ लोगों ने बाईपास करके तथा कुछ लोगों ने डायरेक्ट कटिया लगा रखा था। कुछ लोगों ने रसूख दिखाने की कोशिश की। एसडीओ ईश्वरशरण सिंह और जेई संत कुमार गुप्ता के आगे किसी की एक ना चली। एसडीओ ने बताया कि कार्रवाई लगातार क्षेत्र में होती रहेगी साथ ही साथ बकाया वसूली का भी कार्य तेजी से किया जा रहा है। साथ में विनोद शुक्ला, कमलेश सिंह, विनोद शुक्ला, अफसर खान, विश्राम विन्द, अभिषेख, लालबहादुर मौर्या, अयोध्या पाल, लाल बहादुर बिंद समेत कर्मचारी रहे।

# प्राकृतिक खेती आज की आवश्यकता: सांसद



**भदोही।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित एक दिवसीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी शुक्रवार को सम्पन्न हुई। सांसद रमेश चंद बिंद के द्वारा किसान मेला व प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि प्राकृतिक खेती आज के समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं जिनके जरिए किसान अपनी आमदनी को दुगना कर सकता है।

आज विभिन्न विभागों के अधिकारी किसानों के पास जाकर अपनी तकनीक व योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कर रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने सरकार द्वारा किसानों के हित में किए गए कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. तुषार कांति बेहरा ने सब्जियों के विकसित प्रजातियों को अपनाकर अधिक लाभ लेने की सलाह दी। संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक कृषि प्रसार डॉक्टर नीरज सिंह ने कृषि विज्ञान केंद्र के गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए किसानों को प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर उप कृषि निदेशक डॉक्टर ए के सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार प्रजापति, अग्रणी बैंक प्रबंधक डॉ. पी के झा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशांक शेखर ने अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी किसानों के बीच प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. ए.के चतुवेर्दी ने उपस्थित अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन तथा कार्यक्रम का संचालन सर्वेश बरनवाल ने किया।


मंदिर में समय-समय पर होने वाले श्रृंगार का दृश्य

# काशी ने करवट नहीं ली, मोक्ष के लिए दी करवत

## नेपाली खपड़ा में जमीन तल से लगभग 25 फीट नीचे स्थापित हैं भगवान भीमेश्वर महादेव, यही स्थान था काशी करवत

## मणिकर्णिका घाट पर झुके हुए रत्नेश्वर महादेव मंदिर को स्थानीय लोग काशी करवट का नाम देकर चला रहे अपनी रोटी रोजी

## असली रत्नेश्वर महादेव मंदिर दारानगर में है, जिसे माता पार्वती के मायके वालों ने स्थापित किया

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

संस्कृति, सभ्यता और प्राचीन कथाओं की विरासत कहे जाने वाली काशी सिर्फ आध्यात्म की ही नगरी नहीं बल्कि अनगिनत रहस्यों को अपने में समाहित किये है, पुराणों में वर्णन हैं कि मोक्ष के लिए सप्तपुरियों में जानी जाने वाली काशी नगरी में हर स्थान पर मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती बल्कि इसके लिए एक स्थान चुना गया था और उसका नाम था काशी करवत, चौक से मणिकर्णिका घाट की ओर जाने वाली गली में एक स्थान है नेपाली खपड़ा इसी स्थान पर है काशी करवत, लेकिन काशी के कुछ तथाकथितों ने इस स्थान को भरमा कर मणिकर्णिका घाट स्थित रत्नेश्वर महादेव को काशी करवट की संज्ञा देकर बाहर से आने वाले तीर्थ यात्रियों को भ्रमित कर इस पवित्र स्थान (काशी करवत)का नाम धूमिल कर रहें हैं।

पुराणों में वर्णन मिलता है कि काशी करवत वह स्थान है जहां लोग मोक्ष की प्राप्ति के लिए आते थे, अब आज व परम्परा तो नहीं है लेकिन इस स्थान पर स्थित स्वयंभू भगवान भीमेश्वर महादेव का महंत परिवार की ओर से विधि विधान से पूजन किया जाता है, मंगला आरती के साथ ही भोग आरती व शयन आरती के साथ ही मंदिर को पट अगले दिन के लिए बंद कर दिया जाता है। मंदिर में नीचे गर्भ गृह में महंत परिवार के अलावा किसी भी जाना निषेद्य है। इसके भीमेश्वर महादेव के थोड़ा ऊपर पांडवों की ओर से स्थापित किये गये शिवलिंग भी हैं। पक्के महाल के नेपाली खपड़ा में स्थित भगवान भीमेश्वर महादेव को ही काशी करवत की संज्ञा दी गयी है।

## ऐसे पड़ा काशी करवत का नाम

चार सौ सालों से काशी करवत (भीमेश्वर महादेव) महंत की परम्परा निभाने वाले उपाध्याय परिवार के महंत पंडित गणेश शंकर उपाध्याय की यह लगभग 25 वीं पीढ़ी हैं बताया कि भीमा शंकर काशी में 12 ज्योतिलिंगों का उद्भव भी द्वापरकाल में ही हुआ है, काशी खंड में स्कंद पुराण के अंतर्गत इसका वर्णन है, राजा दीवोदास को मोक्ष प्राप्ति होने के बाद में भगवान शिव का काशी में पुनआगमन जब हुआ है, तो उत्सव में सभी देवी-देवता यहां आए, उसी समय द्वापरकाल में सप्त गोदावरी तीर्थ से भगवान भीमेश्वर काशी आए, इसी स्थान पर भीमा शंकर के पास ही राजा मोरंगध्वज ने करवत (एक प्रकार का आरा)से अपना प्राण दान किया, इसीलिए इस स्थान को काशी करवत नाम दिया गया। महंत पंडित गणेश शंकर उपाध्याय बताते हैं कि पहली बात ये कि असल में ये काशी करवत है, करवट नहीं... उन्होंने बताया कि 'करवत हिंदी का शब्द है, उसका मतलब होता है आरा... लकड़ी काटने वाले यंत्र को आरा कहते हैं, काशी मोक्ष नगरी है, जिसके लिए लोग पहले अपना प्राण दान करते थे, हमारे यहां शास्त्रों में और पुराणों में वर्णन है कि पूरे भारत वर्ष में सात मोक्ष पुरी हैं। उन्होंने बताया कि 'अयोध्या, मथुरा, माया (हरिद्वार), काशी, कांची, अवंतिका (उज्जैन), द्वारकापुरी ये सात मोक्ष पुरी हैं, जहां लोग अलग-अलग तरीके से प्राण दान करते थे. जिसमें काशी की प्रधानता है. वो इसलिए क्योंकि काशी में जीव मात्र को भगवान शिव मोक्ष प्रदान करते हैं। पहले के समय में लोग काशी में निवास नहीं करते थे और भी मोक्ष पुरी में निवास के साधन नहीं होते थे, काशी में भी निवास का साधन नहीं था। गणेश शंकर उपाध्याय ने बताया कि ये मंदिर द्वापरकाल से है, जो आपने अभी नीचे दर्शन किया है उसी स्थान का नाम काशी करवत है। काशी में मोक्ष के लिए लोग प्राण दान करते थे, वह करवत की प्रथा द्वापरकाल से शुरू हुई है। मोरंग ध्वज कथा का वर्णन सत्य नारायण व्रत कथा में आया है, साधु नाम का जो वैश्य बनिया था सत्य नारायण व्रत कथा में, उसका पुनर्जन्म हुआ तो वो मोरंग ध्वज नाम का राजा हुआ. जो बहुत सत्यवादी राजा था। वह भगवान विष्णु का भक्त था, भगवान कृष्ण के परीक्षा लेने पर उसने अपने बच्चे का दाहिना अंग आरे से चीर करके भगवान कृष्ण को दान किया था. भक्तमाल की कथा में भी ये वर्णन आता है। भगवान कृष्ण प्रसन्न हुए मोरंग ध्वज को दर्शन दिया और बच्चे को भी पुनर्जीवित किया और राजा को आशीर्वाद दिया कि अब तुम्हारा जन्म नहीं हो तुमको मोक्ष मिले. ऐसे में मोक्ष की प्राप्ति के लिए मोरंग ध्वज उसी आरे को लेकर काशी आए और काशी में खुद को चीर करके प्राण दान किए. वह स्थान है, जिसे काशी करवत बोला जाता है। इस मंदिर में ये भीमा शंकर हैं।


काशी करवत का बाहरी भाग जो दर्शाता है इस मंदिर को


महंत पंडित गणेश शंकर उपाध्याय (भीमेश्वर महादवे मंदिर काशी करवत)


विमल मिश्रा भक्त


महेश उपाध्याय (महंत परिवार के सदस्य)

## जमीन तल से 25 फीट नीचे हैं भीमाशंकर

नेपाली खपड़ा स्थित जमीन तल से लगभग 25 फीट नीचे भीमेश्वर महादवे स्थापित हैं। जमीन तल से लगभग 50 सीढ़ियों से होकर इस मंदिर में जाया जाता है हालांकि अब आम लोगों को मंदिर के गर्भ गृह में जाना वर्जित है। सिर्फ महंत परिवार के लोग ही तीनों समय के आरती के लिए जाते हैं आम लोग उपर से ही बाबा को जल पुष्प अर्पण कर अपनीमनोकामनाएं कहते हैं। वर्ष भर इस मंदिर में उत्सव होता है, अनेकानेक पर्वो पर खास श्रृंगार किया जाता है।


इस चित्र से उल्लेख मिलता है इस स्थान पर करवत से मोक्ष की प्राप्ति का


काशी करवत मंदिर में भीमेश्वर महादेव का दर्शन करते भक्तगण

## भोग और मोक्ष के प्रदाता हैं भीमा शंकर

पंडित गणेश शंकर उपाध्याय ने बताया कि भीमा शंकर भोग और मोक्ष दोनों के प्रदाता हैं. ऐसा वर्णन किया गया है कि काशी खंड में इनके दर्शन करने मात्र से व्यक्ति के पाप नष्ट हो जाते हैं. ये जीवित रहते हुए भोग और मृत्यु के उपरांत मोक्ष के प्रदाता हैं. यह स्थान काशी में मोक्ष के लिए इतना प्रसिद्ध रहा है कि काशी मोक्ष नगरी और काशी का मोक्ष स्थल प्राण दान करने की जो विधि थी वो इस स्थान पर है।


### पांडवों ने शिवलिंग की स्थापना की थी

इस स्थान पर पांडवों ने भी शिवलिंग की स्थापन कर उपासना करते हुए ब्रह्महत्या पाप से मुक्त होने की प्रार्थना की ,और उन लोगों को ब्रह्महत्या के पाप से मुक्ति मिली।



## काशी का वैभव देख किया संकोच, बना दिया रत्नेश्वर महादेव

रत्नेश्वर महादेव मंदिर को भी लेकर भगवान आशुतोष की इस प्रिय नगरी काशी में बाहर से आने वाले तीर्थ यात्रियों को आज भी भ्रमित किया जाता है। जबकि पुराणों में वर्णन मिलता है कि आनंदकानन में दारुकावन भी था (जो अब दारानगर के रुप में है) भगवान आशुतोष जब राजा दिवोदास के बाद दोबार काशी आये तो उत्सव के लिए सभी देवी देवताओं को निमंत्रण दिया गया, यह निमंत्रण माता पार्वती के मायके हिमांचल में भी दिया गया। हिमांचल से माता पार्वती के भाई भी काशी के लिए चले बहन के घर खाली कैसे जाती इस कारण उन्होंने अनेको रत्नों को लेकर काशी के लिए चल दिये, काशी में आते ही काशी के वैभव को देख वह एक पल के लिए हैरत में पड़ गये अपने साथ लाए तमाम रत्न उन्हे इस वैभव के समक्ष दिखायी दिया, उन्हें कुछ समझ में नहीं आया उन्होंने अपने साथ लाए तमाम रत्नों को इसी स्थान पर रख दिया, उन रत्नों ने एक शिवलिंग का रुप ले लिया तभी से यह रत्नेश्वर महादेव के रुप में स्थापित हैं, दारानगर में स्थित भगवान रत्नेश्वर महादेव का मंदिर अति प्राचीन होने के साथ भगवाना रत्नेश्वर के द्वारा मुंह मांगा वरदान प्रदान करने वाला है।



## मणिकर्णिका घाट पर झुका मंदिर काशी करवत नहीं

काशी करवत यानि भीमेश्वर महादेव के महंत पंडित गणेश शंकर उपाध्याय बताते हैं कि महारानी अहिल्याबाई ने काशी में सिर्फ बाबा विश्वनाथ मंदिर की ही स्थापना नहीं कि बल्कि अन्य मंदिरों को भी स्थापित किया, इन्हीं में से एक है मणिकर्णिका घाट के बगल में तारकेश्वर महादेव, इस मंदिर की स्थापना के दौरान महारानी अहिल्याबाई की दासी रत्नाबाई के मन भी शिवलिंग की स्थापन की बात आयी, रत्नाबाई ने इस बात को महारानी अहिल्याबाई को बतायी, महारानी ने इसकी इजाजत दे दी और फिर रत्नाबाई ने भी मंदिर बनवाना शुरू कर दिया। उन्होंने इस मंदिर को मणिकर्णिका घाट के नीचले हिस्से में बनवाना शुरू कर दिया। जब मंदिर पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया तो दासी (रत्नाबाई) के मन में बात आयी कि महारानी द्वारा बनवाया गया मंदिर केबराबर में मेरे द्वारा बनावाया गया मंदिर नहीं है ऐसे में एक बार फिर दासी ने मंदिर के ऊपरी भाग से उसे ऊंचा उठाने का काम शुरू करवा दिया, अब चूंकि नींव उतनी मजबूत थी नहीं इसलिए उपर से पुनः बनवाने पर यह मंदिर एक ओर झुक गया, कहा जाता है कि नौ डिग्री तक यह मंदिर झुका हुआ है।

## 1800 सौ स्क्वायर फीट पर समझौता

महंत परिवार के महेश उपाध्याय बताते हैं कि विश्वनाथ कॉरिडोर बनने के दौरान कुछ मशीनों को कॉरिडोर तक लाने में परेशानी हो रही थी तो मंदिर प्रशासन के साथ उनके आवास के 1800 फीट के एक हिस्से को उस समझौते के साथ तोड़ने की उन लोगों ने इजाजत दी कि कॉरिडोर बनने के बाद उनका 1800 फीट वह जमीन दे दिया जाए लेकिन अभी तक वह जमीन भी नहीं मिली।

# सुर्खाब लगी पगड़ी में दिखेंगे बाबा


**तैयारी**

### तीन पीढ़ियों से नंदलाल अरोड़ा बना रहे हैं बाबा की पगड़ी

### रंगभरी एकादशी पर निकलेगी बाबा की रजत प्रतिमा की पालकी यात्रा

**वाराणसी।** सुर्खाब लगे राजसी पगड़ी पहन कर बाबा विश्वनाथ माता गौरा का गौना लेने के लिए निकलेंगे। रंगभरी एकादशी पर तीन मार्च को सायंकाल काशी विश्वनाथ मंदिर के महंत डा. कुलपति तिवारी के डेढ़ीनीम स्थित आवास से बाबा विश्वनाथ की रजत सिंहासन पर पालकी यात्रा निकलेगी। इस रजत सिंहासन में पुराधिपति महादेव संग गौरा व गजानन भी होंगे। इस राजशाही पगड़ी की साज-सज्जा नारियल बाजार चौक के नंदलाल अरोड़ा (केशवदास मुकुंद लाल गोटा वाले) ने किया है। वे बताते हैं कि बाबा विश्वनाथ की राजसी पगड़ी उनकी तीन पीढ़ियां लगातार बनाती चली आ रही है। इस पगड़ी में सुर्खाब का पंख, मोती की लड़ियां, कलंगी, कीमती नगीना लगा कर तैयार किया गया है। पगड़ी को पहले गयासुद्दीन सिलाई कर उसे तैयार करते हैं फिर बाद में नंदलाल अरोड़ा उसे सुर्खाब के पंख, मोती व नगीना लगा कर उसे अंतिम रूप देते हैं। यह सिलसिला विगत तीन पीढ़ियों से लगातार चला आ रहा है। इस पगड़ी में सिल्क जरी, व अन्य कपड़ों का प्रयोग किया गया है। इसको तैयार करने में एक पखवारे का समय लगा है। इस बार माता गौरा सोने की नथिया, मांगटीका और पटेरिया हार में भक्तों को दर्शन देंगी। इस बार भी रंगोत्सव पर काशी के अधिपति बाबा विश्वनाथ के गौने की बारात अनूठे अंदाज में निकलेगी। चांदी के राजसी सिंहासन पर बाबा जब गौना कराने निकलेंगे, तब विश्वनाथ गली अबीर-गुलाल की बौछार से सराबोर हो जाएगी। काशी विश्वनाथ मंदिर में रंगभरी एकादशी पर स्वर्णिम गर्भगृह में बाबा विश्वनाथ सपरिवार विराजेंगे। शिव की नगरी में हर त्योहार और पर्व बाबा विश्वनाथ की अनुमति से ही मनाया जाता है। बात जब रंगोत्सव की हो तो और जरूरी हो जाता है। काशीवासी औघड़दानी से अनुमति लेकर ही होली की तरंग में डूब जाते हैं। बाबा के मंदिर से लेकर काशी की गलियों में रंगों का यह उत्साह रंगभरी एकादशी से आरंभ होकर होली के बाद बुढ़वा मंगल तक चलता है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत डॉ. कुलपति तिवारी बताते हैं कि रंगभरी एकादशी पर ही रजत सिंहासन पर विराजमान होकर काशी विश्वनाथ मां पार्वती व प्रथमेश के साथ काशी की गलियों में निकलते हैं। शिवभक्त बाबा की अगवानी में काशी की गलियों में गुलाल की होली खेलते हैं। गौरा का गौना कराने जब काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ की रजत सिंहासन वाली डोली निकलती है तो आस्था का ओर-छोर नहीं रहता है। रजत सिंहासन वाली डोली पर जब बाबा सपरिवार सवार होकर निकलते हैं तो गलियां अबीर-गुलाल से सराबोर हो जाती हैं। गर्भगृह में महाआरती के बाद बाबा का श्रृंगार होता है।




बाबा विश्वनाथ की पगड़ी तैयार करने वाले नंदलाल अरोड़ा

# मथुरा के हर्बल गुलाल से काशी में होगी होली की शुरूआत

**शुभारंभ**

### कैदियों का तैयार किया गया गुलाल काशीपुराधिपति को होगा अर्पित

### काशी विश्वनाथ मंदिर के महंत डा. कुलपति तिवारी ने की है पहल


राधेश्याम कमल

**वाराणसी।** इस बार मथुरा के हर्बल गुलाल से काशी में होली की शुरूआत होगी। इसके लिए काशी विश्वनाथ मंदिर के महंत डा. कुलपति तिवारी ने पहल की है। विश्व प्रसिद्ध काशी की माता गौरा की पालकी यात्रा में रंगभरी एकादशी पर इस बार कैदियों द्वारा तैयार हर्बल गुलाल उड़ेगा। यह हर्बल गुलाल मथुरा से मंगाया जा रहा है। जो ईको फ्रेंडली के साथ- साथ त्वचा के लिए भी अनुकूल है। कारागारों में कौशल विकास मिशन के माध्यम से कैदियों को स्वावलंबी बनाया जा रहा है। मथुरा की जिला कारागार में जेल प्रशासन द्वारा कौशल विकास मिशन के तहत कैदियों को प्रशिक्षण दिलाकर गुलाल तैयार किया जा रहा है।

### आरारोट में सब्जी मिलाकर बन रहा गुलाल

काशी बाबा विश्वनाथ की पालकी यात्रा को और खास बनाने के लिए मथुरा जेल में बंद 6 कैदी खास गुलाल तैयार करने में जुटे हैं। जेल में अरारोट में सब्जियों को मिलाकर हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है। हर्बल गुलाल बनाने के लिए अरारोट में पालक को पीसकर उसमें से हरा रंग निकाल कर इसे तैयार किया जा रहा है। इसी तरह मेथी को पीसकर हल्का हरा रंग, चुकंदर को पीसकर लाल रंग, हल्दी पाउडर का प्रयोग कर पीला गुलाल तैयार किया जा रहा है। इसमें खुशबू बनी रहे इसके लिए इत्र मिलाया जा रहा है।

### यहां उड़ता है हजारों क्विंटल गुलाल

काशी विश्वनाथ मंदिर महंत डॉ कुलपति तिवारी ने बताया बाबा माता गौरा के गौना पर महंत आवास से निकले वाली पालकी पर हर साल हजारों क्विंटल गुलाल उड़ाया जाता है। इस बार मथुरा जेल के कैदियों द्वारा जो गुलाल बनाया जा रहा है उसे सामाजिक दृष्टिकोण से समाहित करने व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। जिससे वह जब भी जेल से रिहा होने पर वह समाज के बीच रहकर अच्छा व्यवहार कर सकें। महंत ने बताया मथुरा जेल में बन रहे गुलाल को लाने के लिए शिवांजलि के संयोजक संजीवरत्न मिश्र सहित दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मथुरा के जेल अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह से मिलकर रंगभरी एकादशी के पूर्व गुलाल लायेंगे।